फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 289, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00



प्रयागराज, बुधवार, 8 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर - तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए

अन्दर : ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम के कप्तान फिंच ने खेल को अलविदा कहा



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news







# 24 घंटे के अंदर 5 भूकंप के झटके

## 5000 से ज्यादा मौतें, तुर्किये के 10 राज्यों में 3 महीने के लिए इमरजेंसी

**जलजला**

**तुर्किये में 70 देशों ने मदद भेजने का किया ऐलान**



**नई दिल्ली।** तुर्किये और सीरिया में सोमवार सुबह 4 बजे आए भूकंप में मरने वालों की संख्या 5,151 हो गई है। हजारों लोग अभी भी लापता हैं। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैयप एर्दोआन ने 10 राज्यों में तीन महीने के लिए इमरजेंसी लगा दी है। यह इलाके भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। एर्दोआन ने बताया कि तुर्किये में 70 देशों ने मदद भेजने का ऐलान किया है। इधर, भारत ने भी तुर्किये को मदद भेजी है। इंडियन एयरफोर्स का सी-17 विमान 2 एनडीआरफ टीमों, डॉक्टरों और राहत सामग्री के साथ वहां पहुंच चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तुर्किये के हालात पर चिंता जाहिर की। मोदी मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक मोदी ने कहा, 'आज तुर्किये जिस हालात से गुजर रहा है, उसे मैं समझ सकता हूं। 2001 में भुज में जब भूकंप आया था, तब मैं मुख्यमंत्री था। मुझे पता है कि रेस्क्यू ऑपरेशन में क्या दिक्कतें आती हैं।' भुज में आए भूकंप में 16 हजार से ज्यादा लोगों की जान गई थी। घायलों का आंकड़ा 68 हजार से ज्यादा था।

**राहत और बचाव तेज**

- 13 फरवरी तक सभी स्कूल बंद रहेंगे
- सभी सार्वजनिक भवनों का इस्तेमाल पीड़ितों के लिए (उनके आश्रय के लिए) किया जाएगा।
- भूकंप प्रभावित इलाकों में 54,000 टेंट, 1,02,000 बेड भेजे गए
- क्षेत्र में बिजली का कोहराम मच गया है
- बचाव और मदद के लिए 70 देश और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठन आगे आए हैं
- अपने देश के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए मैं कह सकता हूं कि यह सबसे बड़ी आपदा है
- तीन महीने तक आपात स्थिति रहेगी
- हमने शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल के लिए 10,000 कंटेनर तैयार किए हैं। जिन्हें आपदा क्षेत्र भेजा गया है।

### भूकंप पर भावुक हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तुर्कि और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करते समय पीएम मोदी काफी भावुक हुए और गुजरात के भुज में 2001 में आए शक्तिशाली भूकंप को याद किया, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थीं। बजट सत्र की कार्यवाही से पहले भाजपा की संसदीय दल की बैठक बुलाई गई थी। बैठक को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने भुज में आए विनाशकारी भूकंप को याद कर उस समय चलाए गए राहत व बचाव कार्यों में उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। बता दें कि भुज में जब शक्तिशाली भूकंप आया था, तब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

# हत्या के दोषी गुड्डू को आजीवन कारावास

**फैसला**

**साढ़े 16 वर्ष पूर्व हुए ललई हत्याकांड का मामला**

**सोनभद्र।** साढ़े 16 वर्ष पूर्व हुए ललई हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी गुड्डू को उम्रकैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं तीन महिला आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। कोर्ट ने लापरवाही मानते हुए तत्कालीन ओबरा एसओ रहे दिवाकर सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का एसपी को आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली गांव निवासी राजबहादुर पुत्र ललई प्रसाद ने 17 अप्रैल 2006 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को दिए लिखित प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि 16 अप्रैल 2006 को शाम 4 बजे उसके पिता ललई प्रसाद को बिल्ली गजराजनगर निवासी गुड्डू, उसकी पत्नी, उसकी मां,उसका मामा व एक अन्य व्यक्ति ने लाठी, डंडे, सबल से मारा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी 17 अप्रैल 2006 को मौत हो गई। इसकी सूचना थाने में दी गई, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर गुड्डू पुत्र रामप्यारे समेत पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गुड्डू को उम्रकैद एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मामले में अदालत ने ओबरा पुलिस की लापरवाही मानते हुए तत्कालीन ओबरा एसओ रहे दिवाकर सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 304 क के तहत एफआईआर दर्ज कराने का आदेश एसपी को दिया है।

# महिला जज पूनम त्यागी की मौत

**दुखद**

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर कार ट्रक में घुसी**

**छुट्टी बिताने के बाद गाजियाबाद से कार से जा रही थीं मैनपुरी**

**गाजियाबाद।** मंगलवार की सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 65 के समीप मैनपुरी में तैनात जज पूनम त्यागी (एडीजे) मैनपुरी (46) की कार हादसे में मौत हो गई। दो दिन की छुट्टी बिताने के बाद पूनम त्यागी गाजियाबाद स्थित घर (गली न.1, मकान न. 71, राजननगर, मोदीनगर) से अपनी कार नंबर यूपी 14 ईयू, 8796 से मैनपुरी आ रही थीं। जब उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 65.700 माइल स्टोन के समीप पहुंची, तभी चालक को नींद आ गई। जिससे कार आगे जा रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। कार को सचिन पुत्र संतराम निवासी कस्तला थाना इंचोली जिला मेरठ चला रहा था। घायलों को पीजीआई सैफई भेजा, जहां



डॉक्टरों ने पूनम त्यागी को मृत घोषित कर दिया। क्षतिग्रस्त कार पुलिस चौकी उरावर पर खड़ी करा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पूनम के पति भी मेरठ न्यायालय में तैनात हैं।

## आफताब ने कबूला श्रद्धा का मर्डर

**नई दिल्ली।** श्रद्धा वालकर मर्डर केस में आरोपी आफताब पूनावाला ने कबूल कर लिया है कि उसने ही श्रद्धा का मर्डर किया था और बॉडी के टुकड़े-टुकड़े कर दिए थे। उसने श्रद्धा की पहचान छुपाने के लिए और भी कई काम किए थे ताकि किसी को पता ना चल सके कि शव श्रद्धा का है। आफताब ने कबूलनामे में यह बात भी स्वीकार की है कि उसने श्रद्धा की बॉडी के छोटे-छोटे टुकड़े करके उन्हें छतरपुर के पास महरौली के जंगलों में फेंक दिया था। इसके अलावा, वह लगातार श्रद्धा के इंस्टाग्राम को हैंडल करता रहा और एक्टिव रहा ताकि किसी को कोई शक ना हो और लोगों को लगे कि श्रद्धा जिंदा है, जबकि वह पहले ही उसकी हत्या कर चुका था। आज अपने कबूलनामे में उसने ये सारी बातें कबूल की हैं। उसने अपने कबूलनामे में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

# संसद में राहुल ने पीएम को घेरा

**अडानी मामला गर्म**

**लोकसभा स्पीकर ने टोका-नहीं चलेगी सदन में पोस्टरबाजी**

**लगाए कई आरोप, पूछा- देश जानना चाहता है पीएम से रिश्ता**

**लोकसभा में एक के बाद एक कर दी सवालों की बौछार**



नई दिल्ली। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोप उसकी पहले की तैयारियों से साफ नजर आ रहे थे। भारत जोड़ो यात्रा करके लौटे राहुल गांधी नए अंदाज में दिखे। उन्होंने गौतम अडानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट प्रकरण पर सरकार पर हमला बोला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर राहुल गांधी ने कहा कि कैसे हर बिजनेस में गौतम अडानी घुस जाते हैं? उन्होंने लोकसभा में सरकार से पूछा कि पीएम मोदी और अडानी के बीच क्या रिश्ता है? इस बीच सदन में हंगामा होने लगा तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला टोकते हुए बोले- सदन में पोस्टरबाजी नहीं। मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही सुबह शुरू होते ही दोपहर के लिए स्थगित हो गई थी। विपक्ष ने गौतम अडानी प्रकरण पर सरकार से जेपीसी जांच की मांग बरकरार रखी है। जिस पर सरकार ने मौन धारण किया है। दोपहर बाद शुरू हुई लोकसभा कार्यवाही में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू हुई। इसमें विपक्ष की तरफ से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में महंगाई पर बात क्यों नहीं हुई?

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि गौतम अडानी साल 2014 से पहले अमीर बिजनेस मैन की लिस्ट में 609 नंबर थे लेकिन, मोदी जी के पीएम बनने के बाद अचानक क्या जादू हुआ कि अडानी दूसरे नंबर पर पहुंच जाते है। मुझे यह समझ नहीं आता कि हर बिजनेस में गौतम अडानी कैसे घुस जाते हैं? मुझे सरकार से पीएम मोदी और अडानी के बीच रिश्ता समझना है। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाए और गौतम अडानी प्रकरण पर सीधे पीएम मोदी को घसीटा। इस पर बीजेपी के सांसदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बीजेपी सांसदों ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टोकते हुए कहा कि सदन में पोस्टरबाजी नहीं।

## राहुल ने बोला हमला तो रविशंकर का पलटवार

**नई दिल्ली।** संसद में मंगलवार को अडानी विवाद पर बहस के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मोदी सरकार पर हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा पलटवार किया है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने



राहुल गांधी को सावधान करते हुए कहा कि याद रखें, वह खुद, उनकी मां सोनिया गांधी और जीजा रॉबर्ट वाड्रा जमानत पर हैं। रविशंकर प्रसाद ने संसद में राहुल गांधी की ओर से मोदी सरकार पर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए उसकी निंदा की। उन्होंने राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड केस और अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला के बारे में पूछा कि इन मामले के बारे में उनका क्या कहना है? संसद के बाहर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पीएम मोदी के खिलाफ बेबुनियाद और शर्मनाक आरोप लगाए।

# पायलट के गढ़ में औवेसी की रैली कांग्रेस के अंदर बेचैनी बढ़ी

**टोंक।** राजस्थान में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचलें तेज हो रही है। राजस्थान में लगातार सभी दलों के बड़े नेताओं का आना जाना लगा हुआ हैं। इस क्रम में टोंक जिले में एआईएम आईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी 19 फरवरी को जनसभा को संबोधित करने वाले हैं।

ओवैसी यहां की जामा मस्जिद में लोगों के बीच नमाज भी अदा करने वाले हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी जमील कुरैशी ने इस संबंध में जानकारी दी है। पार्टी नेता का कहना है कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में 30 से 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। राजनीति पंडितों का कहना है कि



ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम राजस्थान में राजनीतिक जमीन तलाशने में जुटी है। ओवैसी खुद को मुसलमानों का हितैषी बताते हैं। इसके बाद उनकी कोशिश है कि ऐसी सीटों पर पार्टी को मजबूत बनाया जाए, जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। टोंक में ओवैसी का पहुंचना भी इसी मायने में देखा जा रहा है। उनकी पार्टी के प्रदेश प्रभारी का भी कहना है, कि पार्टी के 1 लाख से ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। हम सब उन सीटों पर काम कर रहे हैं, जहां से पार्टी को चुनाव लड़ना है। बता दें कि राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट टोंक सीट से विधायक है। इसके बाद कांग्रेस नेताओं में ओवैसी के आने से सियासी हलचल तेज है। ओवैसी की पार्टी यहां अल्पसंख्यक मतदाओं की की नब्ज टटोलेंगी। चूंकि मुस्लिम वोटर्स कांग्रेस के बड़े वोट बैंक के तौर पर देखे जाते हैं। इसके बाद इस राजनीतिक हलचल को लेकर प्रदेश में सियासी चर्चा तेज है।

## बजट में हर वर्ग के लिए कुछ ना कुछः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** एक फरवरी को पेश हुए बजट के बाद मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तमाम नेता शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले हर बजट में गरीबों का हित केंद्र में रहा है। इसके पहले लोकलुभावन बजट पेश करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पीएम मोदी को माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि कोई भी इस चुनावी बजट नहीं कह रहा है, हालांकि यह अगले लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी पूर्ण बजट था। मोदी ने कहा कि समग्र विकास और समाज के हर वर्ग के हितों ने इसके प्रस्तावों को संचालित किया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पीएम मोदी के भाषण का हवाला देकर कहा, यहां तक कि जो लोग वैचारिक रूप से भाजपा के विरोधी रहे हैं, उन्होंने भी बजट का स्वागत किया है। सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने पार्टी के साथी सांसदों को संबोधित करते हुए मुश्किल समय में बजट लाने के लिए अपनी सरकार के प्रयास की सराहना की। पीएम ने कहा कि बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। उन्होंने सभी सांसदों से बजट को लोगों तक ले जाने के लिए भी कहा।



## टीवी देखना जल्द महंगा होगा

**नई दिल्ली।** प्राप्त जानकारी के अनुसार डायरेक्ट टू होम और डीटीएच सर्विस जल्द ही महंगी होने वाली है। महंगाई की मार अब टेलीविजन देखने पर भी पड़ने वाली है। सूत्रों के अनुसार नया टैरिफ जल्द जारी कर दिया जायगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डीटीएच सर्विस की कीमत एक बार में नहीं बढ़ाई जाएगी। ऐसे किस्तों में क्रमशः बढ़ाकर 50 रुपए तक महंगा किया जाएगा। एफआईसीसीआई -इवाई- 2022 की रिपोर्ट के अनुसार अभी टेलीविजन देखने वाले औसतन ?223 प्रति माह खर्च करता है। रिपोर्ट के अनुसार इस बिल में 5 से 6 फीसदी की वृद्धि की जाना है। यह वृद्धि क्रमशः की जाएगी। आशंका है कि डीटीएच के दाम यदि एक साथ बढ़ाए गए, तो दर्शक ओटीपी प्लेटफार्म पर शिफ्ट हो सकते हैं।

# सांसद जोशी के बयान पर विपक्षी सांसदों का हंगामा

**लोकसभा**

**विपक्ष का आरोप, सती जैसी कुप्रथा का किया था समर्थन**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष का आरोप था कि भाजपा सांसद चंद्रप्रकाश जोशी ने सती जैसी कुप्रथा का समर्थन किया है। इसका विरोध जताकर विपक्षी सदस्य सदन के वेल तक पहुंच गए। तेज विरोध के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कुछ समय के लिए सदन को स्थगित कर दिया। इसके बाद रिकॉर्ड्स चेक किए गए। जोशी राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से सांसद हैं। जोशी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस की शुरूआत की थी। इस दौरान उन्होंने मेवाड़ की रानी पद्मावती का जिक्र किया था। रानी पद्मावती के बारे में माना



जाता है कि उन्होंने आक्रमणकारी अलाउद्दीन खिलजी से सम्मान की रक्षा के लिए आत्मदाह कर लिया था। विपक्षी सांसदों एनसीपी से सुप्रिया सुले, डीएमके से कनिमोझी, दयानिधि मारन और ए राजा, कांग्रेस से के मुरलीधरन व एआईएमआईएम से इम्तियाज जलील ने इसका जमकर विरोध किया। उनका कहना था कि सांसद जोशी ने सती जैसी कुप्रथा का महिमामंडन किया है।

# अंतर्कलह से परेशान, कांग्रेस को फिर नुकसान

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र में एमएलसी की एक सीट गंवाई

**सियासत**

**कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने इस्तीफा दिया**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के एमएलसी चुनाव में नासिक सीट से कांग्रेस के ही नेता रहे सत्यजीत तांबे ने टिकट न मिलने पर निर्दलीय पर्चा दाखिल किया था। इसके बाद नतीजा आया तब वह महाविकास अघाड़ी उम्मीदवार को हराकर बड़े अंतर से जीते। इसतरह कांग्रेस ने टिकट बंटवारे में गलती करके एमएलसी की एक सीट खो दी। इतना ही नहीं पार्टी में इस लेकर कलह इतनी तेज हो गई है कि दिग्गज नेता बालासाहेब थोराट ने इस्तीफा दे दिया है। तांबे उनके भतीजे ही हैं, इस लेकर वहां प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले से नाराज चल रहे हैं। पटोले को अध्यक्ष पद से हटाने की मांग करते हुए थोराट ने मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी भी लिखी थी।

थोराट पहले भी नाराज रहे हैं। उनका कहना रहा है कि पार्टी में राज्य में क्या फैसले लिए जाते हैं। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं मिलती। कांग्रेस में यह कलह उस वक्त में हुई, जब 2024 के लोकसभा चुनाव दूर नहीं हैं। महाराष्ट्र में एनसीपी, शिवसेना के साथ कांग्रेस की एकता का फायदा मिलने की उम्मीद है। लेकिन जिस तरह कांग्रेस आपसी कलह में उलझी है, उससे यह संभावना कमजोर होती दिख रही है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के पास सुशील कुमार शिंदे, पृथ्वीराज चव्हाण, अशोक चव्हाण कई सीनियर नेता मौजूद हैं। लेकिन कलह के चलते पार्टी यहां सालों से कमजोर है।

एक दौर था जब एनसीपी के साथ कांग्रेस सीनियर पार्टनर हुआ करती थी, लेकिन अब वह महाविकास अघाड़ी में



सबसे छोटी साझीदार के रूप में दिखती है। हाल ही में महाराष्ट्र से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुजरी थी। इस यात्रा में एनसीपी और शिवसेना के नेता भी शामिल हुए थे। गठबंधन की एकता और राहुल गांधी की मेहनत के भरोसे कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीद लगाए हुए है। लेकिन उससे पहले हुई कलह ने माहौल बिगाड़ने का काम किया है। इसके बाद देखना होगा कि कैसे हाईकमान संकट से निपटता है।कांग्रेस का आलम यह है कि जम्मू-कश्मीर से शुरू करें तब केरल तक कलह खत्म नहीं होती। जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद जैसे सीनियर नेता पार्टी से बाहर हैं। पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू जेल में हैं, तब चन्नी, रंधाना जैसे नेताओं में नहीं बनती। हरियाणा में हुड्डा और शैलजा कैंप के बीच टकराव जारी हैं, तब राजस्थान में पायलट और गहलोत के बीच रार जारी है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में भी टीएस सिंह देव और भूपेश बघेल के बीच तलवारें खिंची रहीं हैं। मध्य प्रदेश में जहां पूर्व सीएम कमलनाथ खुद को सीएम चेहरे के तौर पर पेश करने की कोशिश करते हैं, तब एक धड़ा उनके विरोध में है। इस तरह राज्य दर राज्य कांग्रेस अंतर्कलह की शिकार नजर आ रही है।

### हिलेरी क्लिंटन करेंगी काशी दर्शन

**वाराणसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन नौ फरवरी को



वाराणसी आएंगी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बताया कि उनके आगमन की सूचना मिली है। पूरे कार्यक्रम की जानकारी अभी प्राप्त नहीं हुई है। वे नौ फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे एयरपोर्ट पहुंचेगी। अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन काशी की संस्कृति से रूबरू होंगी। वहीं श्री काशी विश्वनाथ धाम, सारनाथ, दशाश्वमेध घाट व अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर देखेंगी। हिलेरी के आगमन के मद्देनजर अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी वाराणसी पहुंच चुके हैं। सूत्रों की मानें तो हिलेरी महाराष्ट्र के औरंगाबाद से चार्टेड प्लेन से वाराणसी आएंगी। बाबतपुर एयरपोर्ट पर उनका विमान उतरेगा। वे नदेसर स्थित ताज गैंगेज पैलेस में रुकेंगी। वहीं से तीन दिनों तक काशी का भ्रमण कर यहां की सभ्यता, संस्कृति को जानेंगी।

# संघ प्रमुख के बयान से ब्राह्मणों में गुस्सा

**अक्रोश**

**माफी मांगें वरना हिंसात्मक कार्रवाई, कानपुर में ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष की दो टूक**

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के ताजा बयान के बाद से कई जगह विवाद नजर आ रहा है। ब्राह्मणों पर दिए संघ प्रमुख के बयान को लेकर बेहद रोष देखने को मिला है। हालांकि, आरएसएस की ओर से इस पर सफाई भी आ गई है। भागवत ने अपने बयान में कहा था कि जाति व्यवस्था ईश्वर ने नहीं बनाई है, बल्कि ये ह्यपंडितोंह्न के द्वारा बनाई गई है। इस बयान पर आरएसएस ने स्पष्टीकरण देकर कहा कि संघ प्रमुख ने जिस ह्यपंडितह्न शब्द का उपयोग किया था, उसका मतलब ह्यबुद्धिजीवियोंह्न से है, न कि ब्राह्मणों से है। कानपुर महानगर में भी ह्यमैं ब्राह्मण महासभा द्वारा भागवत के खिलाफ धरना दिया गया। यहां हनुमान चालीसा पाठ कर उनकी सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की गई। इसके साथ ही संगठन के अध्यक्ष दुर्गेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि, संघ प्रमुख भागवत को अपना बयान वापस लेना चाहिए।

दरअसल भागवत ने मुंबई के



कार्यक्रम में वर्ण व्यवस्था से जुड़ा एक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि पंडितों ने जाति में लोगों को बांटा है जो गलत था। इस बयान के बाद से ब्राह्मण भागवत के खिलाफ मुखर नजर आ रहे हैं। ह्यमैं ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि जो बयान आरक्षक प्रमुख मोहन भागवत ने दिया है, उस बयान से पूरे ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। अगर उन्होंने अपना बयान नहीं वापस लिया, तब हिंसात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। लोग सड़कों पर उतरकर और उनके खिलाफ प्रदर्शन होगा। वहीं, जेएनयू में लिखा गया ब्राह्मण भारत छोड़ो पर भी महासभा ने कहा कि यह भी आरएस एस और बीजेपी की मानसिकता को दिखाता है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के दिए गए बयान को लेकर बिहार के मुजफ्फरपुर की एक अदालत में उनके खिलाफ मंगलवार को एक परिवाद पत्र दायर किया गया है। मुज्जफरपुर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आरएसएस प्रमुख के रविदास जयंती के मौके पर पंडितों को लेकर दिए गए एक बयान को लेकर स्थानीय अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने परिवाद पत्र दायर किया गया है। परिवाद पत्र में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि जातियां भगवान ने नहीं बल्कि ब्राह्मणों (पंडितों) ने बनाया है।

## संक्षेप

### एक अदद अवैध देसी रिवाल्वर के साथ एक गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक थाने की पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान रामपुर तिराहे के समीप एक युवक को अवैध देसी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को चेकिंग के दौरान रामपुर तिराहे के समीप पुलिस टीम ने एक युवक को संदिग्ध पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद अवैध देसी रिवाल्वर बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम विमल पाल पुत्र जीत लाल पाल निवासी पिपराव थाना औद्योगिक क्षेत्र बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# प्राथमिक विद्यालय बना महिला शिक्षकों का अखाड़ा, दो छात्र जख्मी

**मार-पीट**

**प्रधानाध्यापिका एंव सहायक के बीच पहले जमकर लात घूंसे चले, फिर बच्चों को उक्साकर जमकर पिटवाया**

**मऊआइमा के सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय बना महिला शिक्षकों का अखाड़ा**


घायल छात्र

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने के बजाय प्रधानाध्यापिका एवं सहायक के बीच पहले जमकर लात घूंसे चले फिर प्राधानाध्यापिका ने सहायक अध्यापिका को बच्चों को उक्साकर जमकर पिटवाया, तथा कपड़े फड़वा दिए। जिसपर सहायक अध्यापिका ने बचाव में ताला उठा कर मार दिया। जिससे दो छात्र घायल हो गए। उक्त घटना मंगलवार की है। जहां इस झगड़े को ग्रामीणों ने देखा तो खंड शिक्षा अधिकारी को सूचना दी। खंड शिक्षा अधिकारी मौके पर पहुंच कर बच्चों के अभिभावकों एंव दोनों शिक्षिकाओं को समझा बुझा कर अपने साथ लेकर चली गई। उक्त घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापिका कामनी गौड़ और सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव की तैनाती एक दशक से है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के बीच तैनाती के समय से रोजमर्रा झगड़ा होता रहता है। बताया गया है कि मंगलवार को किन्हीं बातों को लेकर दोनों के बीच पहले जम कर लात घूंसे चले। जिसका वीडीओ सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव बनाने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रधानाध्यापिका कामनी गौड़ ने कक्षा पांच के बच्चों से मोबाइल छिनने के लिए एवं पीटने के लिए उक्सा दी। आरोप है कि छात्रों ने सहायक अध्यापिका प्रियंका का मोबाइल छीनने लगे तथा छात्रों ने सहायक अध्यापिका को पीट कर जमीन में गिरा कर बाल नोंचने लगे और कपड़े फाड़ डाले। जिससे तैस में आकर सहायक अध्यापिका प्रियंका श्रीवास्तव ने रखा हुआ ताला बच्चों के उपर फेंक दी। ताला से कक्षा पांच के छात्र सचिन 11 वर्ष पुत्र मिश्रीलाल, और कक्षा पांच के छात्र लकी 11 वर्ष पुत्र बादल को चोटें आयी। परन्तु अभिभावक कोई कानूनी कार्यवाही से इंकार कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना खंड शिक्षाधिकारी ममता सरकार को दिए। वह मौके पर पहुंच कर बच्चों के अभिभावकों को समझा कर दोनों शिक्षिकाओं को अपने साथ लेकर चली गईं। किसी भी अध्यापिका ने थाने में तहरीर नहीं दी। फिर भी उक्त घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। इस बाबत ममता सरकार खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी उनके संज्ञान में है। मामले की जांच की जा रही है। कार्यवाही अवश्य होगी।


अपनी हालत बयां करता कहली उपस्वास्थ्य केन्द्र

# कहली ग्राम प्रचायत में लाखो रुपये से बना उपस्वास्थ्य केन्द्र खंडहर में तबदील

**बहरिया।** स्थानीय विकास खण्ड के कहली ग्राम पंचायत में लाखो रुपये की लागत से बनाया गया स्वास्थ्य उपकेन्द्र देख-रेख न हो पाने के कारण बिल्डिंग खंडहर हो गया है दरवाजे और खिड़कियां गायब हो गयी या सड़ गयी हैं और कैम्पस और बिल्डिंग के आस-पास घास ऊग आयी है, हैण्डपम्प आधा गायब है ग्रामीणों ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर कभी भी कोई स्वास्थ्यकर्मी डाक्टर या नर्स यहां नही आते है किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बंधी जरूरत पड़ने पर बहरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाना पड़ता है जिससे हम लोगों को काफी कठिनाइयां होती है सरकार चाहे जितनी भी सुविधा उपलब्ध करा दें पर यदि सम्बन्धित जिम्मेदार सही ढंग से कार्य न करे तो सरकार की मंशा पर पानी फिर जाता है ।

डा0 पवन कुमार ने बताया कि कहली उपस्वास्थ्य केन्द्र पर एएनएम की नियुक्त हैं बाकी जानकारी जांच के बाद दी जायेगी।

# बनते ही गड्ढे में तब्दील हो गई सड़क


गड्ढे में तब्दील सड़क का दृश्य

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के चिल्ला गांव से जसरा बाजार जोड़ने वाली सात किलोमीटर की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बीते वर्ष सड़क बनाई गई। बनते ही चिल्ला गांव के मोड़ पर बड़े गड्ढे में सड़क तब्दील हो गईउस गड्ढे से निकलना दो पहिया लेकर बहुत जान जोखिम भरा है। घूरपुर से प्रतापपुर,जसरा से चिल्ला, दोनों सड़क जहाँ पर जुड़ती है उस जगह पर जहां गांव में जुड़ती है वहाँ पर जान जोखिम भरा गड्ढा होने से राहगीर चुटहिल हो रहे। ग्रामीणों ने मांग किया है कि गड्ढे को तत्काल रिपेरिंग कराया जाय, जिससे किसी प्रकार की घटना न हो सके।

## बाइक तोड़ी और मारे पीटे तथा घर में घुस कर की अश्लीलता, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बाजार जा रहे परिवार को दबंगों पहले रास्ता रोके फिर बाइक तोडी विरोध पर कई को घर में घुस कर मारे पीटे और महिलाओं की आबरु लूटने की कोशिश किए। महिला ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बाराडीह सिकंदरपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि गांव के कतिपय लोग उसके परिजनों से पुरानी रंजिश रखते हैं। आरोप है कि जब वह परिजनों के साथ गदियानी बाजार जा रही थी तो रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे विरोधियों ने पहले रास्ता रोक फिर बाइक तोड दी। विरोध पर घर में घुस कर महिलाओं और पुरुषों को मारे पीटे। महिला का आरोप है कि उसका ब्लाउज फाड दी गई और आबरु लूटने का प्रयास किए। महिला ने मऊआइमा थाने में दशरथ, राजकुमार, अवधेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## अनियमितता पर कोटेदार पर दर्ज हुआ एफआईआर

**कोरांव।** खीरी थाना अंतर्गत न्याय पंचायत पवारी के धोबहट गांव के कोटेदार सुरेश कुमार बिंद के खिलाफ मंगलवार को खीरी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। ज्ञात हो की ग्रामीणों की शिकायत पर महीने भर पहले आपूर्ति निरीक्षक संजय विश्वकर्मा द्वाराटीम गठित करजांच की गई जिसमे ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई और कोटा निलंबित कर दिया गया था, और धोबहट गांव का कोटा पवारी से संबद्ध कर दिया गया था,जांच के दौरान कोटेदार मौके पर नही आया और न ही निलंबन के बाद अवशेष स्थानांतरित किया। आपूर्ति निरीक्षक संजय विश्वकर्मा ने बताया की कोटेदार सुरेश कुमार बिंद के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर जांच के उपरांत शिकायत सही पाए जाने निलंबन व सरकारी उचित दर की दुकान से सरकारी अनाज की हेराफेरी पर उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया था किंतु उसके द्वारा कोई जवाब न मिलने पर उस पर मुकदमा दर्ज कराकर नियमानुसार कार्यवाही की गई।


नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

## संजीव कुमार मौर्य बनाये गये भारतीय पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष

**बहरिया।** विकास खण्ड के अर्न्तगत डॉ0 भीमराव अम्बेडकर प्राथमिक विद्यालय में भारतीय पत्रकार संघ फूलपुर तहसील ईकाई की सभा किया गया इसमे फूलपुर के तहसील स्तर के पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहें और पदाधिकारियों का चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेषचन्द्र द्विवेदी के दिशा निर्देश पर किया गया उक्त सभा में उपस्थित पत्रकारों ने सर्वसम्मति से संजीव कुमार मौर्य को अध्यक्ष चुना और ओमकृष्ण शुक्ला को उपाध्यक्ष, आदित्य मौर्य कोशाध्यक्ष, शिवबहादुर यादव महामंत्री, विवके यादव संगठन मंत्री तथा राजबहादुर यादव को मंत्री पद पर चुनाव किया गया इस मौके पर राज मौर्य, पुष्पराज सिंह, सुशील पटेल, राजेश कुमार कुशवाहा उर्फ पिन्टू तहसील अध्यक्ष सोरावं, देशराज आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहें।

## बच्चों के चेहरे की मुस्कान बना सहगल फाउंडेशन

**करछना।** भरहा गांव में सहगल फाउंडेशन उत्तम ग्राम पहल योजना के तहत आंगनवाड़ी में बच्चों को बैठाने के लिए कुर्सी टेबल के साथ साथ बच्चों को आकर्षित करने के लिए खेलने के लिए झुला आदि सामान सहगल फाउंडेशन उत्तम ग्राम पहल योजना के अंतर्गत दिया गया जिससे आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों को बैठने के साथ साथ खेल कूद के लिए बाहर न जाना पड़े इसकी जानकारी सहगल फाउंडेशन के संस्था प्रतिनिधि सुरजीत सिंह, लालबहादुर द्विवेदी, मोहित शुक्ला, मनोज सिंह के द्वारा दी गई मुख्य अतिथि सी डी पी ओ मीना शाक्या और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ सहायिका भी मौजूद रही।

## युवक की हत्या पर पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्जवल रमण ने घर जाकर व्यक्त की संवेदना


मृतक के परिजनों को सांत्वना देते पूर्व विधायक कुंवर उज्जवल रमण सिंह

**करछना।** के पूर्व विधायक कुंवर उज्जवल रमण सिंह सोमवार शाम को धरवारा गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए ढाढ़स बंधाया। और परिजनों को आश्वस्त किया कि हत्यारोपी की शीघ्र गिरफ्तारी होगी । उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो शासन प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने इस निर्मम हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया । करछना थाना क्षेत्र के धरवारा गांव निवासी प्रदीप सिंह के पुत्र ध्रुव सिंह की गत 30 जनवरी को कोहडार घाट पुलिस चौकी के समीप एक ट्रक ड्राइवर की ओर से लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार कर दिया गया था। जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी । जिससे परिजन आक्रोशित हैं । वही हत्यारोपी की गिरफ्तारी न होने से धरवारा गांव में आक्रोश व्याप्त है। ध्रुव सिंह एक ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करते थे। और आपसी लेनदेन के मद्देनजर में उन की निर्मम हत्या कर दी गई थी । इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख करछना विजय राज सिंह राजू रवीश चंद्र तिवारी जनार्दन सिंह वीरभान सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धरवारा वीरू सिंह डॉ मनीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## शांति भंग के आरोप में 4 लोगों का हुआ चालान

**नैनी।** औद्योगिक थाने की पुलिस ने मंगलवार को चार लोगों को पकड़कर शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को रामपुर तिराहे के समीप शांति भंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने 4 लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने अपना नाम प्रमीत दुमन पुत्र दलवीर दुमन निवासी ग्राम रोहतक बहलवा थाना महेम हरियाणा हालपता सेन्ट जान्स स्कुल रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र, हिमांशु तिवारी पुत्र जयराम तिवारी निवासी ग्राम लवायन खुर्द चटकहना थाना औद्योगिक क्षेत्र, नीरज पुत्र भागीरथी निवासी ग्राम भटौती नन्दा का पुरा थाना मेजा और विजय पुत्र शिवलाल निवासी इशौटा थाना मेजा बताया। पुलिस ने पकड़े गए सभी के खिलाफ धारा 151/107/116 के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे फांसी से विवाहिता की मौत

**मामला संदिग्ध**

**मौके पर पहुँचे मायके पक्ष के लोगों ने किया हंगामा**


मृतका की फाइल फोटो

**मेजा।** कोतवाली क्षेत्र के डेलौहा गांव मे सोमवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की फांसी से मौत हो गई । सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई है।

गौरतलब हो कि निर्मला पटेल (30)पत्नी योगेंद्र कुमार पटेल निवासी डेलौहा मंगलवार को सुबह कमरे में फांसी के फंदे से लटकी मिली। सुचना पर मौके पर पहुँचे मेजारोड चौकी प्रभारी रामभवन वर्मा ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक को दो पुत्रियां हैं,एक छः वर्ष और एक चार वर्ष की है। उसका मायका करछना थाना क्षेत्र के कौवा गांव मे है। सुचना पर मायके वाले भी आ गए और संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई मौत को लेकर हंगामा किया। महिला की मौत से परिजनों सहित मायके वालों मे कोहराम मचा हुआ है। चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा ने बताया कि महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सुचना मिली और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# स्थापना दिवस पर राम कथा का आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

**धरवई।** समूह केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पड़िला के परिसर में आयोजित हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। समूह - केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी और जवानों द्वारा ग्रुप सेंटर का 30 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में राम कथा एवं मेले में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था क मुख्य अतिथि प्रभाकर त्रिपाठी पुलिस उपमहानिरीक्षक समूह केंद्र प्रयागराज विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार गौतम कमांडेंट 101 वाहिनी आरएएफ व उदय प्रताप सिंह कमांडेंट, सुभाष वाजपेयी डिप्टी कमांडेंट अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने डॉ अखिलेश मिश्र के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन को स्वयं के अंदर उतारने की प्रेरणा प्राप्त की तथा रामचरित मानस के प्रभु श्री राम व केवट पर विस्तार से राम कथा का उपस्थित लोगों ने श्रवण किया। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रभाकर त्रिपाठी पुलिस उपमहानिरीक्षक समूह केंद्र ने देश के सुप्रसिद्ध कवि और कवियित्रियों का पुष्प गुच्छ व शाल देकर स्वागत सम्मान किया। कवियित्री वन्दना शुक्ला और कात्यायनी सिंह ने काव्य पाठ के क्रम को आगे बढ़ाया। कवि पंकज प्रसून व संजय पुरुषार्थी ने अपनी अपनी कविता से उपस्थित श्रोताओं को मनमुग्ध कर दिया। कवियित्री ज्योति त्रिपाठी ने अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत कविता से बैठे लोगो में जोश भर दिया क प्रसिद्ध दोहाकार राजेश कुमार ने जहाँ बेटियों की स्थिति पर प्रस्तुति दी वहीं बहुत ही मनोरंजक दोहों में अपनी बात को रखा क डॉ क्षेष गौतम असिस्टेंट प्रोफेसर इलाहबाद विश्वविद्यालय ने देशभक्ति की हुंकार भरी और सी.आर.पी.एफ के दर्शकों में जोश का संचार किया क अंत में डॉ अखिलेश मिश्र (आई.ए.एस) विशेष सचिव उच्च शिक्षा ने अपने प्रस्तुति में समकालीन स्थितियों को आइना दिखाते हुए हरीटो खरीद लाया इमान बेचकर, घर में बचा था बस यही सामान बेचकर कविता का पाठ किया। क काव्य पाठ के अंत में सभी कवि एवं कवियत्रियों को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया और समूह केंद्र प्रांगण में प्रस्तुति देने के लिए धन्यवाद दिया गया क इस अवसर पर नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी 101 वाहिनी आरएएफ तेजराम चौधरी, सहायक कमांडेंट अविनाश राय, चंद्रभान सिंह, धरम नारायण, हिरदेश यादव, रविंद्र सिंह रेंज ऑफिस के अलावा अन्य अधिकारी और जवानो कैंप में रहने वाले परिवार संभ्रांत लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# महर्षि विद्या मन्दिर में तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम का आयोजन

**नैनी।** मंगलवार को महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में नवप्रवर्तन जन जागरूकता के अंतर्गत स्कूली बच्चों हेतु तहसील स्तर पर तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चे को विभिन्न मशीने, उपकरण खिलौने आदि के माध्यम से बच्चों को निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों से परिचित कराया गया। बच्चों द्वारा विशेषज्ञों की देखरेख में उपकरणों को तोड़ा गया फिर उन्हे जोड़ा गया। बच्चों को उपकरणों को नए प्रतिरूप में बनाने की प्रेरणा भी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयो से नव अन्वेषण की प्रवृत्ति रखने वाले विद्यालय के 5 छात्र / छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्देला जी ने मुख्य विकास अधिकारी जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज के दिशा निर्देशन में सम्पूर्ण तैयारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनने का पूरा प्रयास किया और निर्विघ्न सफल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर्षवर्धन बाजपेई माननीय विधायक, उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष- प्रोफेसर के.वी. पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती ज्योत्सना सिंह प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कालेज मुंगारी करछना प्रयागराज तथा सुजीत कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य आइटीआई नैनी प्रयागराज आदि सम्मानित गणमान्य महानुभावों का विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर गति प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद् बोधन मे कहा कि स्कूल के बच्चों को विज्ञान के प्रति आकर्षित कराना उनके उज्जवल भविष्य का द्योतक है। विज्ञान एक वरदान है जो बच्चों के लिए वरदान ही सिद्ध होगा आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक होगा जिससे हमारा देश विश्व में शिखर पर पहुँचेगा और पूरी मजबूती के साथ विश्व मे हमारा देश सबसे अलग परचम फहराएगा। कार्यक्रम के पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार दिया गया। अंत मे प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्देला जी ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।


तोड़-फोड़-जोड़ कार्यक्रम में उपकरण दिखाते छात्र


उपकरणों को देखते मुख्य अतिथि

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने कराई मुनादी

**फाफामऊ।** जानलेवा हमला और पशु क्रूरता मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त के घर फाफामऊ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कुर्की करने के लिए मुनादी कराई। कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के ननवई गांव का अब्दुल हक सोरांव थाना क्षेत्र के जानलेवा हमला और पशु क्रूरता के मुकदमे में फरार चल रहा है । फाफामऊ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसके घर कुर्की करने के लिए मंगलवार को मुनादी कराई।


# कार्यालय नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज

**शून्य मैनुवल स्क्रैवेंजर घोषण पत्र**

घोषित किया जाता है कि नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज के अन्तर्गत निकाय द्वारा कराये गये सर्वेक्षण में शून्य मैनुअल स्क्रैवेंजर चिन्हित किये गये हैं। वर्तमान में नगर पंचायत मऊआइमा सीमान्तर्गत कोई भी मैनुवल स्क्रैवेंजर कार्यरत नही है।

लिपिक, नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज — अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज — प्रशासक, नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज

**सार्वजनिक आवश्यक सूचना**

भारत सरकार का राजपत्र संख्या-178 नई दिल्ली शुक्रवार, 18 मार्च 2016 में प्रकाशित अपशिष्ट प्लास्टिक नियम 2016 तथा भारत सरकार का राजपत्र संख्या-459 नई दिल्ली, 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2021 एवं सरकारी गजट उ0प्र0 के 15 जुलाई 2018 के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में नगर पंचायत मऊआइमा सीमान्तर्गत प्लास्टिक एवं थर्माकोल के सामग्री विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर नियमानुसार प्रतिबंध लागू है।


1. 75 माइक्रॉन से कम मोटाई के प्लास्टिक के कैरी बैग और वस्तु 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबंधित है।
2. 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबंधित है।
3. पॉलिस्टाइरिन और विस्तारित पॉलिस्टाइरिन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल-प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण आयात भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग का निषेध किया जायेगा।
4. प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियां, प्लास्टिक के झण्डे, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम की डंडियां, पॉलिस्टाइरिन (थर्माकोल) की सजावटी सामग्री।
5. प्लेटें, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के इर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्म, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पी.वी.सी. बैनर स्ट्रिंग का भी 01 जुलाई 2022 से प्रयोग प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करता हुआ पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध अधिसूचना के निर्धारित व्यवस्थानुरूप वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

लिपिक, नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज — अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज — प्रशासक, नगर पंचायत मऊआइमा, प्रयागराज

पत्रांक-मेमो/न0प0म0/2022-23 दिनांक-6 फरवरी 2023

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 24.00 |
| न्यूनतम : | 12.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### हण्डिया पुलिस ने दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**हण्डिया।** पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया धमेन्द्र कुमार दुबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश दुबे ने आज मंगलवार के दिन शान्ति/कानून व्यवस्था बिगाड़ने के जुर्म थाना क्षेत्र के दो व्यक्तियो शारदा प्रसाद बिन्द पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम रिग्दापुर उपरदहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज व जिमदार बिन्द पुत्र राजकरन बिन्द निवासी ग्राम रिग्दापुर उपरदहा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार हुए दोनो व्यक्तियो के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 151,107, 116 में विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा गया।

# 6 जजों को चीफ जस्टिस ने दिलाई शपथ

**शपथ ग्रहण**

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपर न्यायाधीश के रूप में हुई नियुक्ति, मुकदमों में आएगी तेजी**

**अब 101 हुई हाईकोर्ट में कुल जजों की संख्या**



पद व गोपनीयता की शपथ लेते जज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में नवनियुक्त 6 जजों को चीफ जस्टिस राजेश बिंदल ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में हाईकोर्ट के सीनियर एवं जूनियर वकीलों के अलावा बड़ी संख्या में राज्य विधि अधिकारी, ज्यूडिशियल अधिकारी, शपथ ले रहे जजों के परिवारीजन व रिश्तेदार उपस्थित रहे। सभी जजों की नियुक्ति अपर न्यायाधीश के रूप में की गई है।

शपथ लेने वाले अपर न्यायाधीशों (एडिशनल जज) में शामिल हैं - सैयद कमर हसन रिजवी, मनीष कुमार निगम, अनीश कुमार गुप्ता, नंदप्रभा शुक्ला, क्षितिज शैलेंद्र एवं विनोद दिवाकर।

सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम ने 17 जनवरी 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जज की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को कुल 9 नामों की सिफारिश की थी। केंद्र सरकार ने 9 में से 6 नामों पर नियुक्ति की सहमति देते हुए अधिसूचना जारी की है। 6 एडिशनल जजों की नियुक्ति के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस समय चीफ जस्टिस को छोड़कर 101 जजों की संख्या हो गई है। हाईकोर्ट में कुल 160 जजों के पद सृजित हैं। इस तरह देखा जाए तो अभी भी 59 पद रिक्त हैं।

### मंसूराबाद में मनाई गई समाजसेवी की पुंयतिथि

**लालगोपालगंज।** मंसूराबाद के ज्ञान गंगा जूनियर हाईस्कूल में समाजसेवी विनोद शर्मा की 30 वीं पुंयतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के अलावा क्षेत्र के गणमान्यजनों के साथ राजनीतिक व्यक्तियों का जमावड़ा रहा। मंगलवार को स्वर्गीय विनोद शर्मा की 30वीं पुंयतिथि पर उनके पुत्र समाजसेवी शिव उपाध्याय ने कहा कि पिताजी ने सदैव ग्रामीणों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते थे। जय श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी संजय तिवारी ने कहा कि विनोद शर्मा का व्यक्तित्व साधारण था। बिना किसी स्वार्थ के सुबह से शाम तक गरीब असहायों की सेवा में लगे रहते थे। श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के महामंत्री अरुण द्विवेदी ने कहा कि विनोद शर्मा ने मंसूराबाद मे सदैव भाईचारा बढ़ाने, सभी की मदद करने और प्रेम के साथ जीवन जीने की प्रेरणा लोगो को दिया था। इससे पूर्व विनोद शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करें उन्हें नमन किया गया। इसके साथ कांग्रेस नेता आशीष पांडेय ने भी विनोद शर्मा विनम्र श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर मनीष त्रिपाठी, बल्लू तिवारी, छोटू तिवारी, डब्लू त्रिपाठी, सत्यम द्विवेदी, फूलचंद्र शर्मा आदि समेत स्कूल की दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# त्रिजटा स्नान कर साधु-संत और कल्पवासी रवाना

**त्रिजटा स्नान**

**माघ मेला क्षेत्र से अब घर वापसी कर रहे लाखों कल्पवासी, थमा मास पर्यंत अनुष्ठानों का सिलसिला**

**प्रयागराज।** माघ मास में प्रयागराज के गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर बसी तुबुओं की नगरी अब धीरे-धीरे उजड़ रही है। लाखों श्रद्धालु, संत और महात्मा आज तृजटा स्नान (माघी पूर्णिमा के बाद तीन दिन तक स्नान) के बाद अब अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे हैं। मेला क्षेत्र में घर वापसी के वाहनों की कतारें देखी गईं।

**मान्यता है त्रिजटा स्नान के बाद ही कल्पवास का मिलता है पूर्ण फल**

प्रयागराज के संगम तट पर आस्था व पुण्य के लिये तम्बुओं की नगरी में माघ मास महीने में लाखों साधु सन्त व कल्पवासी पूजन-भजन के साथ मां गंगा की गोद में कल्पवास करते हैं। पूर्वा फाल्गुनी व सुकमायोग लगने से मंगलवार को त्रिजटा स्नान पर हजारों कल्पवासियों और साधु संतों ने आस्था की डुबकी लगाई।ऐसी मान्यता है कि त्रिजटा स्नान के बाद ही कल्पवास का पूर्ण फल मिलता है। यही कारण है कि कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद कल्पवास की पूणार्हुति करते हैं पर तीन दिन और रुककर स्नान करते हैं। इसके बाद ही संगम क्षेत्र छोड़ते हैं।

### माघी पूर्णिमा के बाद दिशाशूल मानते हैं कल्पवासी

साधु-सन्त व कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद दिशा शूल मानते हैं। कल्पवास के लिये तीन दिन और रुके रहते हैं। वह त्रिजटा स्नान कर मेला क्षेत्र से अपने गन्तव्य को वापस हो जाते हैं।माघ मेला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि त्रिटजा स्नान के बाद माघ मेला क्षेत्र से कल्पवासियों के वाहनों को आराम से निकलने के लिए रूट निर्धारित किए गए हैं। उसी अनुरुप बिना किसी परेशानी के कल्पवासियों के वाहन निकाले जा रहे हैं।मेला क्षेत्र के आने जाने वाले मार्गों, पाण्टून पुलों और कल्पवासी क्षेत्रों में पुलिस के जवानों द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मंगलवार को अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा वापस जा रहे साधु सन्तों-कल्पवासियों का कुशलक्षेम पूछा गया। इस दौरान साधु-सन्तों ने पुलिस प्रशासन के कार्यों की प्रशंसा की और पुलिस बल का आभार प्रकट किया।

# उमरे ने हासिल किया अबतक का सर्वश्रेष्ठ इंटरचेंज

**सफलता**

**एक दिन में किया 758 ट्रेन और 38301 वैगन का इंटरचेंज**




**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे अपनी गतिशीलता के लिए पहचाना जाना जाता है। यह जोन भारतीय रेल के सबसे व्यस्त खंडों को सेवित करता है। अपने रेल कर्मियों, नियंत्रकों और लाइन स्टाफ की कार्यकुशलता और अधिकारियों के कुशल प्रबंधन तथा योजना अनुरूप परिचालन व्यवस्था के कारण दिनांक 05.02.2023 को उत्तर मध्य रेलवे के अबतक किसी एक दिन का सर्वश्रेष्ठ इंटरचेज हासिल किया। इस एक दिन में कुल 758 ट्रेन का इंटरचेंज हासिल किया गया और इसके पहले इसी वर्ष दिनांक 19.01.2023 को 740 ट्रेनों का इंटरचेंज हासिल किया गया । दिनांक 05.02.2023 को ही उत्तर मध्य रेलवे के अबतक किसी एक दिन का सर्वश्रेष्ठ 38301 वैगनों का भी इंटरचेज हासिल किया गया।

ज्ञात हो कि मालगाड़ियों का इंटरचेंज किसी भी जोन द्वारा अधिक ट्रेनों के परिचालन का परिलक्षण होता है तथा इससे उसके रेल मार्गो पर ट्रेनो की गतिशीलता, उच्च स्तर के परिचालनिक प्रबंधन, उत्कृष्ट समन्वयन तथा मैनपावर एवं एसेत कुशलता का परिचायक होता है। अधिक से अधिक मालगाड़ियों के तीव्रतर परिचालन से राष्ट्र की आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायता मिलती है। इस एक दिन में डी एफ सी के साथ विभिन्न इंटर चेंज प्वाइंटो पर कुल 172, पूर्व मध्य रेलवे के साथ कुल 119, पूर्वोत्तर रेलवे के साथ 45, उत्तर रेलवे के साथ विभिन्न इंटर चेंज प्वाइंटो पर कुल 204, उत्तर पश्चिम रेलवे के साथ विभिन्न इंटर चेंज प्वाइंटो पर कुल 39, पश्चिम मध्य रेलवे के साथ कुल 179 ट्रेनो का इंटरचेंज हासिल किया गया। इस दौरान अन्य समीपस्थ जोनों के नियंत्रण कक्षों और अधिकारियों के साथ बहुत ही कुशलतापूर्वक समन्वय बनाए रखा गया।

जोन की इस सफलता पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और इस क्रम को आगे भी बनाए रखने तथा निरंतर बेहतर करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# नामचीन खेल हस्तियों का होगा सम्मान



**प्रयागराज।** इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल क्लब के 125 वर्ष और इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी के 25 वर्ष पूरे होने पर 12 फरवरी को एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज मैदान पर क्लब और अकादमी के पूर्व व वर्तमान खिलाड़ियों का रीयूनियन कार्यक्रम होगा। क्लब के अध्यक्ष डॉ. रामेंदु राय ने बताया कि सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में विभिन्न खेलों की अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल हस्तियों के अलावा अकादमी के पूर्व व वर्तमान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में आने के लिए जिन हस्तियों ने अपनी सहमति दे दी हैं उनमें प्रदेश के प्रमुख खेल सचिव नवनीत सहगल, खेल निदेशक एवं हॉकी ओलंपियन डॉ. आरपी सिंह, मोहम्मद कैफ, अभिन्न श्याम गुप्ता, दानिश मुजतबा और अन्तरराष्ट्रीय फुटबॉलर शमशी रजा शामिल हैं।अकादमी के सचिव विप्लब घोष ने बताया क्लब के 125 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष विविध आयोजन होंगे जिसमें वाईएम रॉय मेमोरियल ब्रिज टूनामेंट, यूपी राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस, कैरम, प्रमुख छात्रावास टीमों और फुटबॉल अकादमियों के बीच फुटबॉल टूनामेंट के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।



### सेंट जोजफ कालेज का करिश्मा एक बार फिर से प्रयागराज का किया नाम रौशन

**प्रयागराज।** सोमवार 5 फरवरी 2023 को पं. राम जी पाठक मेमोरियल यू. पी. स्टेट फीडे रेटिंग रैपिड चेस चैम्पियनशिप 2022-23 का समापन मुख्य अतिथि श्री आकाश कुलहरी एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रयागराज के कर कमलों द्वारा रश्मोर इंटरनेशनल स्कूल बहादुर पुर सराय इनायत में सकुशल सम्पन्न हुआ। जिसमें सेन्ट जोसेफ कालेज प्रयागराज के मोहम्मद हशनैन सिद्दीकी, हसन जावेद ,यादवेंद्र,शालीन गर्ग, जैन अब्दुलाह खान, प्रथित कुशवाहा, प्रतिष्ठ कुशवाहा, जयकान्त तिवारी, शौरेश दास ,आदित्य सिंह बघेल, एवं मोहम्मद हैदर आदि तथा टीम के कोच गौरव गर्ग के मार्ग दर्शन में सभी खिलाड़ियों ने अपने भरपूर प्रदर्शन से एक बार फिर से शहर के प्रतिष्ठित कालेज का नाम रौशन किया जिसका श्रेय सभी खिलाड़ियों ने अपने कोच गौरव गर्ग को दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 'सम्भव' सुनवाई



सुनवाई करते नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग

**प्रयागराज।** मंगलवार को नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई। जन शिकायतों के अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने हेतु नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय।

ह्यसम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त अमरीश कुमार बिन्द, अरविन्द राय, जोनल अधिकारी अमरजीत यादव संजय ममगई, मदन गोपाल, नीरज सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, अधिषाशी अभियन्ता विद्युत राधे कृष्ण लाल, तथा कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### घर से नाराज युवक ट्रेन के आगे कूदा, पैर कटा

**फाफामऊ।** मामूली कहासुनी होने पर घर से नाराज युवक ने फाफामऊ जयगुरुदेव आश्रम के सामने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद गया जिससे उसका दोनों पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु स्वरूपरानी अस्पताल भेजवाया। जानकारी के मुताबिक डोबनी मऊ फाफामऊ का राजू 30 वर्ष पुत्र देवी प्रसाद के घर में मंगलवार को दोपहर में कुछ मामूली कहासुनी हो गया नाराज होकर वह शाम को जयगुरुदेव आश्रम के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद गया ट्रेन के चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गया।

# जल जीवन मिशन "हर घर जल" के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



कार्यशाला में उपस्थित लोग

**मेजा।** विकास खंड उरुवा में उत्तर प्रदेश राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित योजना के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन मंगलवार को हुआ । कार्यशाला में प्रशिक्षण का कार्य मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड नोएडा उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन ₹हर घर जल₹ के अंतर्गत ब्लॉक प्रशिक्षण दिया । प्रशिक्षण उरुवा ब्लाक के समस्त 66 ग्राम सभाओं से 13 तकनीकी सहित 858 लोगों को विभिन्न ट्रेडों के लिए प्रशिक्षित किया गया। बताया गया कि प्रशिक्षण में पंप ऑपरेटर, 27 व 28 जनवरी, इलेक्ट्रिशियन, 31 जनवरी व 01 फरवरी को फिटर, 03 व 04 फरवरी को प्लंबर व मीटर मकैनिक के प्रशिक्षण के बाद 6 व 7 फरवरी को राजमिस्त्री ट्रेड से प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस योजना के तहत सभी को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है। कोई भी किसी के बहकावे में आकर किसी को एक रुपए भी ना दें। यह सरकार की निशुल्क कार्य योजना है, जिसमें प्रशिक्षण के दौरान निःशुल्क टूल किट भी प्रदान किए जाते हैं। इस दौरान प्रशिक्षण देने में उपस्थित ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धीरेंद्र द्विवेदी, सब कोऑर्डिनेटर ऋषिकेश निषाद, ट्रेनर विनोद बिंद, जल जीवन मिशन दयाराम बिंद, जल जीवन मिशन प्रियंका दीपांकर, प्रधान संघ उपाध्यक्ष नेहा संदीप कुमार मिश्रा, महामंत्री फतेह बहादुर निषाद, पप्पू दुबे जेरा, राम सिंह कुशवाहा एवं जल जीवन मिशन सदस्य गुड़िया भारती सहित समस्त ग्राम प्रधानों की देखरेख में लोगों को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्राम प्रधानों का सहयोग सराहनीय रहा।



भवन को सील करते अधिकारी

### जारी कुर्की नोटिस में सीजर की कार्यवाही

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम, प्रयागराज द्वारा गृहकर वसूली के क्रम में 50,000 से अधिक के बडे.बकायेदारों पर जारी की गयी डिमाण्ड नोटिस पर 15 दिन की अवधि बीत जाने के उपरान्त भी बकायेदारों द्वारा गृहकर न जमा करने के कारण सभी जोन कार्यालय जोन-1 खुल्दाबाद, जोन-2 मुट्ठीगंज, जोन-3 कटरा, जोन-4 अल्लापुर, जोन-5 नैनी , जोन-6 ट्रांसपोंट नगर, जोन-7 फाफामऊ, के अन्तर्गत आने वाले वार्डों में कर अधीक्षकों द्वारा प्रस्तावित किये गये भवनों पर कुर्की किये जाने का निर्णय लेते हुए नगर आयुक्त द्वारा दिनांक-29.01.2023 को बड़े सामाचार पत्रों में कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित करायी गयी। कुर्की नोटिस की सूचना प्रकाशित होने के पश्चात आज दिनांक 07.02.2023 को 15 भवन स्वामियों द्वारा अपने बकाया गृहकर की धनराशि रू0-30,36314.00 का भुगतान किया गया। जोन संख्या-4 अल्लापुर भवन संख्या-194/16/28 सोहबतिया बाग, भवन स्वामी श्री कृष्ण नारायण त्रिपाठी पर बकाया गृहकर धनराशि प्राप्त न होने के कारण भवन को सीलिंग की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में सम्बन्धित जोन के कर अधीक्षक व वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता टीम भी उपस्थित रहें।

### सपा नेत्री सबीहा मोहानी का निधन



सबीहा मोहानी (फाइल फोटो

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी प्रयागराज की आईरन लेडी के नाम से विख्यात महिला नेत्री सबीहा मोहानी का लखनऊ में गम्भीर बिमारी से ग्रस्त होने के कारण सोमवार को इन्तेकाल (निधन) हो गया।उनकी तदफीन (दफ्न)आज बाद नमाज ए ईशा लगभग 8 बजे रात को होगी। निर्वतमान महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन निर्वतमान महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि व महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी सहित सभी समाजवादी अपनी तेज तर्रार नेता के निधन से दुखी हैं और इश्वर से प्रार्थना करते हैं की बाजी सबीहा मोहानी की मगफिरत फरमाए उनके दराजात को बुलन्द फरमाए और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।

# अपना दल एस की जिला स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न



बैठक में उपस्थित अपनादल एस के कार्यकर्ता

**फाफामऊ।** अपना दल एस की जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन तीसरी बार नियुक्त जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल जी की अध्यक्षता में सहसों गोल चौराहे पर संपन्न हुई। उपर्युक्त बैठक में मीरजापुर छानबे से दिवंगत विधायक स्व० श्री *राहुल प्रकाश कोल* जी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किसान श्यामराज पटेल, जी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें, और संगठन को मजबूत करें। तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल जी के हाथों को मजबूत करें। और निकाय चुनाव की जमकर तैयारी करें, और प्रत्येक सीट पर अपनी जीत सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला अध्यक्ष विधि मंच रामसिंह पटेल जी ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए आदरणीय जिला अध्यक्ष जी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा वार समीक्षा बैठक करते हुए संगठन की मजबूती के लिए जोन, सेक्टर और बूथ कमेटी का विधिवत गठन करना भी जरूरी है। संगठन की ही देन है कि पार्टी से विधायक और सांसद बनते हैं। इसीलिए संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाए। और सभी कार्यकर्ता पूर्ण ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करें और 2024 से पहले ही पार्टी को प्रदेश की एक नंबर की पार्टी बनाना है। ।और इसकी जिम्मेदारी हम सबकी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता शमशाद आलम एवं उनकी टीम के द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जी का माल्यार्पण एवं महापुरुषों के चित्र को देकर सम्मानित किया गया।बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव युवा मंच सावंत सिंह पटेल, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव सहकारिता मंच बाबू भारत सिंह पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मंच अशोक पटेल, जिला मीडिया सचिव गंगापार धर्मराज पटेल,जिला उपाध्यक्ष बृजभान पटेल, जिला अध्यक्ष युवा मंच राजकुमार पटेल, जिला अध्यक्ष विधि मंच रामसिंह पटेल, जिला मीडिया सचिव विधि मंच राजाराम रेडियो जी,जिला अध्यक्ष किसान मंच बसंत लाल पटेल, जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ विनोद कुमार पटेल,जिला अध्यक्ष सहकारिता मंच लालजी पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सोरांव सुशील पटेल, विधानसभा अध्यक्ष हण्डिया महेश भारतीया, विधानसभा अध्यक्ष शहर उत्तरी राजेश पटेल, विधानसभा अध्यक्ष फाफामऊ विमल पटेल, विधानसभा अध्यक्ष फूलपुर अनीश पटेल, विधानसभा अध्यक्ष प्रतापपुर प्रेम नारायण पटेल, सोरांव विधानसभा अध्यक्ष आई टी सेल अर्जुन पटेल,जंग बहादुर पटेल, इंद्रजीत मोनू, आवेदक साथी रुपचंद पासी, राहुल पासी, विशाल कुमार,सरोजा देवी, शिवा पटेल, कुलदीप पटेल, समर बहादुर पटेल के साथ साथ पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बाइक की डिक्की तोड़कर मोटी रकम किया पार

**कौशाम्बी।** पंइसा थाना क्षेत्र के पइंसा गांव के अधेड़ के बाइक की डिक्की को तोड़ उच्चकों ने 50 हजार नकदी पार कर दिया। पीड़ित मंझनपुर चैराहे पर बाइक खड़ी करने के बाद दुकान पर सामान खरीदने चला गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज लिया है। पइंसा निवासी प्रेमचंद्र मंझनपुर बाजार आया था। बाजार आने के बाद वह स्थानीय बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर बाइक की डिक्की में रख दिया। इसके बाद चैराहे के समीप बाइक खड़ी करने के बाद वह सामान की खरीदारी करने के लिए चला गया। थोड़ी देर बाद लौटा तो बाइक की टूटी डिक्की देख अवाक रह गया। खोजबीन करने के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सदर कोतवाली के टेनशाहआलमाबाद नहर में मिली युवती की नग्न लाश

**अपराध**

**31 जनवरी से थी गायब, तीन फरवरी को परिजनों ने सौंपी थी पुलिस को तहरीर**

**पड़ताल में जुटी खाकी, कहीं रेप के बाद तो हत्या नहीं**

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के टेनशाह आलमाबाद गांव के बाहर नहर में मंगलवार को एक युवती की नग्न लाश मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव की शिनाख्त कराकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से गांव में तमाम तरह की चचाएं आम हो रहीं थी।

जिक्र करें तो टेनशाह आलमाबाद गांव निवासी नरेश की पुत्री निशा (25) 31 जनवरी को किसी काम से घर से बाहर गई थी। जो वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बाद जब कहीं सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने तीन फरवरी को कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस मामले में कुछ कर पाती कि सात फरवरी मंगलवार को ग्रामीणों ने उसकी लाश गांव के बाहर देखा। जंगल में आग की तरह फैली यह खबर तो घटनास्थल पर लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई। हालांकि घटनास्थल पर मौजूद रहे लोगों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा था कि युवती की लाश नग्न थी, और लाश भी कई दिन पुरानी दिख रही थी। अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर युवती के साथ हुआ क्या, उसकी हत्या रेप के बाद की गई या फिर उसकी किसी से रंजिश थी। उधर परिवार के कुछ लोग यह भी बता रहे थे कि युवती घर से मोबाइल भी लेकर निकली थी। अब यदि यह मान लिया जाए तो आखिर पुलिस ने मोबाइल नंबर को सर्विलांश में लगाकर उसका लोकेशन ट्रेस किया था या फिर उसे उचित नहीं समझा। फिर सबसे बड़ा सवाल आखिर यदि यह मान लिया जाए कि युवती की लाश जहां पर मिली है वहीं पर उसकी हत्या कर फेंक दिया गया हो तो फिर आखिर आते जाते लोगों की निगाह इससे पहले क्यों नहीं पड़ी। जबकि युवती 31 दिसंबर से गायब थी। कहीं ऐसा तो नहीं युवती किसी से बात करती रही और फिर आरोपी उसे बुलाकर पहले रेप किए हों फिर रहस्य को दफन करने के लिए हत्या कहीं और कर लाश को गांव के बाहर फेंक दिए हों। हालांकि इलाकाई बुद्धिजीवियों के जेहन में इस तरह के तमाम सवाल कौंध रहे हैं। अब मामले के पीछे रहस्य क्या है यह तो पुलिसिया जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। बहरहाल घटनास्थल पर पहुंचे अफसरों ने परिवारीजनों को जल्द घटना का खुलासा कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# चायल नगर पंचायत के रैनबसेरा का हाल बेहाल



अनदेखी का शिकार रैनबसेरा

**चायल,कौशाम्बी।** चायल तहसील के नगर पंचायत चायल में करोड़ों की लागत से बने रेनबासेरा में अब घास फूस ही बची है। बारिश के दिनों में नगर पंचायत जलमग्न हो जाता है। पानी सूखने के बाद घास फूस ही बचती है।

शासन के धन से बनाया गया रेनबासेरा अब धीरे धीरे खड़हर का रूप ले रहा है। हालांकि रैन बसेरा निर्माण के पीछे सरकार की मंशा थी कि यहां पर तमाम ऐसे लोग हैं, जो रात्रि निवास कर सकते थे, लेकिन अनदेखी के शिकार इस रैन बसेरा का निर्माण कराने के बाद जिम्मेदार भूल गए और आलम यह है कि इन दिनों रैन बसेरा में घास, घूस के अलावा अनदेखी का शिकार भवन ही बचा है। पूर्व में रहे नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा रैनबसेरा बनवाया गया है। जहां पर नगर पंचायत में आने वाले अतिथियों को रुकने के लिए व्यवस्था की गई है। अब वर्तमान में उक्त रैन बसेरा तालाब में तब्दील हो कर बड़ी बड़ी जंगली घास से पटता दिखाई दे रहा है। नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा कागजी कार्रवाई कर इसे साफ सुथरा दिखा कर शासन को रिपोर्ट भेज कर लाखों का गमन करने में सफल हो रहे है। लेकिन आला अधिकारी इन पर अब तक कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं। शायद यही वजह है कि रैन बसेरा अनदेखी का शिकार होता जा रहा है। हालांकि क्षेत्रीय बुद्धिजीवियों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# आत्महत्या को पहुंची महिला, पुलिस ने समझाया

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ा कुबरी गंगा घाट में परिवार की प्रताड़ना से आजिज एक वृद्ध महिला सोमवार को आत्महत्या को पहुंची। हालांकि महिला कोई आत्मघाती कदम उठा पाती कि पुलिस की नेटवर्किंग काम आ गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अपने साथ ले गई और उसे समझाकर उसका आक्रोश शांत कराया।

सदर कोतवाली अंतर्गत सेलरहा पश्चिम गांव निवासिनी आशा देवी पत्नी स्व. जयनारायण (51) सोमवार को कड़ा कुबरी गंगा घाट पहुंची। आत्म हत्या करने को गंगा में छलांग लगाती कि गोताखोरों ने रोककर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे हेडकांस्टेबल देवनारायण महिला को काफी समझा बुझाकर उसका आक्रोश शांत कराने के बाद उसे घर भेज दिया गया। हालांकि पुलिस व गोताखोरों की मदद से महिला आत्मघाती कदम नहीं उठा सकी और उसकी जान बच गई।


पीड़ित महिला को समझाती पुलिस

## टेढ़े हुए बिजली के पोल से हादसे का खतरा

**कौशाम्बी।** भरवारी के भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी कॉज के मेन गेट के पास बिजली के टेढ़े हुए खंभे और उस पर झूलते तारों से हादसे का खतरा बना है। लेकिन इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन ने अब तक बिजली के इस खंभे और उस पर लटकते तारों को ठीक नहीं कराया है। मामले में कॉलेज के प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव का कहना है कि बिजली का खंभा कई सालों से टूटा है। इसे सही करवाना उनका काम नहीं है, न ही उनके पास टूटे खम्भे को सही कराने के लिए कोई फंड है।

## महिला समेत जेठ-जेठानी से की मारपीट

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के असरावल खुर्द गांव में मंगलवार सुबह पड़ोसी युवक ने महिला और उसके जेठ-जेठानी को पीट दिया। पिटाई से तीनों को काफी चोटें आईं। घायलों ने थाने में युवक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। असरावल खुर्द गांव निवासी रामचंद्र मजदूरी करता है। पत्नी नेहा ने बताया कि मंगलवार सुबह वह घर सामने मटर फैला रही थी। इसी दौरान पड़ोसी के घर की बकरी आकर उसकी मटर खाने लगी। उसने बकरी को भगाकर पड़ोसी से उलाहना देने लगी। इसी बात को लेकर दबंग डंडा लेकर घर से बाहर निकला और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने डंडे से नेहा की पिटाई कर दी। शोर सुनकर महिला को बचाने पहुंचे उसके जेठ हरिश्चंद्र और जेठानी राजपती को भी पीट दिया। घायलों ने थाने जाकर आरोपित दबंग के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रधान पर गोशाला से संरक्षित मवेशी बेचने का आरोप, शिकायत

**चायल, कौशाम्बी।** नेवादा विकासखंड क्षेत्र के हासिमपुर किनार स्थित गोशाला में संरक्षित मवेशियों को बेचे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने प्रधान पर मवेशियों को बेचने का आरोप लगाया है जिसकी शिकायत बीडीओ से की गई है। हालांकि बीडीओ ने प्रकरण की जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है।

हासिमपुर किनार गांव के अमरजीत, जयप्रकाश, शारदा प्रसाद अग्रहरि, अर्जुन लाल, यासीन आलम, मो. जावेद और विश्राम आदि ने अफसरों को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनके गांव में बने अस्थायी गोआश्रय स्थल में पशुपालन विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 164 बेसहारा मवेशी संरक्षित किए गए हैं। जबकि वर्तमान में गोशाला में सिर्फ 117 मवेशी ही है। यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान द्वारा संरक्षित मवेशियों का विक्रय कर धन से तिजोरी भरा जा रहा है। शायद यही वजह है कि दिन प्रतिदिन गोशाला में संरक्षित मवेशियों की संख्या घट रही है। मामले की शिकायत सोमवार को ग्रामीणों ने बीडीओ से की है। मामले में बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय का कहना है शिकायत मिली है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है। प्रधान पर लगे आरोप जांच में साबित होते हैं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम प्रधान हासिमपुर किनार अनीता देवी का कहना है कि एक दो गांवों के पशुपालक सहभागिता योजना के तहत मवेशियों को गोद लेना चाह रहे थे, सोमवार को वही गोशाला में मवेशी देखने आए थे। मवेशियों की बिक्री करने के आरोप गलत हैं।

## बाजार से लौट रहे युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बेरौचा गुरौली गांव के समीप बाजार से घर लौट रहे युवक को पड़ोसी गांव के युवकों ने पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कौशाम्बी के ढोसकहा निवासी शिवलाल पुत्र रामकिशन का पड़ोसी गांव गुरौली के युवक से विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दोनों के बीच दो दिन पहले कहासुनी हो गई थी। बाजार से घर लौटते समय पहले से घात लगाकर बैठे आरोपित ने साथियों के साथ मिलकर उसे सरेराह रोका और मारपीट की। युवक के साथ सरेराह मारपीट देख आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। जख्मी युवक थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित सतेन्द्र समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विवाहिता की मौत की गुत्थी उलझी, चार पर केस

**कौशाम्बी।** कोतवाली के हाजीपुर पतौना गांव में सप्ताह भर पहले विवाहिता की संदिग्ध दशा में मौत हो गई थी। शव घर के भीतर फंदे से लटकता मिला था। मृतका के पिता का आरोप है कि उसकी बेटी ने खुदकुशी नहीं की बल्कि दहेज के लिए उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपित पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।
हाजीपुर पतौना निवासी जवाहर लाल ने बताया कि साल भर पहले उसने बेटी शांति की शादी गांव के अनिल कुमार के साथ की थी। शादी में मिले दहेज से ससुरावाले संतुष्ट नहीं थे। 29 जनवरी की रात बेटी की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बेटी की हत्या करने के बाद ससुरालवालों ने शव को फंदे से लटका दिया था। पीड़ित पिता ने थाने में मामले की शिकायत की। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति अनिल कुमार, ससुर सुखलाल, ननद सीमा देवी, गुडिया के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपितों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आईजीआरएस व लिखित जनशिकायतों के निस्तारण में खानापूर्ति : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी मंगलवार को कड़ा ब्लॉक के कई गांवों जैसे टेडीमोड, भानीपुर, मीरापुर, तकिया, मरदानपुर वर्जी आदि का भ्रमण किया और पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कार्यकताओं के साथ वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि आईजीआरएस एवं जन शिकायतों के निस्तारण में भारी लापरवाही एवं मनमानी की जा रही है। लोगों की शिकायतों का समुचित समाधान कराए बगैर जिला एवं तहसील प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महज खानापूर्ति की जा रही है। इससे लोगो में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कहा कि किसानों, गरीबों, मजदूरों एवं आम आदमी समेत समाज के कई वर्गों के लोग आईजीआरएस एवं लिखित जन शिकायत तहसील, ब्लॉक एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में करते हैं। लेकिन उक्त शिकायतों के समुचित समाधान करने में अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी, लापरवाही एवं खानापूर्ति करते हैं जिससे लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, साथ ही लोगों की समस्यायों का समुचित समाधान नहीं होने से लोग परेशान हो रहे हैं। अजय सोनी के मुताबिक सबसे ज्यादा खानापूर्ति एवं मनमानी, लापरवाही आईजीआरएस में की जाती है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आईजीआरएस के निस्तारण में मौके पर बगैर पहुंचे और शिकायतकर्ता के संपर्क किए बगैर निस्तारण कर दिया जाता है, और शिकायत एवं समस्या जस की तस रहती है। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार और कई तरह की शिकायतों के समाधान के लिए की गई। शिकायतों में शिकायतकर्ता को जानकारी दिए बगैर शिकायतों का मनमाना निस्तारण कर दिया गया और शासन को फर्जी रिपोर्ट भेज दी गई। जबकि समस्या जस की तस है। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला एवं तहसील प्रशासन से आईजीआरएस एवं लिखित शिकायतों पर समुचित ध्यान देने और समुचित समाधान करने की मांग की है अन्यथा प्रदेश शासन से लिखित शिकायत करने की बात कही है। इस मौके पर जय भूषण मौर्य, शिवम मौर्य, आलोक विश्वकर्मा, संतोष पटेल, इमरान अली आदि मौजूद रहे।


बैठक करते समर्थ किसान पार्टी के लोग

### युवक को जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** कोतवाली के मलाकसद्दी गांव के डब्लू ने बताया कि पड़ोसी के बच्चों से उसके बच्चों को खेलने के दौरान विवाद हो गया था। जानकारी होने पर वह उलाहना देने पहुंचा तो आरोपित मारपीट करने पर अमादा हो गया और जान से मारने की धमकी दी। देर शाम पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से युवक जख्मी

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव की विमला देवी पत्नी बीरभान ने बताया कि सोमवार की शाम बेटा अमन खेत की ओर गया था। शाम सड़क पार करते समय पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार भाग निकला। स्थानीय लोगों ने युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। देर शाम पुलिस ने पीड़ित के मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।


आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र व शिक्षकगण

# कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भरवारी मे हुआ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ। इस दौरान क्लास 11जी साइंस कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के छात्र एवं छात्राओं ने क्लास ट्वेल्थ के छात्र छात्राओं को फेयरवेल पार्टी दी। नम आंखों से बड़े भाव के साथ जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को मिठाई खिलाकर विदा किया।

विदाई समारोह की इस बेला में मिस्टर साइंस कृतज्ञ दिवेदी ,मिस साइंस सारा रुस्तम खान, वही मिस्टर कॉमर्स वैभव केसरवानी मिस कॉमर्स वर्तिका रस्तोगी, मिस्टर ह्यूमैनिटीज भास्कर शुक्ला एवं मिस ह्यूमैनिटीज शैलजा त्रिपाठी, मिस्टर केपीएस यादवेंद्र प्रताप सिंह, मिस केपीएस अंशिका रस्तोगी ,स्टूडेंट ऑफ द ईयर मेल आर्यन फ्रॉम ह्यूमैनिटीज, स्टूडेंट ऑफ द ईयर फीमेल श्रेयांशी फ्रॉम कॉमर्स को प्रदान किया गया। बहुत ही भव्य तरीके से इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया इसमें जूनियर छात्र छात्राओं के साथ साथ केपीएस भरवारी के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। क्लास 12जी के सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे परिपूर्ण हो करके छात्र एवं छात्राएं अपने समाज और देश का विकास कर सकते हैं। एक शिक्षित व्यक्ति ही सभ्य समाज का निर्माण कर सकता है। सभी को शिक्षित होना चाहिए। इसके अलावा केपीएस किड्जी फाउंडर देव बाबू गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान अपनी शुभकामनाएं समस्त छात्र-छात्राओं को दिया। कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार, डिप्टी डायरेक्टर डॉ मिश्रा, केपीएस प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा, उप प्रधानाचार्य सुशील त्रिपाठी, दीपक खरवार, मधुबन पटेल, नारायण तिवारी, अविनाश त्रिपाठी ,सौरभ सिंह, सुशील यादवदेवेश मिश्रा जी, सौरभ त्रिपाठी,मोहम्मद अब्दुल आदि उपस्थित रहे।

# धर्म परिवर्तन की तहरीर पर दस पर केस दर्ज

**सैनी कोतवाली का मामला, चौकी ने सौंपी तहरीर**

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी थाना पुलिस ने सोमवार की शाम तीन महिला व पुरूष समेत दस अज्ञात के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराए जाने का केस दर्ज किया है। आरोप है कि धुमाई ग्राम सभा में अनुसूचित जाति के लोगों को बीमारी रोग ठीक करने एवं रुपए का लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। सैनी थाना क्षेत्र के बलीपुर शाख गांव के रहने वाले विजय पुत्र आमिर थाना पुलिस का चैकीदार हैं। विजय ने बताया उसके गांव के बगल घुमाई ग्राम सभा में गेंदालालपुत्र छोटेलाल, उसकी पत्नी सरिता देवी गांव के एक मैदान में अक्सर गांव के भोले-भोले अनुसूचित जाति के लोगों को बीमारी और रोग ठीक करने का लालच देते है। प्रलोभन व चमत्कार की बात बताकर हमेशा सभा का आयोजन करते हैं। रविवार पांच फरवरी की दोपहर में एक सभा आयोजित की गई। सभा में ईसाई धर्म के लोग चमत्कार दिखाकर गांव के अनुसूचित जाति के लोगों को बरगला रहे थे, ताकि वह प्रलोभन में आकर धर्म परिवर्तन कर लें। इसके लिए बीमारी ठीक करने का लालच दिया जाता हैं। बदले में कुछ परेशान ग्रामीणों को रुपए पैसे भी देते हैं। यह भी बताया कि इस काम में हीरालाल पुत्र भजनलाल, मालती देवी पत्नी हीरालाल, नैना देवी पत्नी सियाराम रामचंद्र पुत्र सियाराम, मंज पुत्री चैबे, संजू पुत्री चैबे, संगीता पत्नी श्यामू ,अनीता पत्नी महेश तथा अन्य लोग शामिल हैं। गांव में आरोपियों का यह कृत्य काफी समय से चलता चला आ रहा है। सभा में लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा कर पैसा कमा रहे हैं। हालांकि पुलिस केस दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दिया है।

### चालक को पीटा, ट्रक में की तोड़फोड़

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कनैली बाजार के समीप युवक ने साथियों के साथ मिल ट्रक चालक को पीट दिया। इसके बाद ट्रक में तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। ट्रक मालिक को घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रतापगढ़ के गडैली निवासी मोहम्मद सद्दाम ट्रक चालक है। सोमवार वह ट्रक लेकर बालू लेने के लिए महिला घाट जा रहा था। इसी दौरान सरायअकिल के कनैली बाजार के समीप शिव सिंह ने साथियों के साथ मिल ट्रक को रोक लिया। इस पर चालक ने विरोध किया तो आरोपितों ने उसे ट्रक से खींचते हुए पीट दिया। इसके बाद ट्रक में तोड़फोड़ कर शीशा तोड़ दिया। इसके बाद आरोपित चालक कोजान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। चालक ने घटना की जानकारी मालिक को दी और थाने पहुंचा। थाने में नामजद तहरीर पुलिस को दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अरोपित शिवसिंह समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तालाब में पलटी कार, पुलिस ने क्रेन से निकलवाया


घटनास्थल पर मौजूद लोग

**चायल,कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अंतर्गत चायल नगर पंचायत में इन दिनों सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। ऐसे में सड़क सही न होने के कारण सोमवार की रात एक कार चालक अनियंत्रित होकर कार सहित तालाब में पलट गया। हादसे में कार सवार लोग चुटहिल हुए हैं।

बता दें कि प्रयागराज के लूकरगंज निवासी धर्मेंद्र सिंह सरायअकिल के कनैली गांव ससुराल आए थे। कार में उनके साथ प्रीति सिंह, बेटा हर्ष, बेटी आस्था सवार थी। हादसे के बाद चीख पुकार सुन आसपास रहे लोगों ने किसी तरह कार के अंदर से लोगों को निकाल लिया। हालांकि सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद क्रेन से कार को बाहर निकाला लिया है।

## संक्षेप

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में नौ घायल

**प्रतापगढ़।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दुर्घटना में नौ लोगों के घायल होने की सूचना है। प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लालगोपालगंज गांव निवासी अविनाश पटेल (25) पुत्र राधेश्याम अपने साथ सुरजीत सिंह (18) पुत्र राधेश्याम तथा बुधराम (10) पुत्र तूफान पटेल के साथ बाइक से कुंडा की ओर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे तीनो सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। नवाबगंज के केशरी का पुरवा गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार (25) पुत्र शिव भवन बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। कुंडा के जमेठी गांव निवासी जयसिंह (25) पुत्र सजनलाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। सरियावां गांव निवासी अनीश (23) पुत्र नन्हेंलाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। ताजपुर निवासी राजा बाबू (22) पुत्र ओम प्रकाश बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को इलाज को सीएचसी भेजा।

# पचास लाख लागत से अधिक की परियोजनाओं का जिलाधिकारी ने किया समीक्षा


अधिकारियों के साथ समीक्षा करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यों एवं 50 लाख रुपए से अधिक की लागत के परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यों में आपसी सामंजस्य बनाकर तेजी लाये। टीम भावना से काम करते हुये कार्यों को आगे बढ़ाये। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि जनपद में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का क्रियान्वयन पूर्ण गुणवत्ता व समय सीमा के तहत पूरा किया जाए। कार्यों में ढिलाई क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण करे। बैठक में सीएनडीएस के परियोजना प्रबन्धक के अनुपस्थित पाये जाने पर स्पष्टीकरण का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को निर्देश दिया कि आवास से सम्बन्धित जांच के दृष्टिगत अनियमितता करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही की जाये। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 17 फरवरी को सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जायेगा। जिसके लिए अभी तक 245 प्रस्ताव आ चुके है। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिया कि विकास खण्डों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों के पंजीकरण की संख्या को बढ़ाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। कन्या सुमंगला योजना के नये आवेदन कराये जाये और लाभार्थियों को लाभान्वित करायें। निर्माणपरक कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर कर दिया जाये। इसी प्रकार डीएम ने जिले में चल रही अन्य विभागों के विकास कार्यों की हकीकत जानी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में खींचतान से प्रभावित हो रहा कार्य

**प्रतापगढ़।** जिले का निर्माणाधीन मेडिकल कालेज डाक्टर सोने लाल पटेल अभी पूरी तरह से अस्तित्व में आया भी नहीं कि लोग इसकी जड़े हिलाने में लग गए हैं। इनके द्वारा आए दिन कोई न कोई प्रायोजित हंगामा और शिकायत पोर्टल पर करके कालेज और उसके स्टाफ की छवि को धूमिल करने की कोशिश की जाती है। मेडिकल कालेज बनने से जिनकी दुकानें बंद होने वाली है वे लोग इसकी जड़े हिलाने में लगे हैं। धंधा मंद पड़ गया है या फिर बंद है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे लोगों ने अपने बंदे पाल रखे हैं जो आका का इशारा पाते है। हंगामा और फर्जी शिकायत करना शुरू कर देते हैं। इनके लोग महकमें में घुसे हैं। जो गोपनीय सूचनाएं सार्वजनिक कर रहे हैं, जो हित में नहीं है। इस तरह की चर्चा अस्पताल में हो रही है। प्रभारी मंत्री के सामने भी कुछ ऐसा प्रायोजित होने की आशंका की संभावना लोगों द्वारा जताई जा रही है। स्वास्थ्य महकमे से जुड़े लोगों का कहना है कि मेडिकल कॉलेज कुछ लोगों को शुरू से पच नहीं रहा है। इसकी शुरूआत मेडिकल कालेज की आधार शिला से ही हो गई थी। लोग मेडिकल कॉलेज के निर्माण को रोकने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए गए। तत्कालीन सीएमओ और प्रिंसिपल को आपस में भिड़ा दिया गया। दोनो में मनमुटाव ऐसा हुआ कि खिलाफ में तलवारें खिंच गई। दोनो के चहेते ऐसे झगड़े कि पुलिस को कई बार दखल देना पड़ा है। दोनो अफसरों की लड़ाई शासन स्तर पर दिखाई देने लगी। चहेते मौज लेते रहे। सीएमओ पूर्व में जिला अस्पताल में रह चुके थे। सीएमओ बनकर आए तो उनके पुराने सम्बन्ध ताजा हो गए। कई लोगों को उन्होंने फायदा दिया। उस समय मेडिकल कॉलेज का मुद्दा उछला। वो अभी तक शांत नहीं हो पाया है। जिनके अस्पताल से नजदीक के रिश्ते रहे हैं और हैं। आरोप है कि वही लोग मेडिकल कॉलेज की जड़ में मट्ठा डालने का काम कर रहे हैं। उनकी लगाई आग में कालेज के साथ साथ दोनो अस्पताल ( महिला, पुरुष ) अभी भी सुलग रहे हैं। ये लोग मेडिकल कॉलेज की छवि को बिगाड़ कर शासन की मंशा में पलीता लगाने का काम कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसे लोगों को शासन कब खबर लेगा। मेडिकल कॉलेज का अंदर से विरोध कर रहे लोगों को नए प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव भी नहीं बख्श रहे हैं। सूत्रों की मानें तो पीठ पीछे उनको भी देख लेने की बात कहने से लोग गुरेज नहीं करते हैं। उन्हें भी इसका आभास जरूर हुआ होगा।

**इनका कहना है**

इस बारे में प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है मेडिकल कॉलेज से लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। महिला और पुरुष अस्पताल के मरीज इससे लाभान्वित हों। यही उद्देश्य है। बाकी से उनका कोई लेना देना नहीं है। अच्छे काम का विरोध कोई नई बात नहीं है।

# अधिवक्ताओं ने दिया धरना, विरोध में प्रदेश सरकार का फूंका पुतला


प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**लालगंज।** बार कौंसिल के आहवान पर मंगलवार को वकीलों ने लालगंज तहसील में धरना प्रदर्शन किया। विभिन्न मांगो को लेकर वकीलों ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला भी फूंका। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में वकीलों ने विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ता कल्याण निधि में बढोत्तरी, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम, बुजुर्ग अधिवक्ता पेंशन व अधिवक्ता पुस्तकालय भत्ता के साथ ही वकीलों के प्रदेश व्यापी उत्पीड़न को लेकर अधिवक्ता खासे आक्रोश में दिखे। नारेबाजी करते वकीलो ने उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। तहसील स्थित पार्क में हुई सभा मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि प्रदेश सरकार वकीलो के हितो की अनदेखी कर रही है। वकीलों की मांगे पूरी नही हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। सभा का संचालन संघ के महामंत्री शेष तिवारी ने किया। आम सभा मे संघ के पूर्व अध्यक्ष टीपी यादव, पूर्व उपाध्यक्ष विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, विनय शुक्ला, दिनेश सिंह, पूर्व महामंत्री संदीप सिंह आदि ने भी मांगो को लेकर आक्रोश जताया। इस मौके पर शैलेन्द्र मिश्र, सिंटू मिश्र, संजीव तिवारी, उमेश सिंह, अखिलेश द्विवेदी, सुधाकर मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, केके शुक्ल, हरेकृष्ण तिवारी, राजेश द्विवेदी, विकास तिवारी, शिवेन्द्र तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम ने नहरों की सुरक्षा व देखभाल पर दिए निर्देश

**लालगंज।** लालगंज ब्लाक सभागार में नहरों की देखभाल को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता मे बैठक हुई। जिसमे सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के बीच सामजस्य बनाकर नहर से जुडी समस्याओं के निपटारे की बात कही गयी। एसडीएम सौम्य मिश्र ने बताया कि नहर में बंधा बना लेने, नहर को काट देने, नहर की पटरी को क्षतिग्रस्त करने आदि से जुडी तमाम समस्याएं आती हैं। इनके समय से निपटारा कराए जाने को लेकर सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग व पुलिस विभाग मे सामंजस्य बनाकर कार्य करना जरूरी है। इसके लिए निर्देशित किया गया है। जिससे कि भविष्य में यदि नहर से जुडी किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसका समय से पारदर्शिता पूर्ण निस्तारण कराया जा सकेगा। बैठक में सीओ रामसूरत सोनकर, सहायक अभियंता सिंचाई गणेशशंकर श्रीवास्तव, जेई एके सिंह, मनीष, मनोज, जितेश, रामयश, राममिलन, सीचंपाल रामचंद्र, सालिकराम तिवारी, प्रमोद तिवारी, अवधेश सिंह, सुरेन्द्र शुक्ल, वीर बहादुर आदि मौजूद रहे।

# मंदिर परिसर में मांस मिलने से ग्रामीणों का हंगामा, चार पर एफआईआर


मंदिर परिसर में मांस मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के डांडी गांव के एक बाग स्थित प्राचीन मंदिर परिसर में प्रतिबंधित मांस के कुछ टुकडो के मिलने से मंगलवार सुबह हडकंप मच गया। जानकारी होते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सूचना पाकर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के सदस्य भी पहुंच गये। प्रतिबंधित मांस को लेकर एक सम्प्रदाय पर आरोप लगाते हुए लोग आक्रोशित हो उठे। सूचना पर पहुंचे सीओ के घण्टों समझाने के बाद लोग किसी तरह माने । घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गयी है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। लीलापुर थाना के डांडी गांव निवासी मंदिर के पुजारी रामविशाल तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव स्थित महावीर के बाग में हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है। यहां ग्रामीण दर्शन पूजन करते हैं। इस मंदिर के परिसर में लगे हैण्डपम्प पर बीते सोमवार की रात करीब आठ बजे प्रतिबंधित मांस को धुला गया। प्रतिबंधित मांस के कुछ टुकडो को मंदिर परिसर में फेंक दिया गया। परिसर में लगी सरकारी बेंच को भी तोड दिया गया। जानकारी होने पर घटना की सूचना पीआरवी पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंचे दो पुलिसकर्मी जांच के बाद वापस लौट गये। इधर मंगलवार की सुबह मंदिर परिसर में प्रतिबंधित मांस फेकें जाने की जानकारी होते ही हिन्दू समाज के लोगों में आक्रोश पनप उठा। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गये। घटना को लेकर लोग विरोध प्रदर्शन करने लगे। मामला दो सम्प्रदाय के बीच के होने की जानकारी होते ही पुलिस के हाथ पांव फूल गये। आननफानन में फोर्स के साथ सीओ रामसूरत सोनकर व लीलापुर थानाध्यक्ष सुभाष यादव भी पहुंच गये। घटना को लेकर ग्रामीण आक्रोश जताते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सीओ के घंटो समझाने के बाद लोग किसी तरह माने। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि मंदिर के पुजारी रामविशाल तिवारी की तहरीर पर डांडी पूरे रंजीत गांव के अनस पुत्र अख्तर, नादिर पुत्र नन्हे, छित्ती के पुत्र व बूंदी के नाती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयाजित

**पट्टी।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ० विकास त्रिपाठी नोडल अधिकारी एवं पूर्व चेयरमैन जुग्गी लाल जायसवाल, डॉ अखिलेश अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में डॉ ज्ञानेंद्र मौर्या मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि लोगों को मानसिक रोगों के प्रति अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है मानसिक रोग से संबंधित किसी भी प्रकार के लक्षण होने पर अस्पताल में इलाज हेतु संपर्क करें। डॉ० विकास त्रिपाठी नोडल अधिकारी एन सी डी कार्यक्रम प्रतापगढ़ द्वारा बताया गया कि आज हर घर में कोई न कोई किसी न किसी कारण तनाव में हैं। तनाव में रहने से समस्याएं बढ़ती हैं। समस्या बहुत साधारण स्तर से शुरू होकर बाद में जटिल मानसिक रोग/ पागलपन का रूप ले लेती है। ऐसी समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर काउंसलिग या योग के माध्यम से आसानी से दूर किया जा सकता है। मानसिक रोगों से बचने के लिए हमें जीवन-शैली में सुधार लाने और नियमित रूप से योग को अपनाने की जरूरत है। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 400 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ में निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर, डॉ राकेश , डॉ कर्म चंद्र , डॉ उत्सव भारती, डॉ अनुपम यादव,डॉ दीप्ति जायसवाल, डॉ प्रियंका पाण्डेय, डॉ राममनोहर, डॉ रिषभ, डॉ संतोष, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ए. एन. एम.आशा संगिनी,आशा आदि उपस्थित रहे।

# मोबाइल चोरी के आरोप में युवक को पीटकर किया घायल


पिटाई से घायल युवक

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के तकिया बडेरा निवासी अनवारूल हुसैन उर्फ गोरे पुत्र अफसर अली एवं परवाना पुत्र रहीस निवासी तकिया बडेरा को कुछ युवकों ने मोबाइल चोरी के आरोप में पीटकर घायल कर दिया। दोनों युवक किसी काम से गढ़ी मानिकपुर गए थे। ज्वाला देवी मंदिर के सामने स्थित बंशी लाल सोनकर की दुकान पर पान खाकर वापस लौट रहे थे। इसके बाद महेश सोनकर, बंशी लाल सोनकर अपने कई साथियों के साथ इन दोनों युवकों के पास पहुँचे। मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर अपने गाड़ी में बैठा लिया। मानिकपुर से पहले बैरहना में दोनों युवकों को मार पीटकर घायल अवस्था में वही छोड़कर भाग निकले। स्थानीय लोगों ने घायल पड़े दोनों युवकों के बारे में सूचना मानिकपुर थाने में दी। सूचना पर पहुची मानिकपुर पुलिस ने दोनों युवकों को मेडिकल के लिए ले गई। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने दविश दी मगर सफलता हांथ नहीं लगी।

# अमहट की टीम ने जीता सीआरआई खिताब


पुरस्कृत होती टीम

**प्रतापगढ़।** सीआरआई क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया। दांदूपुर की टीम को हराकर अमहट सुल्तानपुर की टीम के खिलाड़ियों ने सीआरआई खिताब जीत लिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य और भाजपा नेता दिनेश गुप्ता ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार व ट्राफी देकर सम्मानित किया।

गड़वारा इंटर कालेज मैदान पर दस दिन से अभियान स्पोर्ट्स एंड वेलनेस फाउंडेशन द्वारा आयोजित सीआरआई क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला मंगलवार को हुआ। ककरहा की टीम व अमहट सुल्तानपुर की टीम और बदलापुर व दांदूपुर टीम के बीच हुए सेमीफाइनल मुकाबले में अमहट व दांदूपुर की टीम ने जीत कर फाइनल में पहुंच गई। फाइनल मुकाबले में अमहट टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय किया। बल्लेबाजी को मैदान में उतरी दांदूपर की टीम 9.4 ओवर में 95 रनों पर ढेर हो गई। जवाब में उतरे अमहट के खिलाड़ियों ने 3 विकेट के नुकसान पर 8 ओवर में ही सीआरआई मैच जीत कर खिताब अपने नाम कर लिया। कमेंट्री अंकित सिंह, गौरी शंकर मिश्र, बंटी सिंह और निर्णायक की भूमिका में शैलेंद्र मिश्र व कमेटी के अध्यक्ष अजय विक्रम सिंह रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य व भाजपा नेता दिनेश गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया। आयोजक समाजसेवी नवीन सिंह और प्रायोजक युवा नेता पंकज शुक्ल ने सभी का आभार जताया। इस दौरान डॉ मनीष सिंह, सत्येंद्र सिंह, रवि शुक्ल, सुरेश प्रताप सिंह, सुनील सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अभय सिंह, धर्मराज सिंह, संजय सिंह, रोहित सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने प्रदर्शन तेज करने का किया ऐलान

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के बैनर तले कर्मचारी सोमवार की तरह मंगलवार को भी कलमबंद हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों का कहना है कि कुछ उच्चाधिकारियों की हठधर्मिता से खंडीय सहायकों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसलिए संघ को धरना प्रदर्शन व हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। कर्मचारी नेता विश्वजीत सिंह ने बताया कि 3 और 4 फरवरी को कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। सोमवार और मंगलवार को कलमबंद हड़ताल की। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 8,9 और 10 फरवरी को क्षेत्रीय मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। 13 फरवरी को लखनऊ स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।

# डीआईओएस ने दर्जनभर परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण


परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते डीआईओएस

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ ओपी राय ने मंगलवार को जिले के दर्जन भर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति के बारे में केंद्र व्यवस्थापकों से जानकारी की। इसके अलावां प्रश्न पत्रों के रखरखाव हेतु स्ट्रांग रूम की व्यवस्था एवं डबल लॉक की व्यवस्था को देखा। परीक्षा केंद्र पर जनरेटर एवं इनवर्टर की व्यवस्था, ओएमआर के रखरखाव की व्यवस्था, मेन गेट पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था, सादी उत्तर पुस्तिकाओं के रखरखाव की व्यवस्था को गहनता से परीक्षण किया। परीक्षा केंद्र पर राउटर डिवाइस, डीवीआर, हाई स्पीड इंटरनेट आदि की व्यवस्था आदि को चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। परीक्षाकेंद्र संत एंथोनी इंटर कालेज में निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य फादर आनंद जॉन द्वारा परीक्षा के संबंध में की गई व्यवस्था की डीआईओएस ने सराहना की। निरीक्षण के दैरान उनके साथ प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस आदि साथ रहे।

# मोहन भागवत का बयान पिछड़े और अनुसूचित जातियों को ठगने वाला : डॉ आरके वर्मा


लोगों को संबोधित करते डॉ. आर.के. वर्मा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के मैनहा अलीपुर स्थित ग्राम विकास गर्ल्स इंटर कॉलेज में मंगलवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब रामचरितमानस से गैर बराबरी ऊंच-नीच भेदभाव संविधान विरोधी पंक्तियों को हटाने की बात की तो तथाकथित छद्म सनातनियों की भावनाएं आहत हो गई। मुदार्बाद के नारे लगाए जा रहे हैं। पुतले जलाए जा रहे हैं। सरकार के इशारे पर फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे हैं। संविधान एवं सम्मान की रक्षा के लिए सामाजिक संगठनों द्वारा शांति मार्च एवं महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन देना भी अपराध हो गया है। सरकार के इशारे पर संततियों द्वारा सामाजिक न्याय की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। वही जब आर एस एस के चिंतन शिविर में जब यह महसूस हुआ कि देश का पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज भाजपा के खिलाफ लामबंद होकर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है। तब पिछड़े एवं अनुसूचित समाज की भावनाओं को पुनः ठगने के लिए आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत का बयान आता है कि ऊंच-नीच गैर बराबरी जाति पाति छुआछूत भेदभाव ईश्वर ने नहीं बनाया बल्कि समाज के पंडितों ने बनाया। अब यह सुनकर जातिगत पंडितों और शैक्षिक पंडितो एवं छद्म सनातनी भाजपाइयों की भावनाएं आहत नहीं हुई। न उनके विरोध में प्रदर्शन हुए न पुतले फुके गए न ही मुदार्बाद के नारे लगे। इससे उनकी मंशा साफ जाहिर होती है कि पिछड़ी अनुसूचित तथा कथित सूद्र समाज के लोगों को अधम और नीच समझना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। लेकिन सामाजिक न्याय की यह आवाज न थकेगी न रुकेगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिए निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। विद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह में विद्या के मंदिर में जात मजहब गरीब अमीर के नाम पर बंटवारा नहीं होता। आज भारतीय जनता पार्टी के लोगों से सावधान हो जाना चाहिए। क्योंकि भाजपा सरकार वही लोग चला रहे हैं जो सदियों से समाज में जाति पाति ऊंच-नीच भेदभाव पैदा करके पिछड़ी अनुसूचित तथाकथित शूद्र समाज का शोषण और अपमानित किया। आज कहने के लिए देश भारत के संविधान से चल रहा है लेकिन सच तो यह है कि देश में पिछड़े अनुसूचित समाज का मौलिक अधिकार भी सुरक्षित नहीं है। भारत के संविधान के मौलिक अधिकार के अनुच्छेद 15 में बाबा साहब ने लिखा है कि इस देश के किसी नागरिक के साथ जाति, वंश, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगा। इस मौके पर शकील अहमद, तकदिरूद्दीन, एस पी पटेल, सुधीर श्रीवास्तव, शेखर सिंह चैहान, संतोष सिंह चैहान, प्रबंधक जय शंकर, प्रधानाचार्य अजीत सिंह, शिव शंकर सरोज, प्रदीप वर्मा, विद्यालय स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## मुफ्त में मिलेगा कार्डधारकों को चीनी व खाद्यान्न

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। खाद्यान्न का वितरण 8 से 15 फरवरी के बीच ई-पॉस मशीन से कोटेदारों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल दिया जायेगा। इसके अलावां अन्त्योदय कार्डधारकों को तीन किग्रा0 चीनी 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से वितरण किया जायेगा। जिन लाभार्थियों का आधार नहीं लिंक होगा उन्हें मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के जरिए 15 फरवरी को दिया जाएगा। खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रोन्जेक्शन कर सकेंगे। चीनी वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। उन्होने बताया है कि वितरण के सम्बन्ध में कोई भी शिकायत उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से सम्पर्क कर व टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 एवं 1967 पर की जा सकती है।

# मजलूमो के चेहरे पर हो मुस्कान : मरियम इस्लाम मेमोरियल ट्रस्ट


कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे

**प्रतापगढ़।** मरियम इस्लाम मेमोरियल ट्रस्ट की मुहिम चलो गांव की ओर के तहत अपने जिला अध्यक्ष शहिदुल हक के निर्देश पर टीम पहुंची सरवरपुर उड़ैयाडीह। कार्यक्रम का अयोजन मरियम इस्लाम मेमोरियल ट्रस्ट के जिला सचिव आमिर खान एडवोकेट साहब वा जिला महासचिव हाफिज एजाज साहब ने किया। बैठक का संचालन करते हुए मरियम इस्लाम मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय सलाहकार गुलाम रजा ने कहा दुनिया में अगर कही सुकून मिलता है तो वो मजलूमो के चेहरे पर मुस्कान देखने के बाद ही मिलता है और हमारी तंजीम समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य करती है। बैठक में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए मरियम इस्लाम मेमोरियल ट्रस्ट के महासचिव हाफिज एजाज ने कहा की हमारी संस्था जरूरत मंद लोगों की हमेशा मदद करने के लिए तत्पर रहती हैं शिक्षा के क्षेत्र में हमारी संस्था गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं और जो जरूरतमंद बच्चें हैं उन्हें पाठ्य सामग्री वितरित करती हैं। मरियम इस्लाम मेमोरियल ट्रस्ट के संस्थापक रशीद अहमद जी ने कहा की हम लोग कभी किसी से वोट मागने और ना ही राजनीति करने के लिए आप लोगों के बीच आए हैं । सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जो समाज के अंतिम पायदान पर मौजूद लोगों तक नहीं पहुंच पाती हैं हमारी संस्था लोगों को जागरूक कर सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करती हैं और लोगों को जागरूक करती रहती हैं ट्रस्ट के लोगो ने जरुरतमंद लोगों को पाठ्य सामग्री और जरूरत के सामान लोगों को वितरित किया और गांव के लोगों से कहा अगर आप सभी हमारी संस्था से जुड़े तो जो भी जायज समस्या होगी वो समस्या हमारी समस्या होगी जब आप बुलाएंगे हम आपके बीच मौजूद मिलेंगे हमारी संस्था की मुहिम शिक्षा सेवा समानता है जिसपर कार्य चल रहा है और हमेशा करते रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप सलमान खान पत्रकार जिला के साथी मोहम्मद बिलाल जिला सचिव आमिर खान एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष इरसाद पठान साहब आदि लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# शोरगुल में गुम आम आदमी की आवाज

राजेश माहेश्वरी



अडाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर विपक्षी सांसदों के बार-बार हंगामे से संसद के दोनों सदनों का कामकाज ठप है। अडाणी प्रकरण पर विपक्षी दल लगातार केंद्र को घेरने का प्रयास कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अडाणी समूह के शेयरों में हालिया गिरावट एक 'घोटाला' है जिसमें आम लोगों का पैसा शामिल है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उनमें निवेश किया है। वहीं, अडाणी समूह ने कहा है कि वह सभी कानूनों और सूचना प्रकट करने संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन करता है। विपक्ष इस मामले में उच्चतम न्यायालय की निगरानी में या किसी संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी) द्वारा कराए जाने की मांग कर रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिए कर्ज की जानकारी मांगी है। वित्तीय संस्थानों और एलआईसी ने अपनी स्थिति साफ की है, बावजूद इसके विपक्ष हंगामे से बाज नहीं आ रहा है। बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की बजाय विपक्ष की राजनीति को हंगामा रास आ रहा है। हर रोज बजट सत्र हंगामे के भेंट चढ़ रहा है, थोड़ी-थोड़ी देर में सदन स्थगित हो जा रहा है। तो सवाल है कि आखिर जिम्मेदार कौन है और संसद चलाने की जिम्मेदारी किसकी है? संसद जनता के पैसे से चलती है और जनता के लिये चलती है। इसका मूल उद्देश्य देश भर से चुने गए जन प्रतिनिधियों के माध्यम से देश के हर गरीब, वंचित, शोषित और हर वर्ग का सर्वांगीण विकास और कल्याण है। यह हर सांसद का मूल दायित्व है। लेकिन विपक्ष द्वारा भारी हंगामे के कारण बजट सत्र हंगामे की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

पिछले कुछ समय में संसद में कामकाज को लेकर सवाल उठते रहे हैं। खासकर संसद में होने वाले हंगामे और बहिष्कार को लेकर खराब होने वाले समय को लेकर। क्या आपको मालूम है कि संसद में एक घंटे की कार्यवाही पर कितना खर्च होता है। करीब 1.5 करोड़ रुपया यानि हर मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपया। पूरे 1 दिन का खर्च 9 करोड़ रुपये होता है। खुद अंदाज लगाया जा सकता है कि संसद के दोनों सदनों में होने वाले बॉयकाट और हंगामे से जनता का कितना पैसा बर्बाद हो जाता है। संसद का मानसून सत्र तय समय से चार दिन पहले ही खत्म हो गया था। सत्र महंगाई पर विपक्ष के हंगामे, सदस्यों के निलंबन और राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति चुनाव के कारण जाना जाएगा। हंगामे से दोनों सदनों की कार्य उत्पादकता 50 फीसदी से भी कम रही। संसद की कार्यवाही के लिए जो इतने पैसे खर्च किए जाते हैं वो कहां से आते हैं? वो आते हैं हमारी और आपकी कमाई से। दिनरात हम और आप जी तोड़ मेहनत करके पैसा कमाते हैं फिर सरकार उस पर टैक्स वसूलती है, जिससे सरकारी खजाना भरता है। उसी खजाने से संसद की कार्यवाही पर पैसा खर्च होता है। लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को वैसे तो वेतन व अन्य भत्ते मिलते हैं, लेकिन संसद सत्र के दौरान उन्हें सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने के ही 2000 रुपये मिलते हैं। अगर सांसद संसद भवन जाकर वहां रजिस्टर में हस्ताक्षर करते हैं तो उन्हें यह राशि मिलनी तय है।

फिर इसके बाद वह सदन में कोई प्रश्न पूछे या हंगामा करे। काम हो या न हो उनका यह भत्ता उन्हें मिलता है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसदों को संसदीय परंपरा के अनुरूप व्यवहार की नसीहत देते हुए कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, जनता के पैसे की बर्बादी हो रही है और जनकल्याण के मुद्दे उठाने के बजाय सदस्य हंगामा कर रहे हैं। लेकिन विपक्ष का शोर थमने का नाम नहीं ले रहा। लेकिन इससे भी बड़ा नुकसान तब होता है जबकि बहुत सारी नीतिगत फैसले नहीं लिए जा पाते हैं, बहुत सारे कानून बन ही नहीं हो पाते हैं। सवाल यही है कि देश की जनता का इतना फिक्र करने वाली राजनीतिक पार्टियां इतनी आसानी से जनता का पैसा कैसे बर्बाद कर देती हैं?

आंकड़ों की तुलना करें तो पता चलता है कि 1952 से लेकर 1967 तक प्रत्येक तीन लोकसभाओं की औसतन 600 दिन बैठकें हुईं। लेकिन 15 वीं लोकसभा (2009 से 2013) तक मात्र 365 दिन बैठक हुई। पहली लोकसभा में सदन के कामकाज के कुल समय में से 49 फीसदी समय विधेयकों पर चर्चा में लगाया गया था। यह आंकड़ा दूसरी लोकसभा में नीचे गिरकर 28 फीसदी पर आ गया और अब 15वीं लोकसभा में मात्र 23 फीसदी समय विधेयकों पर चर्चा में दिया गया। बैठकों और कामकाज के लिहाज से 14वीं और 15वीं लोकसभा का कार्यकाल सबसे कमजोर कहा जा सकता है।

यह आम धारणा रही है कि एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद अडाणी समूह का साम्राज्य अप्रत्याशित रूप से बढ़ा है। विपक्ष के इस विरोध के मूल में आर्थिक अनुशासन कायम करने के बजाय मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करना प्राथमिकता नजर आता है। लगातार यह दलील दी जाती है कि अडाणी समूह की अप्रत्याशित सफलता के लिये सरकारी बैंकों से भारी ऋण उपलब्ध कराया गया है। जिससे जनता का पैसा दांव पर लगा है।

अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' द्वारा गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद समूह के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। हालांकि, अडाणी समूह ऐसे किसी भी आरोप को खारिज करता रहा है और इसे भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी हमला बताता रहा है। लेकिन इसके बावजूद समूह को साख के अलावा अरबों का नुकसान हुआ है। निस्संदेह, इन परिस्थितियों में उम्मीद की जानी चाहिए कि सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक जैसी नियामक संस्थाएं ऐसे मामलों में शीघ्र व निर्णायक रूप से पहल कर-के लोगों का विश्वास बहाल करें। रिजर्व बैंक एवं अन्य जिम्मेदार वित्तीय संस्थान इस मामले में पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में विपक्ष द्वारा देश की वित्तीय एवं अन्य संस्थाओं की विश्वसनीयता और कार्यशैली पर अविश्वास जताना कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता।

वास्तव में लोकतंत्र में जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन होता है। जनता के प्रतिनिधि के रूप में सांसद जनता की आवाज संसद में उठाते हैं। लोग अपने प्रतिनिधियों को बोलने के लिए भेजते हैं, धरना पर बैठने के लिए नहीं, और न ही सदन में दिक्कतें पैदा करने के लिए। बाधा पैदा करने का मतलब है कि आप चोट पहुंचा रहे हैं, आप बहुमत की आवाज दबा रहे हैं। सिर्फ अल्पमत ही सदन के बीचों बीच आता है, नारेबाजी करता है, कार्यवाहियां रोकता है और ऐसे हालात पैदा करता है कि अध्यक्ष के पास सदन की कार्यवाही स्थगित करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं होता।

सरकार और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप की प्रथा कोई नयी नहीं है। इसमें दोनों को ही खूब आनंद भी आता है। किन्तु आम जनता और राजनीति के मध्य आम जनमानस की भलाई से जुड़े गंभीर और अति महत्व के विषयों की घोर अनदेखी हो रही है। मौजूदा बजट सत्र विपक्ष के अड़ियल रवैये और तुच्छ राजनीति की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करनी चाहिए। विपक्षी सांसद चर्चा के दौरान कुछ भी बोल सकते हैं, लेकिन लगता है कि वे सदन की कार्यवाही ही नहीं चलने देना चाहते हैं। उनका मंतव्य किसी न किसी बहाने सरकार को घेरना और उसकी छवि को ठेस पहुंचाना है। विपक्ष को संसद में हंगामे की बजाय लोकहित के मुद्दों को तरजीह देनी चाहिए। आखिरकार जनता ने उन्हें इसी काम के लिए चुनकर संसद में भेजा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

---

(सत्ता सुख की चाह ने और प्रतिष्ठित होने की लालसा ने इस भरोसे पर अंतिम मुहर लगा दी है कि आप कितने समर्थ हैं- यह बेमानी है। महत्वपूर्ण यह है कि आप कितने 'उपयोगी' हैं, आप कितनी ऊंची आवाज में कोरस गा सकते हैं, कितनी दहाड़ के साथ आप आर्यावर्त की महिमा का पाठ कर सकते हैं, कितनी आसानी से आप सरनिगूं हो सकते हैं और कितनी सहजता से आप गुलेल या दगे हुए कारतूस की भूमिका में खड़े हो सकते हैं। आपकी उपयोगिता के यह कुछेक बुनियादी पैरामीटर हैं। दिमाग यहीं से बदले हैं। कालिदास अगर फिर आ जाएं इस धरती पर तो उन्हें अपनी वह उज्जयिनी नहीं दिखेगी, खुदा न खास्ता दिख भी गयी अपने भग्नावशेष में, तो भी उन्हें यहां कोई कवि नहीं मानेगा, राह चलता हर ऐरा- गैरा उनसे पूछ लेगा: तुम्हारे पास बेचने के लिए नया क्या है इस शहर में? )

# उज्जयिनी और दिल्ली का फर्क

बात- बेबात

मिथिलेश कुमार सिंह



कालिदास ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि जिस राह के वह मुसाफिर बनने जा रहे हैं और जो राह उन्हें उज्जयिनी लिये जा रही है, वह राह उनसे उनका स्वत्व छीन लेगी। वह राह उनसे उनका 'मेघदूत', 'कुमार संभवम', 'अभिज्ञान शाकुंतलम' छीन लेगी। ऐसी राह उन्हें महाकवि के ओहदे से तो नवाज देगी। वह उन्हें सोने- चांदी और हीरे- जवाहरात से लकदक, अतर और फुलेल से गमकता- दमकता महाकवि साबित करने के लिए धरती और आसमान के कुलाबे तो एक कर देगी। वह नगाड़े बजायेगी और पूरे अवाम को यह सुनने पर मजबूर करेगी कि कोई है जो आ गया है। कोई है जो अब महाकवि है। पहले नहीं था, अब है.. क्योंकि हम कह रहे, क्योंकि चक्रवर्ती राज्य सत्ता कह रही, क्योंकि उज्जयिनी कह रही है। लेकिन चूक गये कालिदास। सत्ता सुख की चाह वैसे भी भरमाती है। वह भूल गये कि उनका ताप, उनकी ऊष्मा, वह शीतलता, वह विरलता, हवा के झोंकों की गति में बजती वंशी और मादल की धुनों को पहचानने का उनका शऊर ..वह राह उनसे छीन लेगी। वह राह छीन लेगी उनसे उनकी मल्लिका भी।

हजारों साल पहले बनी और बसी उज्जयिनी की उस कहानी को अब थोड़ा विराम देते हैं। विराम इसलिए देते हैं क्योंकि उस राह ने अपनी दिशा बदल दी है जिसके सहयात्री हुआ करते थे कालिदास। जैसे नदियां बदल लेती हैं सैकड़ों- हजारों साल की महायात्रा में अपनी दिशा, जैसे पहाड़ बदल लेते हैं अपने स्मृतिचिन्ह, जैसे जंगल बदल लेता है जीवाश्म और वनस्पतियों के आकार- प्रकार, जैसे धरती बदल लेती है फसलों का आदिम स्वाद- कुछ ऐसा ही उज्जयिनी के साथ भी हुआ है। अब वह उज्जयिनी, उज्जयिनी में नहीं रहती। अब वह दिल्ली में रहती है। उज्जयिनी की वह राह अब दिल्ली से ही निकलती है और दिल्ली में ही खत्म हो जाती है। दिल्ली से दिल्ली तक ही उसका हद्दोहुदूद है। अज दिल्ली ता पालम। मुगल साम्राज्य के आखिरी दिनों में दिल्ली की हद यही हुआ करती थी। इतिहास बदला, गणनाकार बदले, समय बदला तो हद भी बदल गयी। अब दिल्ली उज्जयिनी के बहाने समूचे देश में है। जो काम पहले उज्जयिनी करती थी, वह काम अब दिल्ली के जिम्मे है। लेकिन एक फर्क तब भी है। हम उस फर्क पर बाद में चर्चा करेंगे। पहले इतना जान लीजिए कि वह दिल्ली अब बेतरह लुभाती है। वह बेतरह खींचती है। वह बिछोह सहने का परवाना बांटती है। वह गदहों को कालिदास और कालिदासों को गदहा बनाने की कुव्वत रखती है। दिल्ली के जिम्मे समूचे देश की हवाएं हैं। समूचे देश के पानियों पर उसका कब्जा है। विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त द्वितीय ने सपने में भी सोचा होगा कि वे जिस एक कालिदास को इनाम- एकराम और हीरा- मोती के बूते अपनी मल्लिका से, उसकी स्थानीयता से महरूम कर रहे हैं, जो उससे उसके होने का व्याकरण, उसकी बोलीबानी छीन रहे हैं- वह कालिदास सारे बंधन, सारी नाटकीयता, सारे नैरेटिव, राजपाट की तमाम चमक- दमक को मुंह बिराते हुए किसी रोज अलसुबह लौट जाएगा अपनी उसी दुनिया में जिसने उसे कालिदास बनने का मसाला दिया था, जिसने उसे कालिदास बनाया था और जहां की हवाओं, बारिशों और अंधड़ों को उसका बारहा इंतजार था? हम जब कालिदास की बात कर रहे हैं तो जाहिर है, हम तोता- मैना या शीत- बसंत की कहानी भर नहीं सुन या सुना रहे हैं। हमारी नजर 'उसके बाद क्या हुआ' पर भी है। उज्जयिनी से कालिदास तो लौट गये लेकिन दिल्ली में जो रेलमपेल है, जो गहमागहमी है, इनाम झटक लेने और राज्याश्रयी होने की जो चाह है, जो कामयाब रहे- उनकी कामयाबी की सौ खूबियां- खामियां हैं, इन सबके मुकाबले कालिदास जैसे लोग भला टिक पायेंगे कहीं? कल्पना कीजिए कि अगर आज कालिदास होते या विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त द्वितीय होते तो वह दिल्ली में रचनाकर्म और संस्कृति की आड़ में फैले मौजूदा गिरहकट बाजार को किस रूप में स्वीकार कर पाते? इनाम, इनाम, इनाम। किसी को पद्मश्री चाहिए, किसी को पद्मभूषण, किसी को साहित्य अकादमी, किसी को संगीत नाटक अकादमी- जिसे जहां से जो भी मिल जाए। पुरस्कारों का इतना अवमूल्यन? कहते हैं, रचना लड़ना सिखाती है, वह बचने से बचना सिखाती है। हो रहा है इसका विलोम। 'बधस्थल से छलांग' लगाने वाले रणबांकुरे बधस्थल में छलांग लगा चुके हैं। कोई हिंदुत्व के मोहिनी मंत्र की बैसाखी के रास्ते साहित्य अकादमी झटकने में कामयाब हो जाता है, कोई लोगों को गांधी के बरक्स गोडसे का तर्क समझाने में अपनी साहित्यजीविता का इस्तेमाल करता है तो कोई और समझाने लगता है कि रचना और जीवन, दोनों में तटस्थ रहना क्यों जरूरी है। यह सारा कुछ दिल्ली का कमाल है। उज्जयिनी ने कभी दिमाग नहीं छीना। दिल्ली दिमाग पहले झटकती है, रेवड़ियां बाद में बांटती है। दिल्ली और उज्जयिनी में फर्क यही है और बहुत साफ फर्क है। लेकिन दिल्ली के साथ दो बातें और हुई हैं। पहली यह कि यहां लेखक या यहां का लेखक या रचनाधर्मी होने के लिए आपकी बुनियादी पात्रता की कोई सीमा नहीं है। पात्रता सीमाहीन हो गयी है। अब कोई भी लेखक हो सकता है। बिना लिखे- पढ़े भी। स्वयंभू भी चल जाएगा। दूसरी बात यह हुई कि अब दिल्ली का काम बंट गया है। नजर रखने का काम दिल्ली ने छोड़ दिया है। उसने इस काम का लोकतंत्रीकरण कर दिया है। उसने यह काम आउटसोर्स कर दिया है। अब दिल्ली की निगहबानी कम है, दिल्ली पर निगहबानी ज्यादा है। यह निगहबानी पटना से भी हो रही है, इलाहाबाद से भी, बनारस से भी, बंबई से भी, अलीगढ़ से भी और लखनऊ- देहरादून से भी। देश के छोटे कस्बों से भी। जो जहां है, वहीं से 'चांदमारी' कर रहा है। तरक्की के लिए श्रम की महत्ता का, जेन्युइनिटी का फंडा यहां फेल है क्योंकि सत्ता सुख की चाह ने और प्रतिष्ठित होने की लालसा ने इस भरोसे पर अंतिम मुहर लगा दी है कि आप कितने समर्थ हैं- यह बेमानी है। महत्वपूर्ण यह है कि आप कितने 'उपयोगी' हैं, आप कितनी ऊंची आवाज में कोरस गा सकते हैं, कितनी दहाड़ के साथ आप आर्यावर्त की महिमा का पाठ कर सकते हैं, कितनी आसानी से आप सरनिगूं हो सकते हैं और कितनी सहजता से आप गुलेल या दगे हुए कारतूस की भूमिका में खड़े हो सकते हैं। आपकी उपयोगिता के यह कुछेक बुनियादी पैरामीटर हैं। दिमाग यहीं से बदले हैं। कालिदास अगर फिर आ जाएं इस धरती पर तो उन्हें अपनी वह उज्जयिनी नहीं दिखेगी, खुदा न खास्ता दिख भी गयी अपने भग्नावशेष में, तो भी उन्हें यहां कोई कवि नहीं मानेगा, राह चलता हर ऐरा- गैरा उनसे पूछ लेगा: तुम्हारे पास बेचने के लिए नया क्या है इस शहर में? तुम्हारी रचनाएं, तुम्हारी उपमाएं, तुम्हारे रूपक, तुम्हारे छंदशास्त्र- सब कुछ दो कौड़ी के हैं। पुराने, अब्सोलीट। जमाना बदल गया है कालिदास! हमने कहा था न- अब तुम्हारी उज्जयिनी कहीं और जा बसी है? लेकिन ध्यान रहे, उस दिल्ली ने सुनना बंद कर दिया है। आना हो तो सावधानी से आना। यह सोच कर आना कि अब वापसी नहीं होगी, जैसे भोरेभोर भागे थे तुम उस रोज- वैसा अब नहीं होगा। हरगिज नहीं होगा। इतिहास के पन्नों पर नजर दौड़ाओ कालिदास।

यहां तुम्हें राणा सांगा या स्पार्टाकस नहीं मिलेंगे। लेकिन इंद्र मिल जाएंगे हर कदम पर। उन्हें पुरुरवा की तलाश है। उन्हें पुरुरवा का वध करना है। उन्हें पुरुरवा को नर्तक और भांड़ और व्यभिचारी साबित करना है। पुरुरवा वही था जिसने इंद्र की सत्ता को चुनौती दी थी और इंद्र के बने रहने के औचित्य पर सवाल उठाया था। इंद्र कोई देवता नहीं था कालिदास। इंद्र एक वृत्ति का नाम है। बने और बचे रहने की राह में रोड़ा बनने वाले किसी भी जेन्युइन की हत्या वृत्ति का। यह वृत्ति अब चतुर्दिक फूल- फल रही है। आटा पोत कर भंडारी बनने का यह दौर है कालिदास! 'दिखते तो हैं' का यह दौर है कालिदास! जैसे अकबर की तरह दिखे थे पृथ्वीराज कपूर 'मुगलेआजम' में और पूरे देश ने, पूरी हिंदी पट्टी ने मान लिया कि अकबर ऐसा ही रहा होगा।

(लेखक कवि और यायावर हैं, संपर्क 79037 72108)

**विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त द्वितीय ने सपने में भी सोचा होगा कि वे जिस एक कालिदास को इनाम- एकराम और हीरा- मोती के बूते अपनी मल्लिका से, उसकी स्थानीयता से महरूम कर रहे हैं, जो उससे उसके होने का व्याकरण, उसकी बोलीबानी छीन रहे हैं- वह कालिदास सारे बंधन, सारी नाटकीयता, सारे नैरेटिव, राजपाट की तमाम चमक- दमक को मुंह बिराते हुए किसी रोज अलसुबह लौट जाएगा अपनी उसी दुनिया में जिसने उसे कालिदास बनने का मसाला दिया था, जिसने उसे कालिदास बनाया था और जहां की हवाओं, बारिशों और अंधड़ों को उसका बारहा इंतजार था।**

---

# तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए

स्मरण

जाहिद खान



जगजीत सिंह को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। उन्होंने प्राइवेट पार्टियों और होटलों में फिल्मी नग्मों, गजलों का गायन किया। फिल्म संगीतकारों और म्यूजिक कंपनियों के चक्कर लगाए, पर बात नहीं बनी। आखिरकार, साल 1976 में चित्रा सिंह के साथ आई 'अनफॉरगेटेबल' वह एलबम थी, जिसने उन्होंने बुलंदियों पर पहुंचा दिया। इस एलबम में 'बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी', 'सरकती जाए है रुख से नकाब' और 'दोस्त बन-बनके मिले हैं मुझे मिटाने वाले' समेत दस गजलें थीं और सभी खूब मकबूल हुईं। इस कामयाबी के बाद जगजीत सिंह ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। आगे चलकर चित्रा सिंह, जगजीत सिंह की जिंदगी की हमसफर बनीं और उनकी कई गजल एलबम साथ आईं। सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के साथ आया उनका एक गैरफिल्मी एलबम 'सजदा' भी काफी पसंद किया गया।

गजल एलबम, स्टेज शो की तरह जगजीत सिंह को फिल्मों में भी कामयाबी मिली। 'अविष्कार', 'साथ-साथ', 'अर्थ', 'प्रेमगीत' वे फिल्में हैं, जिनकी गजलें खूब पसंद की गईं। साल 1982 वह साल था, जिसमें 'साथ-साथ' और 'अर्थ' फिल्में आईं। जगजीत सिंह की गजलों का करिश्मा था कि ये दोनों फिल्में सुपरहिट हुईं। उन्होंने कुछ हिंदी और पंजाबी फिल्मों में संगीत भी दिया। फिल्म 'अर्थ' में जगजीत सिंह को ब्रेक देने वाले निर्देशक महेश भट्ट ने जगजीत सिंह की गायकी के बारे में कहा है, 'उनके संगीत में जो विविधता है, उसमें पूरा हिंदुस्तान बोलता है। बिना भारत की संस्कृति को जाने कोई भी इस तरह से गजलें नहीं गा सकता।' महेश भट्ट की इस बात में सच्चाई भी है। जगजीत सिंह की गायकी में एक अजब सी मुग्ध करती रवानगी थी। एक कशिश, जो हर एक के दिल को छू जाती थी। उन्हें मंत्रमुग्ध कर देती थी। जगजीत सिंह ने सारी दुनिया में स्टेज शो, लाइव गजल कंसर्ट किए। जो बेहद कामयाब रहे। लाइव कंसर्ट में जब वे ऑडियंस से रू-ब-रू होते, तो उनसे उनकी पसंदीदा गजलें सुनते और जब तक अपनी सभी तमाम फरमाइशें पूरी न कर देते... वे अपने अंदाज के वाहिद फनकार थे। अब उनकी टक्कर का कोई दूसरा फनकार नहीं होगा।...बतौर कलाकार उन्होंने गजल गायकी को लोगों की जुबान तक पहुंचा दिया।....उनकी आवाज में एक बेस था, एक मिठास थी, जो सिर्फ अभ्यास से हासिल नहीं हो सकती। जगजीत सिंह और उनकी जादुई आवाज, गजल गायकी पर ये ख्याल हैं, गुलाम अली के जो खुद इस फन के आला उस्ताद हैं। जब एक आला उस्ताद अपने समकालीन पर इस तरह की टिप्पणी करता है, तो उसके एक अलग ही मायने होते हैं। वेलवेट वॉयस यानी मखमली आवाज के मालिक और गजल गायकी का एक अनोखा अंदाज जगजीत सिंह को खास बनाता था। उन्होंने अपनी पुर-सोज आवाज में जो भी गाया, उसे अमर कर दिया। देश-दुनिया में लाखों लोग जगजीत सिंह की गजल गायकी के मुरीद थे और आज भी उनका यह जादू कम नहीं हुआ है। उनकी एक नहीं, बल्कि कई ऐसी फिल्मी-गैर फिल्मी गजलें हैं जो उनके चाहने वालों के हर दम लबों पर रहती हैं। जगजीत सिंह की गायी कई ऐसी नायाब गजलें हैं, जो बीते पांच दशकों से लोगों को अपना दीवाना बनाए हुए हैं। उनकी मकबूलियत जरा सी भी कम नहीं हुई है। उन्होंने हर दौर और हर उम्र के लोगों के दिलों पर अपनी गायकी के गहरे असर छोड़े हैं। मुल्क में ऐसी मकबूलियत बहुत कम गजल गायकों के हिस्से आई है। जगजीत सिंह जैसा कोई दूसरा नहीं। सिर्फ हिंद उपमहाद्वीप में ही नहीं, पूरी दुनिया में उनकी गजलों के चाहने वाले हैं।

8 फरवरी, 1941 को राजस्थान के श्रीगंगानगर में जन्मे जगजीत सिंह के पिता उन्हें वालिद आइएएस अफसर बनाना चाहते थे, मगर जगजीत को बचपन से ही मौसीकी से मुहब्बत थी। पंडित छन्नूलाल शर्मा और उस्ताद जमाल खान से उन्होंने शास्त्रीय संगीत की बारीकियां सीखीं। राग-रागिनियों पर काबू पाया। उर्दू जबान सीखी। ताकि गायकी में तलफ्फुज साफ-साफ निकले। जब नवीं क्लास में थे, तब उन्होंने पहली बार मंच पर गाया। उसके बाद ये सिलसिला शुरू हो गया। पढ़ाई के साथ-साथ जगजीत सिंह का संगीत का सफर चलता रहा। मंज़िल-ए-मक़्सूद उनकी एक ही थी, गायन में अपना एक अलग मुकाम बनाना। अपने इस ख्वाब की ताबीर के वास्ते बीती सदी में साठ के दशक में वे मायानगरी मुंबई पहुंचे। मुंबई पहुंचना आसान है, मगर यहां किसी भी मैदान में पैर जमाना उतना ही मुश्किल। खास तौर पर जब आप फिल्मों में या संगीत में खुद को आजमाना चाहते हो। बहरहाल, अपने ख्वाब को पूरा करने के लिए तरह उंगलियां चलाते हुए गजल गाते, तो सामयीन भी उनके साथ-साथ गुनगुनाते। इन प्रोग्रामों में जगजीत सिंह एक के बाद एक गजल गाते रहते। सामयीन की न तो फरमाइश खत्म होती और न ही उनकी प्यास बुझती।

जगजीत सिंह ने गजल गायकी में नये-नये प्रयोग किए। तानपुरा, सारंगी, सितार, संतूर, तबला, ढोलक जैसे देशी वाद्ययंत्रों के साथ-साथ उन्होंने गजल गायकी में गिटार, वायलिन जैसे विदेशी साज का इस्तेमाल किया। उनके इन प्रयोगों पर कई बार शुद्धतावादियों ने ऐतराज भी किए। उन पर उंगलियां उठाईं। लेकिन वे इनसे जरा सा भी न घबराए। अपने गायन पर उन्हें इतना एतबार था कि उन्होंने कभी किसी की परवाह नहीं की। राग-रागनियों के अलावा जगजीत सिंह को संगीत के वाद्ययंत्रों की भी अच्छी समझ थी। वे बहुत बढ़िया बाजा लिया करते थे। किसी भी गजल का म्यूजिक कंपोजिशन वे चुटकियों में कर लेते थे। गजल गायकी में जगजीत सिंह का एक जो बड़ा योगदान है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनसे पहले गजल रईसों की महफिलों की बांदी बनी हुई थी, आम अवाम से उसका कोई सीधा-सीधा तअल्लुक नहीं था। जगजीत सिंह, गजल को आम अवाम तक ले गए। उन्होंने गजल को इस अंदाज में गाया कि वह उसे अपनी सी लगी। इसके साथ ही उन्होंने गजलों का इस तरह इंतिख़ाब किया जिसमें उर्दू के आसान लफ़्ज़ हों, जो हर एक को समझ में आ जाएं। दरअसल, यही उनकी कामयाबी का मूल मंत्र था।

गालिब, मीर तकी मीर, फिराक गोरखपुरी, जोश मलीहाबादी, जिगर मुरादाबादी, अली सरदार जाफरी, कैफी आजमी, कैफ भोपाली जैसे उस्ताद शायरों के अलावा उन्होंने सुदर्शन फाकिर, बशीर बद्र, निदा फाजली, कतील शिफाई, बेकल उत्साही, अमीर मीनाई, मदनपाल, जावेद अख़्तर की गजलों को गाकर उनमें रूह बख़्शी। दिल की गहराईयों से इन गजलों को गाया। फिल्म निर्देशक-नगमा निगार गुलजार ने गालिब की जिंदगी पर बने अपने महत्वाकांक्षी सीरियल 'मिर्जा गालिब' में जगजीत सिंह को संगीत और गायन का मौका दिया। जब दूरदर्शन पर यह सीरियल प्रसारित हुआ, तो इसने कमाल कर दिखाया। जगजीत सिंह ने गालिब के कलाम को इस अंदाज में गाया कि वह आज भी माइलस्टोन है। एक वक्त ऐसा भी आया, जब जगजीत सिंह अपने बेटे के हादसे में हुई मौत से बिल्कुल टूट गए थे। उन्होंने अपने आप को तन्हा कर लिया था, लेकिन बाद में फिर वापस लौटे। इस मर्तबा उनकी गायकी में एक अजब दर्द था। जगजीत की गायकी में जहां दर्द का रिश्ता जुड़ा, तो उनकी गजल के दायरे में सूफी कलाम, सबद और भजन भी आ गए। टूटे दिल से उन्होंने जो गजलें गाईं, उन्हें भी प्रशंसकों ने खूब पसंद किया।



जगजीत सिंह ने अपनी गायकी से गजल गायन की पूरी दिशा बदल कर रख दी। उन्होंने गजल को न सिर्फ भारत में बल्कि सारी दुनिया में ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया। उनकी जिंदगानी में ही 80 से ज्यादा गजल एलबम आए और सभी बेहद मकबूल हुए। 'अनफॉरगेटेबल' के अलावा 'जाम उठा', 'डिजायर', 'कहकशां', 'ए जर्नी', 'अर्ली हिट्स', 'इनसाइट', 'दर्द-ए-जिगर', 'स्टोलन मोमेंट्स', 'बियांड टाइम्स', 'समवन सम्व्हेर', 'होप', 'मिराज' और 'प्यार न टूटे' वगैरह वे गजल एलबम हैं, जिनकी रिकार्ड तोड़ बिक्री हुई। जगजीत सिंह यारबाश थे। दोस्तों की हर मुमकिन मदद करते थे। अपने समकालीन और नई पीढ़ी के गजल गायकों को उन्होंने हमेशा बढ़ावा दिया। उन्हें संगीत के साथ-साथ घोड़ों की रेस देखने का भी दीवानगी की हद तक शौक था। तमाम मसरूफियत के बावजूद वे रेसकोर्स में घुड़दौड़ देखने के लिए वक्त निकाल लेते थे।

अपने शानदार गजल गायन से जगजीत सिंह को दुनिया भर के लोगों का बेइंतिहा प्यार मिला। कई मान-सम्मान और पुरस्कारों से नवाजे गए। साल 2003 में वे देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' सम्मान से नवाजे गए। सियासत में भी जगजीत सिंह को चाहने वाले थे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं को जहां उन्होंने अपनी आवाज दी, तो पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में भी उन्हें एक मर्तबा गजल गायन के लिए इनवाइट किया गया। 10 अक्टूबर, 2011 को जगजीत सिंह गजल की महफिल से हमेशा के लिए रुख़सत हो गए, और अपने साथ गुजर गया गजल गायकी का एक सुनहरा दौर। कहने को गजल आज भी गायी जा रही है, लेकिन जगजीत सिंह के बिना गजल की वह महफिल कुछ उदास सी है। उनके जाने से भले ही, अब महफिलें न सजें, मगर उनकी आवाज हमेशा फिजा में गूंजती रहेगी, 'तुम ये कैसे जुदा हो गए, हर तरफ हर जगह हो गए।'

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)

---

व्यंग्य

## उत्तम ज़िले में पुलिस पर्यटन



अरविंद तिवारी

उत्तम ज़िला उत्तम प्रदेश में ही संभव है।अगर कोई प्रदेश उत्तम नहीं है और उत्तम ज़िला रखता है, तो यह घटना कुछ उसी तरह की होगी,जैसे कई बार हरी सब्ज़ी के ट्रक में पुलिस के नीचे गांजे की बोरियों का ट्रांसपोर्ट किया जाता है।वैसे आजकल उत्तम प्रदेश की नकल करने को हर प्रदेश उद्यत है।आजकल नई शिक्षा नीति के तहत एक अनुशासन के साथ दूसरे अनुशासन का विषय पढ़ने की सुविधा मिल गई है,इसलिए कोई भी प्रदेश उत्तम ज़िला रख सकता है।प्रशासन यदि किसी ज़िले को उत्तम नहीं बना पा रहा हो तो सियासत के सहयोग से उस ज़िले का नाम बदलकर उत्तम नगर रख सकता है।नाम बदलकर ज़िले को किस हद तक उत्तम बनाया जा सकता है,इसके लिए आप दिल्ली के उत्तम नगर में जाकर देख सकते हैं।इसके लिए दिल्ली सरकार से अनुमति लेनी होगी।दिल्ली सरकार सिर्फ.अपने सरकारी स्कूलों को दिखाती है,बाकी चीजें आपको उसकी अनुमति के बिना ही देखनी होंगी।

सॉरी,विषय का विचलन हुआ जा रहा है।चूंकि मैं कोई राजनीतिक व्यंग्य नहीं लिख रहा हूं,इसलिए यह विचलन वैध नहीं है।दरअसल केंद्र सरकार की मंशा है कि हर ज़िला एक उत्पाद के लिए पहचाना जाए,जैसे आगरा पेठे के लिए,तो फिरोजाबाद चूड़ियों के लिए पहचाना जाता है,वैसे ही हर ज़िले का एक उत्पाद हो।जिस ज़िले की बात मैं कर रहा हूं,वह ज़िला चूंकि उत्तम ज़िले की श्रेणी का ज़िला था,इसलिए बेहद सियासी हलचल वाला ज़िला था।जिस ज़िले में सियासत बच्चों को विरासत में मिलती है,वह ज़िला थोड़ा सा क्रिमिनल टाइप का हो जाता है।या उसे ऐसा कहे जाने का रिवाज चल पड़ता है।संयोग से वह ज़िला कुछ ज्यादा ही क्रिमिनल था,इसलिए, वहां अधिकारी कर्मचारी बेहद कुशल थे।व्यापारी से लेकर मजदूर तक थोड़ा बहुत ऊंच नीच करने में विश्वास करते थे।इस ज़िले के लोग चोरियां करने में भी माहिर थे।ले चोरियां प्रायः दूसरे ज़िलों में जाकर करते थे।नौकरियां भी दूसरे ज़िले में करना पसंद करते थे,ताकि कुछ ऊंच नीच होने पर अपने ज़िले में भाग करआया जा सके।पर वे उसी ज़िले के बाशिंदे थे,इसलिए उस ज़िले को चोरों का ज़िला कहा जाने लगा। यह उत्तम ज़िले से मेल नहीं खाता था।उत्तम प्रदेश से तो मेल खाने का सवाल ही नहीं था।

जब एक ज़िला एक उत्पाद की बात चली, तो इस ज़िले के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया।हालांकि यह युग चोरियों का ही युग कहा जाता है,पर इसका मतलब यह तो नहीं कि अपने ज़िले को चोरियों वाले उत्पाद का ब्रांड बना दें।दूसरा कुछ ऐसा भी नहीं था ज़िले के पास कि उसे ब्रांड बनाया जा सके।तस्करी को भी ब्रांड नहीं बना सकते थे।फिर क्या ऐसी चीज है जिसे एक ज़िला एक उत्पाद के तहत पहचान दिलाई जा सके।चूंकि इस ज़िले के बाशिंदे पूरे भारत में घूमते रहते थे।वहां कुछ ऊंच नीच भी करते थे,इसलिए अक्सर कई राज्यों की पुलिस को ऊंच नीच करने वालों की तलाश में यहां आना पड़ता था।कभी महाराष्ट्र की पुलिस उत्तम ज़िले में दबिश देती थी,तो कभी गुजरात की।कभी कर्नाटक की तो कभी कभी आंध्र की।बहरहाल हर राज्य की पुलिस उस ख्यातनाम उत्तम ज़िले में दबिश दे चुकी थी। प्रशासनिक अधिकारियों की मैराथन बैठकों के बाद यह तय पाया गया कि उत्तम ज़िले को पुलिस पर्यटन केंद्र बना दिया जाए,वैसे भी अलग अलग राज्यों की पुलिस को दबिश देने के लिए आना ही पड़ता है।अब उत्तम प्रदेश के इस उत्तम ज़िले को दबिश ज़िला तो नहीं कहा जा सकता,इसलिए उसे पुलिस पर्यटन का उत्पाद बना दिया गया।उत्तम ज़िला इसी ब्रांड के नाम से जाना जाएगा।इस योजना के तहत पुलिस पर्यटन की व्यवस्था में यह भी जोड़ा गया कि यह पर्यटन स्थानीय पुलिस गाइड की मदद से ही किया जा सकता है।यदि किसी राज्य की पुलिस बिना गाइड लिए घूमती हुई पाई गई, तो उसका चालान कर दिया जाएगा!

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
raisubhash953@gmail.com

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आयी है। कारोबार के दौरान सेंसेक?स और निफ्टी दोनों ही इंडेक?स नीचे आये। वहीं आज सुबह सेंसेक?स हल्की बढ़त के साथ खुला। इसके बाद सेंसेक्स उछलकर 60,655.14 तक पहुंच गया। दिन-भर के कारोबार के दौरान हुए उतार-चढ़ाव के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक?स अंत में 221 अंकों की बढ़त के साथ ही 60,286 पर बंद हुआ है। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 43 अंक फिसलकर 17,722 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 में से 21 शेयर लाल और 9 हरे निशान में बंद हुए हैं। सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयरों में कोटक बैंक , इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस , एलएंडटी एसबीआइ , टीसीएस और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। वहीं सबसे ज्यादा नुकसान वाले शेयरों में टाटास्टील , आईटीसी, सन फार्मा, एचसीएल टेक , मारुति , टाटामोटर्स , एचयूएल और विप्रो शामिल रहे।

निवेशकों ने आज दबाव के बाद भी अपना सकारात्मक रुख बनाये रखा और और लगातार खरीदारी पर बल दिया जिससे गिरावट पर अंकुश लगा रहा। आज कारोबार के दौरान वाहन , एफएमसीजी और धातु शेयरों में बिकवाली हावी रही है जबकि बैंक और वाहन शेयरों में खरीदारी दर्ज की गयी। अडानी समूह के शेयरों में मिश्रित कारोबार हुआ। समूह के कुछ शेयर बढ़े जबकि कुछ गिरे। कारोबार में निफ्टी पर वाहन और एफएमसीजी इंडेक?स में 1 फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। धातु इंडेक्स और आईटी इंडेक?स भी नुकसान के साथ ही लाल निशान में बंद हुए जबकि बैंक, वित्तीय क्षेत्र और संपत्ति इंडेक?स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। कारोबार के दौरान हैवीवेट शेयरों में बिकवाली का माहौल रहा।

# सोना 57 हजार के पार चांदी में भी तेजी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी के दाम में जोरदार बढ़त दिखाई दे रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मंगलवार को सोने के भाव 57,000 रुपए के पार निकल गए हैं। सोने में इस समय 154 रुपए की उछाल के बाद 57126 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव देखे जा रहे हैं। सोने में 56994 रुपए तक के निचले स्तर देखे गए थे और ऊपरी स्तर में ये 57134 रुपए प्रति 10 ग्राम तक गया था। सोने के ये भाव इसके अप्रैल वायदा के लिए हैं। चांदी की चमक मंगलवार को फिर बढ़ी हुई नजर आ रही है। एमसीएकस पर चांदी में 200 रुपए का उछाल देखा जा रहा है और ये 0.30 फीसदी बढ़कर 67650 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। चांदी में कारोबार की शुरूआत 67399 रुपए पर हुई थी और ये आज 67479 रुपए तक नीचे गई थी। चांदी के भाव 67599 रुपए प्रति किलो के ऊपरी स्तर पर गए थे। कॉमैक्स पर सोने के भाव देखें तो ये 1,886.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। सोने के भाव में 7.25 डॉलर प्रति औंस का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी के भाव में भी बढ़त देखी जा रही है। कॉमैक्स पर चांदी करीब 0.45 फीसदी की मजबूती के साथ 22.328 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही थी।

# भारत और कतर ने समुद्री सहयोग मजबूत करने को लेकर चर्चा की

नई दिल्ली। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कतर के परिवहन मंत्री जसीम सैफ अहमद अल-सुलैती से हाल ही में मुलाकात की और द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कतर सहयोग ऐतिहासिक घनिष्ठ संबंधों, नियमित और ठोस जुड़ाव के साथ लगातार प्रगाढ़ हो रहा है। बयान में सोनोवाल के हवाले से कहा गया ?कि बंदरगाह परिचालन, लॉजिस्टिक, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में बेहतर गतिविधियों को साझा करने के लिए भारतीय बंदरगाहों और कतर के बंदरगाहों के बीच बातचीत समेत द्विपक्षीय समुद्री सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर सार्थक चर्चा हुई। वित्त वर्ष 2021-22 में कतर के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 15.03 अरब डॉलर था। इस दौरान कतर को भारत का निर्यात 1.83 अरब डॉलर था और कतर से भारत का आयात 13.19 अरब डॉलर था।बयान के अनुसार, 2021 में भारत, कतर के लिए शीर्ष चार सबसे बड़े निर्यात स्थलों में से एक था और कतर के आयात के शीर्ष तीन स्रोतों में भी शामिल था।

# ओएनजीसी नई खोजों से उत्पादन शुरू करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रही

बेंगलुरु। देश की सबसे बड़ी तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) इस साल उत्पादन में गिरावट के सालों से जारी रुख को पलटकर धीरे-धीरे उत्पादन बढ़ाएगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी देकर कहा कि ओएनजीसी नई खोजों से उत्पादन शुरू करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश कर रही है। ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 2.17 करोड़ टन से अधिक कच्चे तेल का उत्पादन किया था। कच्चे तेल का शोधन कर इस पेट्रोल और डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों में बदला जाता है। बीते वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का प्राकृतिक गैस उत्पादन 21.68 अरब घनमीटर रहा।

प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक विनिर्माण और वाहनों के लिए सीएनजी के रूप में होता है। ओएनजीसी के चेयरमैन अरुण कुमार सिंह ने कहा, ह्यह्महम निश्चित तौर पर 2023-24 और यहां तक ??कि चालू वर्ष में भी तेल एवं गैस उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष (2022-23) में कंपनी का कच्चे तेल का उत्पादन बढ़कर 2.28 करोड़ टन पर पहुंचने का अनुमान है। वहीं गैस का उत्पादन 22.09 अरब घनमीटर रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष में कच्चे तेल का उत्पादन 2.46 करोड़ टन और गैस उत्पादन 25.68 अरब घनमीटर रहने का अनुमान है।

ओएनजीसी का घरेलू उत्पादन में 71 प्रतिशत का हिस्सा है। एक दशक से अधिक से कंपनी के क्षेत्रों से उत्पादन में धीरे-धीरे कमी आ रही है। इसकी वजह यह है कि कंपनी के क्षेत्र काफी पुराने हो चुके हैं।

केंद्र सरकार ने उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास में ओएनजीसी के बड़े तेल और गैस क्षेत्रों को निजी और विदेशी कंपनियों को देने पर विचार किया था, लेकिन इस मामले में उस आंतरिक विरोध का सामना करना पड़ा था।

सिंह ने कहा कि कंपनी तकनीकी रूप से मुश्किल क्षेत्रों में भागीदारी के लिए तैयार है। ओएनजीसी 20 प्रमुख परियोजनाओं में 59,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें गहरे समुद्र में केजी ब्लॉक केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 (केजी-डी5) में पाए गए तेल और गैस के भंडार को उत्पादन में लाना और मुंबई हाई फील्ड का चौथे चरण का पुनर्विकास शामिल है। केजी-डी5 में निवेश से कंपनी अतिरिक्त उत्पादन हासिल करेगी, जबकि मुंबई हाई के पुनर्विकास पर निवेश से कंपनी पुराने पड़ चुके क्षेत्रों के उत्पादन में आ रही गिरावट को थाम सकेगी।

# एयर इंडिया एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा से 18,000 करोड़ लोन लेगी

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप ने और एक वर्ष के लिए सरकारी बैंकों से लोन लेने का फैसला किया है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) से एक साल के लिए मौजूदा लोन को पुनर्वित्त करने के लिए 18,000 करोड़ रुपए का लोन लेगी। भले ही यह लंबे समय के कर्जों को टैप करने की योजना बना रही हो। जनवरी 2022 में टाआ संस ने एसबीआई से 10,000 करोड़ रुपए का लोन लिया और बैंक ऑफ बढ़ोदा (बीओबी) से 5,000 करोड़ रुपए का लोन 4.25 फीसदी की ब्याज दर पर लिया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने तब से अपनी बेंचमार्क दरों में 225 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। नतीजतन, नवीनतम ऋण लगभग 6.50 फीसदी आंका गया है। गौरतलब है ?कि एक आधार अंक 0.01 प्रतिशत अंक होता है। वहीं एसबीआई, बीओबी और एयर इंडिया के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी मांगने वाले ईमेल का जवाब नहीं दिया। लेन-देन के बारे में जानने वाले एक दूसरे व्यक्ति ने कहा कि टाटा के अधिग्रहण के बाद से पुनर्गठन परिचालन अभी भी एयरलाइन के भीतर आकार ले रहा है और कंपनी मजबूत बैंकिंग साझेदारी को देखने से पहले सभी औपचारिकताओं को पूरा करना चाहती है, जो इसमें सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के बैंकों का मिश्रण शामिल होने की संभावना है। टाटा समूह अपनी विभिन्न विमानन इकाइयों के विलय पर काम कर रहा है, जिसमें एयरएशिया इंडिया और विस्तारा शामिल हैं। सिंगापुर एयरलाइंस के साथ टाटा का उपक्रम है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंगापुर की वाहक की 25 प्र?तिशत हिस्सेदारी होगी। भविष्य में एयर इंडिया के लिए समूह की योजनाओं के लिए विलय की औपचारिकताओं को पूरा करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि प्रकृति और धन की राशि तब तक स्पष्ट हो जाएगी। इसलिए बैंक 2023 में कुछ समय बाद इस टॉप-रेटेड कॉर्पोरेट लोन के लिए एक पाई का इंतजार करेंगे।

# एनसीएलएटी ने एक याचिका पर टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स और अन्य को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। रिलायंस कैपिटल के एक ऋणदाता की याचिका पर राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने मंगलवार को टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। याचिका में कर्ज में डूबी दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत कंपनी के लिए दूसरे दौर की वित्तीय बोलियों की अनुमति देने की अपील की गई है। एनसीएलएटी के चेयरपर्सन अशोक भूषण की अगुवाई वाली दो सदस्यीय पीठ ने नोटिस जारी कर प्रतिवादियों को तीन दिन में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने याचिका को नौ फरवरी, 2023 के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। न्यायाधिकरण ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई कर निर्णय सुनाएगा। रिलायंस कैपिटल की ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) में एक विस्त्रा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के एक आदेश के खिलाफ एनसीएलएटी में अपील की है। ?पिछली दो फरवरी को एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने अनिल अंबानी प्रवर्तित रिलायंस कैपिटल (आरसीएपी) के अधिग्रहण के लिए नए दौर की नीलामी की अनुमति देने से इनकार करते हुए कहा था कि वित्तीय बोलियों के लिए चुनौती तंत्र पहले ही समाप्त हो चुका है। पीठ ने टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स की बैंकरों के दूसरे दौर की नीलामी के फैसले को चुनौती देने की अपील को स्वीकार कर लिया था। चुनौती तंत्र के आखिरी दौर में टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने सबसे ऊंची 8,640 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी। रिलायंस कैपिटल पर कुल मिलाकर 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज है।

# छंट गए संकट के बादल हरे निशान पर लौटे अडानी समूह के शेयर

मुंबई। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही थी। रिपोर्ट की वजह से अडानी ग्रुप के शेयर 66 फीसदी तक गिरे हैं। अडानी मामले को लेकर भारत सहित पूरी दुनिया में चर्चा है। लेकिन सोमवार को अडानी ग्रुप के लिए एक के बाद एक राहत भरी खबरें आईं, जिससे मंगलवार को अडानी ग्रुप के लगभग सभी शेयरों की चाल बदल गई। इसमें दो शेयरों में अपर सर्किट लग गए। वहीं अडानी ग्रुप के शेयरों को हरे निशान में देखकर निवेशकों को थोड़ी राहत मिली है।

बता दें, एनएसई ने अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी ट्रांसमिशन की सर्किट लिमिट को संशोधित कर 5 फीसद किया था। इसके अलावा अडानी ग्रुप ने गिरवी रखे शेयरों को समय पहले छुड़ाने का ऐलान किया। इसके लिए कंपनी 9185 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए तैयार है। साथ ही सोमवार को अडानी ट्रांसमिशन के तिमाही नतीजे पेश किए गए, जो बेहतरीन रहे। कंपनी के मुनाफे में जोरदार 73 फीसदी का इजाफा हुआ है। खबर के बाद सबसे पहले मंगलवार को अडानी ट्रांसमिशन के शेयर में 5 फीसदी का अपर सर्किट लग गया। उसके बाद अडानी विल्मर में भी मंगलवार सुबह 5 फीसदी का अपर सर्किट देखने को मिला। हालांकि ये शेयर 5 फीसदी लोअर सर्किट के साथ खुला था। लेकिन शुरूआती कारोबार में ही शेयर खरीदार टूट पड़े।

## दो शेयरों में अपर सर्किट लग गया

साथ ही अडानी ग्रीन में गिरावट का सिलसिला थम गया है, शेयर हर निशान में कारोबार कर रहा है। अडानी पोर्ट और अंबुजा सीमेंट में तेजी देखी जा रही है। इसके अलावा अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर में भी 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी सुबह साढ़े 9 बजे देखी गई। अभी केवल अडानी पावर में 5 फीसदी का लोअर सर्किट लगा है। बाकी सभी शेयरों में भी तेजी देखी जा रही है। जिससे निवेशकों को थोड़ी राहत मिली है।

# बीमा कंपनी गो डिजिट के आईपीओ दस्तावेज को सेबी ने लौटाया

मुंबई। सेबी ने गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के शुरूआती दस्तावेजों को नियामकीय नियमों के अनुपालन में कमी के कारण लौटा दिया है। फेयरफैक्स समूह समर्थित बीमा कंपनी गो डिजिट ने अगस्त, 2022 में सेबी के पास आईपीओ की मंजूरी के लिए शुरूआती कागजात जमा किए थे। इस निर्गम में कंपनी ने 1,250 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी करने के साथ ही 10.94 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का प्रस्ताव रखा था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गो डिजिट के आईपीओ संबंधी दस्तावेज गत 30 जनवरी को लौटा दिए। यह कदम सेबी के पूंजी एवं खुलासा शर्तों का अनुपालन नहीं किए जाने की वजह से उठाया गया है।

कंपनी ने कहा कि वह सेबी की ओर से मांगी गई जरूरी जानकारियों के साथ इस दस्तावेज को अद्यतन कर दुबारा जमा करेगी। वाहन, स्वास्थ्य, यात्रा, संपत्ति एवं समुद्री क्षेत्र को बीमा मुहैया कराने वाली इस कंपनी में दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी निवेश किया हुआ है।

# रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 8 पैसे की गिरावट के साथ 82.74 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया डॉलर में कमजोरी से 10 पैसे की बढ़त के साथ 82.66 प्रति डॉलर पर खुला। विदेशी कोषों की निकासी से हालांकि रुपए का लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.68 प्रति डॉलर पर मजबूत खुलने के बाद 82.66 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव की तुलना में 10 पैसे की बढ़त है। गत दिवस रुपया 68 पैसे टूटकर एक माह के निचले स्तर 82.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 फीसदी की गिरावट से 103.46 पर आ गया।

# कच्चा तेल महंगा, कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के बदले भाव

**- ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 81.40 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच?चे तेल की कीमतों में आए उछाल की वजह से मंगलवार सुबह कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल और डीजल के खुदरा भाव में यूपी में गिरावट दिख रही तो बिहार में भाव चढ़े हैं। हालांकि, दिल?ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में मंगलवार को पेट्रोल के दाम 13 पैसे गिरकर 96.79 रुपए लीटर हो गए, जबकि डीजल 12 पैसे सस?ता होकर 89.96 रुपए लीटर बिक रहा है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 6 पैसे महंगा होकर 107.65 रुपए लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल 6 पैसे चढ़कर 94.426 रुपए लीटर पहुंच गया है।

कच्चे तेल की कीमतों में भी पिछले 24 घंटे में बड़ा उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब डेढ़ डॉलर चढ़कर 81.40 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। डब्ल्यूटीआई का भाव भी 1 डॉलर बढ़त के साथ 74.54 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.92 रुपए और डीजल 90.08 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.58 रुपए और डीजल 89.77 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपए और डीजल 94.36 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# मुख्य मुद्रास्फीति गिरने से ब्याज दरों को और बढ़ाने की जरूरत घटी: एसएंडपी

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का कहना है कि भारत में मुख्य मुद्रास्फीति में क्रमिक आधार पर लगातार गिरावट आ रही है, ऐसे में 6.25 प्रतिशत के ऊंचे स्तर तक पहुंच चुकी नीतिगत दर में और वृद्धि की जरूरत सीमित रह गई है। भारतीय रिजर्व बैंक रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में आई अड़चनों की वजह से पिछले साल मई से रेपो दर में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। रेपो दर इस समय 6.25 प्रतिशत है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बुधवार को नीतिगत दरों पर अपने निर्णय की घोषणा करेगी। एसएंडपी की रिपोर्ट में कहा गया है ?कि भारत में मुख्य मुद्रास्फीति लंबे समय उच्चस्तर पर रहने के बाद 2022 की दूसरी छमाही से नीचे आ रही है। वहीं नीतिगत दरें पहले ही 6.25 प्रतिशत के ऊंचे स्तर पर हैं। रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के स्तर पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे बाहरी कारकों से खुदरा मुद्रास्फीति लगातार 11 माह तक रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर रही थी। नवंबर, 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से नीचे आई थी। दिसंबर में यह और घटकर 5.72 प्रतिशत के स्तर पर आ गई।

# गो फर्स्ट करेगी चार्टर उड़ानों का संचालन

मुंबई। घरेलू विमानन कंपनी गोफर्स्ट ने कहा कि वह इस साल भारत में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के लिए चार्टर उड़ानों का संचालन करेगी। ?पिछले एक दिसंबर को जी20 की अध्यक्षता संभालने वाले भारत में नौ-दस सितंबर को शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें दुनिया के 20 विकसित एवं विकासशील देशों के प्रमुख शिरकत करेंगे। इसके अलावा जी-20 समूह से जुड़ी करीब 200 बैठकें भी देश के अलग-अलग शहरों में समय-समय पर होती रहेंगी। गोफर्स्ट के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने एक बयान में कहा ?कि गो फर्स्ट को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए चार्टर उड़ानें संचालित करने के लिए चुना गया है। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन सात फरवरी से 23 मार्च के बीच छह शहरों को आपस में जोड़ने वाली सात चार्टर उड़ानें परिचालित करेगी। ये उड़ानें दिल्ली, भुज, आगरा, खजुराहो, डिबुगढ़ और ईटानगर को आपस में जोड़ेंगी।

# अदाणी समूह को दिया ऋण एसबीआई के लिए समस्या नहीं

नई दिल्ली। रिसर्च फर्म क्रेडिटसाइट्स ने मंगलवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मजबूत सामान्य प्रावधान भंडार बफर को देखते हुए ऐसा नहीं लगता है कि अदाणी समूह को दिए गए ऋण से एसबीआई किसी जोखिम में है। वित्तीय वर्ष 23 की तीसरी तिमाही के अंत तक अदानी समूह पर एसबीआई का कुल ऋण जोखिम उसकी ओर से दिए गए कुल ऋण का 0.88 फीसदी होने का खुलासा किया गया था। फर्म ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के अंत तक देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई का अदाणी समूह पर कुल ऋण जोखिम नियामों के अनुकूल है।

# के.सत्यनारायण राजू को केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त किया

बेंगलुरु (ईएमएस)। केंद्र की मोदी सरकार ने के.सत्यनारायण राजू को तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह एल वी प्रभाकर का स्थान लेने वाले हैं। प्रभाकर का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2022 को पूरा हो गया था। इससे पहले राजू 10 मार्च, 2021 से केनरा बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत थे। बैंक ने बयान में कहा कि राजू के पास बैंकिंग क्षेत्र के सभी खंडों का व्यापक अनुभव है।

# अनुबंध विवादों को निपटाने की योजना लाएगी सरकार

नई दिल्ली। सरकार मध्यस्थता और मुकदमेबाजी में फंसी हजारों करोड़ रुपए की राशि को मुक्त कराने के लिए एक योजना पर परिचर्चा पत्र लेकर आएगी। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने यह जानकारी दी। इस योजना में बताया जाएगा कि अनुबंध संबंधी विवादों के शीघ्र समाधान के लिए कितने प्रतिशत का भुगतान करने की जरूरत होगी। शुरूआत में वित्त मंत्रालय के तहत व्यय विभाग अन्य नियमों और शर्तों के अलावा अनुबंध संबंधी विवादों को निपटाने के लिए प्रस्तावित प्रतिशत की मात्रा पर हितधारकों से सुझाव मांगेगा। इस योजना के तहत सरकारी अनुबंधों से संबंधित वे विवाद आएंगे जो फिलहाल मध्यस्थता या मुकदमेबाजी में फंसे हैं। हालांकि यह योजना स्वैच्छिक होगी, लेकिन ठेकेदार अनुबंध मूल्य के एक निर्दिष्ट प्रतिशत को स्वीकार कर विवादों के समाधान के लिए आगे आ सकते हैं। सोमनाथन ने कहा कि प्रतिशत को अलग से अधिसूचित किया जाएगा और यह उचित होगा ताकि बहुत से लोग इसके लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि अगर वे इस प्रतिशत को स्वीकार करते हैं, तो विवाद का निपटान हो जाएगा और दोनों पक्षों द्वारा मामले को वापस ले लिया जाएगा।

# सेबी ने निवेशकों का पैसा रखने पर लगाई रोक !

नई दिल्ली। शेयर बाजार की कारोबारी गतिविधियों पर नजर रखने वाली नियामक संस्था सेबी ने ब्रोकरों द्वारा निवेशकों के पैसे के दुरुपयोग की आशंका को खत्म करने के लिये बड़ा कदम उठाया है। सेबी ने कारोबारी सदस्यों तथा क्लियरिंग सदस्यों को दिन के आखिरी तक निवेशक का पैसा रखने पर रोक लगाने और पूरी राशि उसी दिन क्लियरिंग कॉर्पोरेशन को लौटाने प्रस्ताव दिया है। मौजूदा व्यवस्था में जब निवेशक ब्रोकर के पास पैसा रखता है, उसका एक हिस्सा ब्रोकर अपने पास रखता है और एक हिस्सा क्लियरिंग कॉर्पोरेशन सदस्य के पास होता है। शेष राशि क्लियरिंग कॉर्पोरेशन के पास चली जाती है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने परामर्श पत्र में दैनिक आधार पर शेयर ब्रोकर और क्लियरिंग सदस्यों के पास पड़े निवेशकों की सारी रकम क्लियरिंग कॉरपोरेशन को ट्रांसफर करने का प्रस्ताव किया है। इस कदम का मकसद ब्रोकरों और क्लियरिंग सदस्यों के पास पड़े निवेशकों के कोष की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नियामक ने कहा ?कि निवेशकों की प्रतिभूतियों और कोष की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाये गए हैं लेकिन शेयर ब्रोकर और क्लियरिंग सदस्यों के पास पड़े निवेशकों के कोष के दुरुपयोग की आशंका हो सकती है।

सेबी ने कहा कि 6 जनवरी की स्थिति के अनुसार दैनिक खाता निपटान के तहत निवेशकों के करीब 46,000 करोड़ रुपए ब्रोकरों और क्लियरिंग सदस्यों पास पड़े थे। यह भी ध्यान देने की बात है कि देश के 1,355 शेयर ब्रोकर सभी नियामकीय सुरक्षा उपायों के अधीन नहीं हैं। नियामक ने प्रस्ताव पर लोगों से 17 फरवरी तक सुझाव मांगे हैं।

# रिलायंस ने पेश किया हाइड्रोजन से चलने वाला ट्रक

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने हाइड्रोजन से चलने वाला ट्रक पेश किया है। रिलायंस ने बेंगलुरु में इंडिया एनर्जी वीक में इस हेवी ड्यूटी ट्रक को पेश किया। यह देश का पहला एच2आईसीई टेक्नोलॉजी वाला ट्रक है। इंडिया एनर्जी वीक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाइड्रोजन इंटरनल कम्बस्चन इंजन संचालित ट्रक से करीब-करीब जीरो उत्सर्जन होता है। यह पारंपरिक डीजल ट्रक के बराबर ही परफॉर्मेंस देता है। साथ ही शोर भी कम करता है। इसकी परिचालन लागत भी कम है। इस तरह यह ग्रीन मोबिलिटी के भविष्य को एक नई परिभाषा देता है। अपने नेट कार्बन जीरो विजन के हिस्से के रूप में रिलायंस अपने व्हीकल पार्टनर अशोक लेलैंड और अन्य टेक्निकल पार्टनर्स के साथ पिछले साल से इस यूनिक टेक्नोलॉजी को डेवलप करने में लगा हुआ है। पिछले साल 2022 की शुरूआत में पहला इंजन आया था। फ्लीट में बड़े पैमाने पर पहली कमर्शियल तैनाती से पहले रिलायंस हेवी ड्यूटी ट्रक के लिए एच2आईसीई टेक्नोलॉजी का परीक्षण और सत्यापन करेगा। इसके साथ ही रिलायंस मोबिलिटी के लिए एंड-टू-एंड हाइड्रोजन ईको सिस्टम बनाने की कोशिश कर रहा है।

# मारुति की फ्रोंक्स को मिली 5,500 यूनिट्स की बुकिंग्स

**लांच से पूर्व सिर्फ 11,000 रुपये में हो रही बुकिंग**

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी ने अपनी फ्रोंक्स क्रॉसओवर कार की बुकिंग शुरू कर दी है। अभी तक कार की 5,500 यूनिट्स की बुकिंग्स हो चुकी है। इस कार की सिर्फ 11,000 रुपए के बुकिंग की जा सकती है। मारुति इस कार को अप्रैल में लॉन्च करेगी और अपने नेक्सा स्टोर के जरिए रिटेल करेगी।

मारुति ने अपनी इस क्रॉसओवर कार को 9 कलर स्कीम के साथ लॉन्च करेगी। इसमें 6-सिंगल कलर विकल्प, जिनमें नेक्सा ब्लू, आर्कटिक वाइट, आपुलेंट रेड, ग्रैंडेयर अर्थेन ब्राउन और स्प्लेंडिड सिल्वर जैसे कलर शामिल हैं। वहीं ड्यूल टोन कलर ऑप्शन के रूप में 3-ड्यूल कलर-टोन दिए जाएंगे, जिसमें अर्थेन ब्राउन के साथ ब्लूइश ब्लैक, आपुलेंट रेड के साथ ब्लूइश ब्लैक और स्प्लेंडिड सिल्वर के साथ ब्लूइश ब्लैक कलर विकल्प के साथ बाजार में उतारा जाएगा। सुजुकी फ्रोंक्स कार की डिजाइन की बात करें तो, इस नई क्रॉसओवर में क्रोम फिनिश के साथ नई ग्रिल देखने को मिलती है जो इसे काफी अपीलिंग लुक देती है।

इसके अलावा इसमें एलईडी हेडलैंप्स के साथ एलईडी डीआरएल, क्रोम के साथ फ्रंट और बैक बंपर, सिल्वर कलर साइड प्रोफाइल के साथ रूफ रेल्स, ड्यूल टोन ओआरवीएम और 16-इंच के अलॉय-व्हील्स का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस कार के इंटीरियर की बात करें तो, इसमें ड्यूल टोन थीम के साथ सिल्वर कलर मेटल फिनिश देखने को मिलता है और साथ ही अन्य कई फीचर्स इसके इंटीरियर में दिए गए हैं। जिसमें 9-इंच का स्मार्ट प्ले प्रो+ टचस्क्रीन इंफोमेंट सिस्टम, कंट्रोलिंग फीचर्स के साथ 3 स्पोक स्टीयरिंग व्हील, हेड-अप डिस्प्ले, चौकोर एयर वेंट्स, वायरलेस चार्जर और 360 डिग्री कैमरा भी इस कार के इंटीरियर में मिलते हैं। इस कार में कंपनी ने दो इंजन विकल्प ऑफर किए हैं।

पहला 1.2 लीटर डुअलजेट पेट्रोल इंजन और दूसरा 1.0 लीटर बूस्टरजेट पेट्रोल इंजन और ये दोनों क्रमशः 89बीएचपी की पावर और 113एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इस इंजन को 5 स्पीड मैन्युअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के जोड़ा गया है और वहीं दूसरा 99बीएचपी की पावर और 147एनएम का टॉर्क जेनेट कर सकता है। जिसे 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड आटोमेटिक टॉर्क कनवर्टर के साथ कंपनी ने जोड़ा है। इस कार में कंपनी ने कई सेफ्टी फीचर्स दिए हैं। इनमें हिल होल्ड असिस्ट (एचएचए), जेटा और अल्फा वेरिएंट्स में 6 एयरबैग, एबीएस के साथ ईबीडी ब्रेक असिस्ट और आइसोफिक्स भी जैसे फीचर्स शामिल हैं।

# महिंद्रा अब 5 नई एसयूवी करने जा रही है लॉन्च

नई दिल्ली। ऑटोमोबाइल क्षेत्र की स्वदेशी कंपनी महिंद्रा अब 5 नई एसयूवी लॉन्च करने जा रही है। एक साल पहले ही यूके में कंपनी ने अपनी एक ऑल इलेक्ट्रिक एसयूवी को अनवील किया था। अब इंडिया में 10 फरवरी को हैदराबाद में महिंद्रा ईवी फैशन फेस्टिवल में नई एसयूवी को लोग पहली बार देख सकेंगे। कंपनी ने इसका एक टीजर भी जारी कर दिया है।

ऐसा पहली बार होगा कि महिंद्रा अपने बॉर्न इलेक्ट्रिक व्हीकल को देश में लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार एक्सयूवी और न्यू ऑल इलेक्ट्रिक ब्रांड बीई के तहत 5 नई इलेक्ट्रिक एसयूवी को रिवील किया जा रहा है। इन्हें एक्सयूवी ई8, एक्सयूवी ई9, बीई 05, बई 07 और बीई 09 नाम दिया गया है। नई गाड़ियां इंग्लो ईवी प्लेटफॉर्म पर बेस्ड हैं। कंपनी के अनुसार इनमें से पहले 4 गाड़ियों को 2024 से 2026 के बीच लॉन्च कर दिया जाएगा।

कंपनी के अनुसार उन्हें उम्मीद है कि 2027 तक पोर्टफोलिया में 25 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन होंगे। एक्सयूवी वेरिएंट के तहत कंपनी अपने एसयूवी सेगमेंट को फुलफिल करेगी, वहीं बीई के तहत कंपनी स्पोर्टी और बोल्ड कारों को मैन्युफेक्चर करेगी।हाल ही में महिंद्रा ने अपनी पॉपुलर मिड साइज एसयूवी एक्सयूवी 400 का इलेक्ट्रिक वेरिएंट लॉन्च किया था। कंपनी ने इसे दो मॉडल्स में उतारा था। इसमें ईसी वेरिएंट में 34,5 किलोवॉट और ईएल वेरिएंट में 39.4 किलोवॉट का बैट्री पैक दिया गया है जो 375 और 456 किमी. की रेंज ऑफर कर रहा है। कार की सीधी टक्कर टाटा की नेक्सॉन ईवी से है।

बता दें कि एसयूवी के बाजार में अपनी बादशाहत को लंबे समय से कायम रखे महिंद्रा अब एक बड़ा धमाका करने जा रही है। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की लाइन को डवलप करने के लिए महिंद्रा ने हाल में ही 10 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा की है। इसके लिए कंपनी पुणे में एक नया मैन्युफेक्चरिंग प्लांट भी स्थापित करेगी। इस प्लांट में बोर्न इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का निर्माण किया जाएगा।

## सानिया और बेथानी आबूधाबी ओपन से बाहर हुई

**अबुधाबी।** भारत की सानिया मिर्जा और उनकी जोड़ीदार अमरीका की बेथानी माटेक सैंड्स अबुधाबी ओपन टेनिस के महिला युगल मुकाबले में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। सानिया और बेथानी को पहले ही दौर में बेल्जियम की क्रिस्टीन फ्लिपकेंस और जर्मनी की लौरा सीजमंड ने एक घंटे से अधिक समय तक चले संघर्ष के बाद 3-6, 4-6 से हराया।

सानिया अब अपने करियर का अंतिम टूर्नामेंट 19 फरवरी से दुबई ओपन खेलेंगी। सानिया ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद वह खेल को अलविदा कह देंगी।

सानिया इससे पहले अपने अंतिम ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन के मिश्रित युगल में रोहन बोपन्ना के साथ उपविजेता रहीं थीं।



अमेरिका में प्रो एम गोल्फ टूनार्मेंट में जस्टिन रोस चैम्पयनशिप ट्रॉफी के साथ नजर आये।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित के साथ शुभमन करें पारी की शुरूआत : हरभजन

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह के अनुसार नागपुर में गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल को पारी की शुरूआत के लिए भेजा जाना चाहिये। वहीं माना जा रहा है कि इस सीरीज में प्रबंधन अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल को पारी की शुरूआत के लिए भेजेगा पर हरभजन इससे सहमत नहीं है। उनका कहना है कि अगर किसी बल्लेबाज ने सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह फार्म में है तो सीरीज जीतने के लिए उसे ही पूरी सीरीज में अवसर दिया जाना चाहिये। ।

हरभजन ने कहा, ह्यह्यमुझे लगता है कि इस टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के तौर पर शुभमन होना चाहिये। इसका कारण है कि वह अच्छे फार्म में है। इस अनुभवी स्पिनर ने कहा कि राहुल भी अच्छे खिलाड़ी हैं पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर उनके आंकड़े सही नहीं हैं। पिछले काफी समय से वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रन नहीं बना पाये हैं। दूसरी ओर शुभमन आजकल शानदार फार्म में है। अभी तक उसने जो क्रिकेट खेला है उसमें उसका फार्म अभी सबसे बेहतर है। उसने कई रिकार्ड भी तोड़े हैं। इससे साफ है कि वह पारी की शुरूआत में अच्छी तरह से खेल सकता है। शुबमन ने पिछले साल 3 मैचों में 178 रन बनाए थे, इसमें एक शतक भी था। वहीं राहुल ने 4 टेस्ट मैचों में केवल 137 रन बनाए थे। शुबमन एकदिवसीय में भी शीर्ष पर हैं। उनके नाम 18 मैचों में 1205 रन हैं। नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज होने के कारण उन्हें टेस्ट में भी जगह मिलनी चाहिये।

रिकार्ड उनके पक्ष में हैं। भारत को उनकी लय का लाभ उठना चाहिये क्योंकि अवसर मिलने नहीं मिलने पर यह भी हो सकता है कि उनकी लय खराब हो जाये। इसलिए अगर भारतीय टीम को सीरीज में जीत दर्ज करनी है तो रोहित के साथ शुभमन गिल पारी की शुरूआत करें।




एमसीजी में आरोन फिंच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।

## मियांदाद के भड़कीले बयान पर वेंकटेश प्रसाद ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाने की घोषणा के बाद से ही पाक के कई क्रिकेटरों के भड़काऊ बयान सामने आये हैं। इनमें ये भी कहा गया कि इसके जवाब में पाक टीम भारत में होने वाले विश्वकप का बहिष्कार करें। इसी बीच अपने भड़कीले बयानों के कारण विवादों में रहने वाले पूर्व पाक क्रिकेटर जावेद मियांदाद ने कहा था कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान में नहीं आना चाहती तो वे भाड़ में चली जाए। अब मियांदाद के इसी बयान को लेकर पूर्व भारतीय गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने करार जवाब दिया है।

प्रसाद ने मियांदाद की तरह कोई विवादित बात नहीं कही है पर उन्होंने मियांदाद के इस बयान पर ऐसी प्रतिक्रिया दी है कि जिससे पाक क्रिकेटरों की बोलती बंद है। मियांदाद के भारतीय टीम के भाड़ में जाए वाले बयान पर प्रसाद ने कहा, लेकिन वह भाड़ में जाने से इंकार कर रहे हैं। फैंस इस प्रतिक्रिया का यह भी मतलब निकाल रहे हैं कि भारतीय टीम भाड़ यानी पाक में जाने से इंकार कर रही है।

मियांदाद ने इससे पहले भारत के साथ ही आईसीसी को लेकर भी विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था,मैंने पहले भी यह कहा है, भारत भाड़ में जाए अगर वे पाक नहीं आना चाहते हैं। इससे हमें कोई परेशानी नहीं है। यह सुनिश्चित करना आईसीसी का काम है कि भारत आए। यदि आईसीसी इसे नियंत्रित नहीं कर सकता है तो शासी निकाय होने का क्या मतलब है? इसमें हर टीम के लिए समान नियम होने चाहिए, चाहे वे कितने भी मजबूत क्यों न हों। भारत क्रिकेट नहीं चलाता है। यह एक पावरहाउस हो सकता है, लेकिन अपने घर में, हमारे लिए नहीं और ना ही दुनिया के लिए।

## शुभमन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकता है : जयवर्धने

**दुबई।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के अनुसार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल अहम भूमिका निभा सकते हैं। जयवर्धने ने पिछले कुछ समय के अंदर शुभमन के प्रदर्शन को सराहा है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण से निपटने में वह भारतीय टीम की उम्मीद रहेंगे। दोनो ही टीमें अभी विश्व रैंकिंग में पहले और दूसरे नंबर पर हैं। यह सीरीज आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिहाज से भी अहम है। भारतीय टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने इस सीरीज में जीत की जरुरत है।

जयवर्धने शुभमन के बारे में कहा, वह बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, वह तकनीकी रूप से बहुत मजबूत है और वह गति का एक अच्छा खिलाड़ी है। वह उस ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण के खिलाफ अच्छी स्थिति में रहेगा पर भारतीय टीम के लिए यह सीरीज आसान नहीं रहेगी। यह एक बहुत अच्छी श्रृंखला होगी। उन्होंने कहा, वह इस समय शानदार फॉर्म में है और अगर वह इसी लय को लाल गेंद क्रिकेट में जारी रखता है तो अच्छा रहेगा। उसके पास गति, परिपक्वता और स्थितियों और हालातो की समझ है। ऐसे में वह वह भारतीय शीर्ष क्रम के लिए एक बड़ी संपत्ति है। उममें विरोध आक्रमण को ध्वस्त करने और दबाव में लाने की क्षमताएं हैं।

## भारत के अनुज फीफा फुटबॉल एजेंट कार्यसमूह में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के अनुज किचलू को फीफा फुटबॉल एजेंट कार्यसमूह में जगह मिली है। अनुज इसमें शामिल होने वाले एकमात्र एशियाई हैं। फीफा ने सोमवार को 18 सदस्यीय कार्यसमूह का की घोषणा की है। यह क्षेत्र में फुटबॉल एजेंटों की कार्यप्रणाली को लेकर सलाह देता है।

इसमें दुनिया भर के पेशेवर हितधारकों के प्रतिनिधि और एजेंट संगठन है जो फुटबॉल एजेंटों से जुड़े मसलों पर स्थायी सलाहकार संगठन होगा। कार्यसमूह में यूरोप और लेटिन अमेरिका का दबदबा है। कोलकाता से काम करने वाले किचलू स्पेन के संगठन बेस्ट आफ यू (बॉय) के सदस्य हैं और 2012 से फुटबॉल खिलाड़ियों के एजेंट का काम कर रहे हैं। उन्होंने ही बाला देवी और संदेश झिंगन जैसे खिलाड़ियों को यूरोपीय क्लब ट्रांसफर में सहायता की है।

उन्होंने कहा, फीफा के कार्यसमूह में हमें अपनी सलाह देनी है कि भारत में और इस क्षेत्र में एजेंट कैसे काम करते हैं । कार्यसमूह में अलग अलग क्षेत्रों के लोग हैं और हर तरह के एजेंट है। फीफा इस मामले में सभी से सलाह लेगा।

## ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम के कप्तान फिंच ने खेल को अलविदा कहा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई विश्व विजेता टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच ने खेल के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया है। 36 वर्षीय फिंच साल 2015 में आईसीसी पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम में भी शामिल रहे थे। वहीं साल 2021 में टी20 विश्व कप विजेता टीम के वह कप्तान थे। खेल से संन्यास की घोषणा करते हुए फिंच ने कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि बढ़ती उम्र के कारण वह अगले विश्वकप तक नहीं खेल पायेंगे। इसलिए मैंने सोचा कि यह सही समय है जब मैं पद छोड़ सकता हूं ताकि टीम को योजना बनाने का समय मिल सके। इसके साथ ही फिंच ने अपने परिवार और प्रशंसकों विशेष रूप से पत्नी एमी, टीम के साथियों, क्रिकेट क्लब विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स असोसिएशन को सहयोग के लिए धन्यवाद। परिवार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुझे उस खेल को खेलने की अनुमति दी जो मुझे पसंद है। इसके साथ ही मैं उन सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे पूरे अंतरराष्ट्रीय करियर में मेरा समर्थन किया।

इस क्रिकेटर ने कहा, साल 2021 में टी20 विश्व कप की पहली जीत और 2015 में घरेलू धरती पर एकदिवसीय विश्व कप जीत हमेशा ही मेरे लिए यादगार पल रहेंगे। साथ ही कहा कि करीब 12 वर्षों तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से दिग्गज खिलाड़ियों के साथ खेलना एक बड़ा सम्मान रहा है। गौरतलब है कि फिंच टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 34.28 रन की औसत और 142.53 के स्ट्राइक-रेट से इस सबसे छोटे प्रारुप में 3120 रन बनाए हैं। साल 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने सबसे अधिक 172 रन बनाये थे , यह रिकार्ड आज भी कायम है। इस क्रिकेटर ने एकदिवसीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले लिया था।



फ्रांस में स्लेलम रेस के बाद मिकेला शिफरिन पोल्स पर झुकी नजर आयीं।

## फिंच का आईपीएल में हैं अनोखा रिकार्ड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों (एकदिवसीय और टी20 प्रारुप) के कप्तान एरोन फिंच ने खेल को अलविदा कह दिया है। फिंच की पहचान आक्रामक सलामी बल?लेबाज के तौर पर रही है। इस क्रिकेटर ने आईपीएल में सबसे अधिक 9 फ्रेंचाइजियों की ओर से खेला है। वहीं भारतीय क्रिकेटर जयदेव उनादकट और मनीष पांडे दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनो ने ही सात-सात टीमों की ओर से खेला है।

साल 2022 में कोलकाता नाईट राइडर्स ने फिंच को उनके आधारमूल्य पर खरीदा था। टीम से जुड़ने के साथ ही फिंच आईपीएल में सबसे अधिक टीमों की ओर से खेलने वाले क्रिकेटर बन गये। केवल तीन ही टीमें हैं जिनकी ओर से इस क्रिकेटर ने नहीं खेला है।

इस ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने दिल्ली डेयरडेविल्स,(अब दिल्ली कैपिटल्स), गुजरात लॉयन्स, किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स), मुंबई इंडियंस, पुणे वॉरियर्स, राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलैंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेला है।

वहीं इस क्रिकेटर ने अब तक तीन ऐसी टीमें हैं जिनकी ओर से नहीं खेला है।

यह टीमें हैं, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स हैं।

वहीं दूसरे नंबर पर मनीष और उनादकट हैं। इन दोनो ने ही आईपीएल में 6 से ज्यादा टीमें बदली हैं। अब तक कुल मिलकर इन दोनो ने सात टीमों की ओर से खेला है।

## चार से 26 मार्च तक मुंबई में खेला जाएगा महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट

**ब्रेबॉर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे सभी मैच**

**मुम्बई।** महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट (डब्ल्यूपीएल) चार से 26 मार्च तक मुंबई में खेला जाएगा। इस टूनार्मेंट के सभी मैच ब्रेबॉर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसमें शुरूआती मुकाबला गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस की फ्रेंचाइजी टीमों के बीच होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा, महिला प्रीमियर लीग चार से 26 मार्च तक मुंबई में खेली जायेगी। लीग में कुल 22 मैच खेले जाएंगे और तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी। वहीं दूसरे और तीसरे स्थान का फैसला नॉकआउट मैचों से होगा।

धूमल ने यह भी कहा कि इस लीग के लिये खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में की जाएगी। डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल जैसी आईपीएल टीमों के अलावा कैपरी ग्लोबल होल्डिंग्स (लखनऊ) और अडानी स्पोर्टलाइन ने फ्रेंचाइजी टीमें खरीदी हैं। लगभग 1500 खिलाड़ियों ने लीग के लिए पंजीकरण कराया है और अंतिम सूची इस सप्ताह के अंत में जारी की जाएगी। इस नीलामी में हर फ्रेंचाइजी टीम खिलाड़ियों पर 12 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है। सभी टीमों को कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ियों के लिए बोली लगानी पड़ेगी।

## विराट अपने नये फोन के गुम होने से निराश हुए

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपने नये फोन खो जाने से बेहद निराश हैं। विराट ने अपने नये फोन के गुम होने की जानकारी प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर ट्वीट कर दी। साथ ही कहा कि नए फोन को खोले बिना ही उसके खो जाने से बुरा कुछ नहीं हो सकता। विराट ने इसके साथ ही प्रशंसकों से पूछा है कि क्या किसी ने उनका फोन देखा है।



विराट के इस ट्वीट के बाद इसे लेकर मजेदार मीम्स बने हैं। कई यूजर्स ने इस घटना पर अपने मनोरंजक ट्वीट्स के साथ जवाब दिये हैं। इस ट्वीट को अब तक 65 हजार से ज्यादा लोगों के लाइक्स मिल चुके हैं और यह ट्विटर पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि विराट द्वारा किए गए ट्वीट किसी विज्ञापन अभियान का भी हिस्सा हो सकते हैं।

विराट के प्रति सहानुभूति जताते हुए प्रशंसक उनसे फोन को लेकर बिलकुल भी चिंता न करने के लिए कह रहे हैं। इन लोगों का कहाना है कि इसकी जगह उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर ध्यान देना चाहिये। वहीं कुछ लोग ऐसे ट्वीट को पब्लिसिटी स्टंट बता रहे हैं। एक यूजर ने कहा, इस पोस्ट के बाद आपको अपने स्पॉनसर से कई ऐसे फोन मिल जाएंगे।

## तुर्की के भूकंप में घाना के फुटबॉलर क्रिस्टियन लापता हुए

**इस्तांबुल।** घाना के फुटबॉलर क्रिस्टियन अत्सु तुर्की में आए भीषण भूकंप के बाद से लापता है। यह भी आशंका जतायी जा रही है चेलसी और न्यूकैसल के पूर्व फॉरवर्ड क्रिस्टियन कहीं मलबे में दबे होंगे या उनकी मौत हो गयी होगी। तुर्की में आये भूकंप में हजारों लोगों की मौत हुई है। अभी क्रिस्टियन तुर्की के हातायिस्पोर क्लब की ओर से खेलते हैं। क्लब के प्रवक्ता मुस्तफा ओजात ने बताया कि वह उस इमारत में रह रहे थे जो नष्ट हो गयी है। वहीं क्लब के दो खिलाड़ियों को मलबे से सुरक्षित निकाल लिया गया है।

वहीं घाना फुटबॉल एसोसिएशन ने ट्वीट किया, हम घाना इंटरनेशनल क्रिस्टियन अत्सु और तुर्की और सीरिया में भूकंप के पीड़ितों के लिए प्रार्थना करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वह ठीक होंगे। क्रिस्टियन को आखिरी बार 2019 में घाना के लिए खेलने का अवसर मिला था।

## स्मिथ और वार्नर ने देखी नागपुर की पिच

**नागपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के साथ गुरुवार से होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के अनुभव बल्लेबाजी स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर पिच देखने पहुंचे। स्मिथ और वॉर्नर के पिच का मुआयना करने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी आई हैं। इसपर प्रशंसकों ने कई मजाकिया बातें कही हैं। एक यूजर ने लिखा कि आप एक चौंकीदार रख लो, वहीं दूसरे यूजर ने लिखा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर वहीं सो जाएं।

इस सीरीज से पहले कई ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने भारतीय पिचों की आलोचना की थी। इन्हीं में से ऑस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने कहा था, आगामी टेस्ट सीरीज में अगर पिच पूरी तरह स्पिन के अनुरुप होती हैं तो मेजबान टीम भारत का पलड़ा भारी रहेगा। वहीं अगर भारत सही पिचें तैयार करता है तो ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत हासिल कर सकती है। पिच अगर बल्लेबाजों के लिए सही होगी और समय के साथ स्पिनरों के लिए सहायक होगी तो ऑस्ट्रेलियाई टीम के जीतने की संभावना बढ़ जाएगी।। हीली ने कहा, वहीं अगर पिच सही नहीं होती और उसमें असामान्य उछाल रही तो उसका लाभ घरेलू मैदान होने के कारण भारतीय टीम को मिलेगा।

## आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंची स्नेह

**हरमनप्रीत दसवें स्थान पर पहुंची**

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय महिला क्रिकेटर स्नेह राणा अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गयी हैं। वहीं भारत की ही दीप्ति शर्मा एक स्थान के नुकसान के साथ ही तीसरे स्थान पर फिसल गयी हैं। स्नेह को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। स्नेह ने फाइनल में 21 रन देकर 2 खिलाड़ियों को आउट किया था। वहीं दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर एन एमलाबा दूसरे स्थान पर आयी है जिससे भारत की दीप्ति को एक स्थान का नुकसान हुआ है। पछाड़कर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर ने भारतीय टीम के खिलाफ दो विकेट लिए थे। वहीं बल्लेबाजी रैंकिंग की बात करे तो भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को एक स्थान का लाभ मिला है और वह अब शीर्ष दस खिलाड़ियों में शामिल हो गयी हैं। इसके अलावा दीप्ति शर्मा दो पायदान ऊपर आकर 23वें और हरलीन देयोल 20 पायदान ऊपर आकर 110वें स्थान पर पहुंच गयी हैं। दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर चोले ट्रायोन नंबर एक पर बनी हुई हैं।



मोरक्को में फुटबॉल मुकाबले से पहले मीडिया से बात करते हुए फलेमिंगो के डेविड लुइज और कोच विटोर।

# लगातार दूसरी बार भारतीय मूल की नताशा दुनिया की सबसे मेधावी छात्रा घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित जॉन हॉपकिन्स सेंटर फॉर टैलेंटेड यूथ ने 76 देशों के 15,000 छात्र-छात्राओं की परीक्षा के नतीजों के आधार पर भारतीय-अमेरिकी स्कूली छात्रा नताशा पेरियानायगम को लगातार दूसरे साल दुनिया की सबसे मेधावी छात्रा घोषित किया है। पेरियानायगम (13) न्यूजर्सी में फ्लोरेंस एम गॉडिनीयर मिडल स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने 2021 में जॉन हॉपकिंस सेंटर फॉर टैलेंडेड यूथ (सीटीवाई) की परीक्षा दी थी। उस समय वह 5वीं ग्रेड की छात्रा थीं।

मौखिक एवं मात्रात्मक योग्यता की परीक्षा में नताशा का प्रदर्शन ग्रेड आठ में 90 पर्सेंटाइल हासिल करने के बराबर था, जिस कारण उन्हें उस वर्ष की सम्मान सूची में जगह दी गई।

विश्वविद्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नताशा को इस साल एसएटी, एसीटी, स्कूल और कॉलेज एबिलिटी टेस्ट या सीटीवाई टैलेंट सर्च के तहत लिए गए समान मूल्यांकन में असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। पेरियानायगम के माता-पिता चेन्नई से हैं। उन्होंने कहा पेरियानायगम को अपने खाली समय में गूगल डूडल बनाना और जेआरआर टोल्किन के उपन्यास पढ़ना बहुत पसंद है। सीटीवाई दुनियाभर में असाधारण मेधावी छात्रों की पहचान के लिए ऊपरी-ग्रेड स्तरीय परीक्षा का आयोजन करता है और उनकी अकादमिक क्षमताओं के बारे में स्पष्ट तस्वीर पेश करता है। अपने हालिया प्रयास में पेरियानायगम ने सभी उम्मीदवारों से अधिक ग्रेड प्राप्त किए।


तुर्की में आये भीषण भूकंप के बाद राहत के कार्यों को देखती हुई एक महिला।


सीरिया में आये भूकंप के बाद एक इमारत के मलबे में दबे एक बच्चे को निकालकर ले जाते हुए राहतकर्मी।

# महबूबा बोलीं अभियान में केवल गरीबों के गिराए जा रहे मकान, उमर ने कहा उनकी बात सुनी जानी चाहिए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए प्रशासन द्वारा शुरू किए गए अभियान से उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को काफी तकलीफ पहुंची है। वर्षों तक सरकारी भूमि पर रसूखदार लोग कब्जा करते रहे और उन्हें अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों का संरक्षण प्राप्त रहा। अब जबकि उन लोगों से सरकारी जमीन छुड़ाई जा रही है, तो कई लोग विरोध कर रहे हैं।

प्रशासन की इस कार्रवाई से जम्मू-कश्मीर के आम लोग खुश हैं, लेकिन गुपकार गठबंधन आग बबूला हो गया है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सरकार अफगानिस्तान की तरह कार्रवाई कर रही है, जबकि उमर अब्दुल्ला को भी यह गरीबों को सताने वाली कार्रवाई नजर आ रही है। सज्जाद लोन को भी लग रहा है कि प्रशासन की यह कार्रवाई गलत है। आम कश्मीरी इस समय घाटी में वह परिवर्तन देख रहे हैं जिसकी कभी वह कल्पना ही कर सकते थे।



जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश को अफगानिस्तान में बदल दिया है और वह अतिक्रमण रोधी अभियान के तहत गरीब तथा वंचितों के मकान ढहाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल कर रही है।

महबूबा मुफ्ती ने देश में विपक्षी नेताओं से भाजपा द्वारा किए जा रहे कथित अत्याचारों के प्रति मूक दर्शक न बने रहने की अपील भी की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपने प्रचंड बहुमत का इस्तेमाल संविधान को ढहाने के लिए कर रही है। महबूबा ने कहा फलस्तीन फिर भी बेहतर है। जिस तरीके से लोगों के मकानों को ढहाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा रहा है, उससे तो कश्मीर की स्थिति अफगानिस्तान से भी बदतर हो गई लगती है। लोगों के छोटे-छोटे मकानों को ढहाने का उद्देश्य क्या है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा, बुलडोजर सरकार का पहला विकल्प नहीं हो सकता। लोगों को परेशान करना सरकार का काम नहीं है। उसका काम लोगों के जख्मों पर मरहम लगाने का होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी सरकारी जमीनों पर कब्जे के खिलाफ है, लेकिन प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के दौरान तय कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित अतिक्रमणकारियों की सूचियों पर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें गुपकर रोड पर स्थित अपना पैतृक मकान उस सूची में शामिल होने की आशा नहीं थी, क्योंकि उसका पट्टा अभी चल रहा है। उन्होंने सवाल किया मेरी बहन इस मामले में उच्च न्यायालय गयीं, जहां सरकार के वकीलों ने बताया कि सार्वजनिक मंचों पर उपलब्ध सूचियां फर्जी हैं। ऐसे में फिलहाल किस आधार पर बुलडोजर चल रहे हैं?

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी ध्वस्तीकरण हो रहा है, वहां के लिए कोई छानबीन नहीं हुई है और मीडिया को पहले ही सूचना दे दी गई, लेकिन वहां रहने वालों को सूचित नहीं किया गया। अब्दुल्ला ने कहा अधिकारी अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए अतिक्रमण रोधी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे पास सूचना है कि इन सूचियों में जिनके नाम हैं उनसे नाम हटवाने के एवज में 1.5 लाख रुपए मांगे जा रहे हैं।

# शालिग्राम देवशिलाएं लेकर जनकपुर से अयोध्या पहुंचे छिरिंग और रंजीत राममय हो गए

**शराब और मांसहार सब छोड़ कर भगवान रामलाल की भक्ति में खो गए**

**मुजफ्फरपुर।** या अनुरागी चित्त की गति समझे न कोय, ज्यों-ज्यों बूड़े श्याम रंग त्यों-त्यों उज्ज्वल होय...कविवर बिहारी की ये पंक्तियां आज के समय में नेपाल के छिरिंग लामा और मधुबनी के रंजीत कुमार महतो पर चरितार्थ हो रही हैं। शालिग्राम में बसे राम के सानिध्य में रहने का अवसर मिला तब इनका तन-मन सब सात्विक हो गया।

छिरिंग और रंजीत, ये दो व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपनी आंखों से देवशिला को राम होते हुए देखा है। दौड़ती-भागती गाड़ियों के बीच सड़कों पर भक्ति का ज्वार देखा है। नगर-नगर देवशिला के स्पर्श को आतुर जनसमूह का उमड़ता भाव देखा है। इन दोनों ही व्यक्तियों के लिए यह सब कल्पनातीत था और जब इन्हें इस कल्पनातीत क्षण का भागीदार होने का मौका मिला, तब वह भी राममय हो गए। जो कभी सामिष थे, अब निरामिष हो गए हैं। ये केवट तो बने, लेकिन उतराई में मिली कमाई का एक भाग उन्हीं राम के नाम भेंट कर दिया।

नेपाल के गंडकी प्रदेश के बेनी नगर पालिका निवासी छिरिंग लामा और बिहार के मधुबनी जिले में पिपरौन के निवासी रंजीत महतो ने कृष्ण गंडकी नदी से प्राप्त शालिग्राम देवशिलाएं अयोध्या तक पहुंचाईं। छिरिंग 26 जनवरी को दोनों देवशिलाएं लेकर नेपाल से चले और 28 जनवरी की रात जनकपुर धाम पहुंचे। यहां से दोनों देवशिलाएं 30 जनवरी को भारतीय ट्राले से अयोध्या जानी थीं, इस लेकर रंजीत पहुंचे। लेकिन, मुख्य देवशिला दूसरे ट्राले पर नहीं ले जाई जा सकी। इस पर रंजीत दूसरी देवशिला लेकर अयोध्या के लिए चले।

छिरिंग कहते हैं कि कृष्ण गंडकी से जनकपुर धाम तक शालिग्राम देवशिला के सानिध्य में ही यह अनुभव हो गया कि भगवान ने इस विशेष कार्य के लिए चुनकर उनपर अपनी कृपा की। यात्रा समन्वयक नेपाल विहिप के महामंत्री जितेंद्र सिंह बताते हैं कि पूरी यात्रा के दौरान छिरिंग रोज सुबह स्नान कर देवशिला का पूजन करते, चढ़ावा चढ़ाकर प्रसाद खाते और तब जाकर स्टीयरिंग संभालते थे। नेपाल में मांसाहार एवं मदिरा प्रचलन में है, लेकिन 26 जनवरी से यात्रा शुरू करने के बाद पांच फरवरी को नेपाल लौटे छिरिंग ने अब तक मांस-मदिरा को हाथ नहीं लगाया है। पूछे जाने पर छिरिंग कहते हैं कि अब मन नहीं करता। उन्होंने देवशिला पहुंचाने के खर्च में अपनी तरफ से 11 हजार नेपाली मुद्रा भी अर्पित की।

छिरिंग देवशिला के साथ ही पहली बार भारत आए। वे अपने साथियों से सुनते रहते थे कि यहां चालकों को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता, लेकिन अब वह हमेशा यहां रामलला का दर्शन करने आएंगे। वे कहते हैं कि मुझे देवशिला ले जाने का सौभाग्य मिला, यह मेरे जीवन भर की कमाई हो गई है।

अयोध्या से चावल लेकर नेपाल के लिए जाते समय रंजीत कुमार महतो ने मुजफ्फरपुर में बताया कि मुझे ऐसा लग रहा है कि श्रीराम ने मुझे हनुमान बना लिया।

मेरा जरूर कोई पुण्य कर्म रहा होगा, जो मैंने यह सौभाग्य पाया। रंजीत बताते हैं कि मैं कई राज्यों में जाता हूं और काम के बाद शराब पीकर सोने की आदत थी, लेकिन शालिग्राम देवशिला के सानिध्य में शराब-मांस सब कुछ छूट गया। वह आगे कहते हैं कि यह श्रीराम की ही कृपा है कि सड़क पर देवशिला के दर्शन को लालायित अपार भीड़ के बाद भी कुछ अनहोनी नहीं हुई। रामभक्तों व साधु-संतों की टोली ने यात्रा को और आसान बना दिया। 15 घंटे की यात्रा थी, जो 70 घंटे में पूरी हुई, लेकिन फिर भी पता ही नहीं चला।

# सीरिया में भूकंप के मंजर से आई तबाही अब तक 1,500 मौतें

**अंकारा/दमिश्क।** सीरिया युद्ध के कारण पहले ही बबार्दी की कगार पर था, लेकिन सोमवार की सुबह 4.17 बजे आए भूकंप ने यहां प्रलय जैसे हालात पैदा हो गए हैं। बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है। इस भूकंप के कारण सीरिया के इड्लिब में बड़ी तबाही दिखी है। लोग ठंड के मौसम में बेघर हो गए हैं। लोग अपने घरों के बाहर बिना किसी साधन के रहने को मजबूर हैं। तुर्की और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 4 हजार 300 से अधिक हो गई है। दोनों पड़ोसी देशों में भारी बारिश और हिमपात के बीच बचाव दलों को पीड़ितों को मदद पहुंचाने और मलबे में दबे लोगों को निकालने में काफी परेशानी हो रही है।

मीडिया के अनुसार मंगलवार सुबह तक तुर्की में मरने वालों की संख्या 2,921 थी, जबकि सीरिया में 1,500। तुर्की के डिजास्टर एंड इमरजेंसी मैनेजमेंट अथॉरिटी (एएफएडी) के अनुसार कम से कम 15,834 लोग घायल हुए हैं, जबकि 7,840 लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एएफएडी ने यह भी कहा कि कम से कम 5,606 इमारतें नष्ट हो गई। कुल 14,720 लोग मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं जिसमें सैन्यकर्मी भी शामिल हैं।


तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहरामनमारस में सोमवार सुबह 4.17 बजे विनाशकारी 7.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद गजियांटेप प्रांत में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने कहा कि 7.8 तीव्रता के भूकंप का केंद्र गजियांटेप में नूरदगी से 23 किमी पूर्व में 24.1 किमी की गहराई में था। लगभग 1.30 बजे, 7.5 तीव्रता का एक और झटका कहरामनमारस में आया, जिसके बारे में अधिकारियों ने कहा कि यह आफ्टरशॉक नहीं था। पूरे दिन में 60 से अधिक झटके महसूस किए गए। मीडिया के अनुसार सीरिया में सरकार के नियंत्रण वाले इलाकों में कुल मिलाकर 711 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें से ज्यादातर अलेप्पो, हमा, लताकिया और टार्टस के क्षेत्रों में दर्ज की गईं। आधिकारिक तौर पर सीरिया नागरिक सुरक्षा के रूप में जाना जाता है, विपक्ष-नियंत्रित क्षेत्रों में 740 मौतों की सूचना दी।

मीडिया के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि दोनों देशों में बचाव अभियान अभी भी जारी है। भूकंप के केंद्र के पास तुर्की के उस्मानिया शहर में भारी बारिश से बचाव कार्य प्रभावित हुआ। तबाही के बाद शहर में बिजली भी गुल है। भूकंप से तुर्की के तीन हवाई अड्डों को भी काफी नुकसान पहुंचा है, जिससे राहत और बचाव कार्य में कई चुनौतियां आ रही हैं। कई देशों ने प्रभावित क्षेत्र की मदद के लिए बचावकर्मियों को भेजा है और समर्थन की पेशकश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने तुर्की समकक्ष रेसेप तैयप एर्दोगन से बात की और हर संभव मदद देने का भरोसा दिया।

**भारत ने 100 कर्मियों के साथ एनडीआरएफ की दो टीमें भेजी**

भारत ने सोमवार को घोषणा की कि विशेष रूप से प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड और आवश्यक उपकरणों के साथ 100 कर्मियों वाली एनडीआरएफ की दो टीमें प्रभावित क्षेत्रों में गई हैं। आवश्यक दवाओं के साथ मेडिकल टीमें भी तैयार की जा रही हैं। तुर्की सरकार और अंकारा में भारतीय दूतावास और इस्तांबुल में महावाणिज्य दूतावास के तालमेल से राहत सामग्री भेजी जाएगी। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल ने बचाव दल और आपातकालीन चिकित्सा सामग्री तुर्की भेजने का आदेश जारी किया। यूरोपीय संघ तुर्की में खोज और बचाव दल भेज रहा है, जबकि नीदरलैंड और रोमानिया के बचावकर्मी पहले से ही रवाना हो चुके हैं।

ब्रिटेन ने कहा है कि वह 76 विशेषज्ञ, उपकरण और खोजी कुत्ते भेजेगा। फ्रांस, जर्मनी और इजराइल ने भी मदद करने का वादा किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्की और सीरिया दोनों को मदद की पेशकश की है। ऑस्ट्रेलिया ने 10 मिलियन डॉलर की सहायता राशि तुर्की को देने का वादा किया है।



लंदन में एनएचएस चिकित्सा कर्मियों की हड़ताल के बीच ही प्रदर्शन करती हुई नर्सें।

# पीएम शहबाज ने विकिपीडिया को पाकिस्तान में बहाल करने का आदेश दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को देश भर में ऑनलाइन विश्वकोश वेबसाइट विकिपीडिया को तुरंत बहाल करने का निर्देश दिया है। कुछ दिनों पहले इसे आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने में विफल रहने के कारण ब्लॉक कर दिया गया था। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विकिपीडिया और अन्य ऑनलाइन कंटेंट से संबंधित मामलों पर एक कैबिनेट समिति का भी गठन किया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि कानून, आर्थिक मामलों और सूचना मंत्रालयों वाली एक मंत्रिस्तरीय समिति का मानना था कि विकिपीडिया एक उपयोगी साइट-पोर्टल है, जो आम जनता, छात्रों और शिक्षा के लिए ज्ञान और सूचना के प्रसार का समर्थन करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साइट को पूरी तरह से ब्लॉक करना कुछ आपत्तिजनक कंटेंट और उस पर अपवित्र कंटेंट तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए उपयुक्त उपाय नहीं था।

इस व्यापक प्रतिबंध के अनपेक्षित परिणाम, इसके लाभों से अधिक हैं। बयान में कहा गया है कि उपरोक्त सिफारिश के आधार पर, प्रधानमंत्री यह निर्देश देते हैं कि वेबसाइट को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए। इसके अलावा, बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने कुछ अपमानजनक और आपत्तिजनक कंटेंट तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए विकिपीडिया को ब्लॉक करने की पीटीए की कार्रवाई की उपयुक्तता की समीक्षा के लिए एक और कैबिनेट समिति गठित की है। समिति जिसमें आईटी और दूरसंचार, कानून और न्याय, सूचना और प्रसारण, वाणिज्य और संचार मंत्री शामिल हैं, विकिपीडिया और अन्य ऑनलाइन सूचना साइटों पर पोस्ट की गई आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने या अवरुद्ध करने के लिए हमारी सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक तकनीकी उपायों की खोज और अनुशंसा करेगी। 1 फरवरी को, पीटीए ने अपमानजनक और ईशनिंदा कंटेंट को ब्लॉक करने या हटाने के निर्देश के साथ 48 घंटे के लिए विकिपीडिया को डिग्रेड कर दिया।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार प्राधिकरण ने अपने आदेशों का पालन करने में विफल रहने के बाद 4 फरवरी को देश भर में वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया। पहले के एक बयान में विकिमीडिया फाउंडेशन ने कहा 1 फरवरी को, हमें पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी से एक सूचना मिली जिसमें कहा गया कि गैरकानूनी माने जाने वाले कंटेंट को हटाने में विफलता के कारण विकिपीडिया की सेवाओं को 48 घंटों के लिए ब्लॉक कर दिया गया है। 3 फरवरी का हमारा डेटा दिखाता है कि यह पूरी तरह से ब्लॉक में विस्तारित हो गया है।

इसने कहा कि पाकिस्तान में मंच का एक ब्लॉक दुनिया के पांचवें सबसे अधिक आबादी वाले देश को सबसे बड़े मुक्त ज्ञान भंडार तक पहुंच से वंचित कर देगा। इसमें कहा गया है कि विकिपीडिया को ब्लॉक करने से हर कोई पाकिस्तान के इतिहास और संस्कृति तक पहुंच से वंचित हो जाएगा।

# वीडियो में भारत के नक्शे पर चलते दिखे अक्षय, जमकर हो रही आलोचना

**अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर किया विवादास्पद वीडियो अपलोड**

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार अपने उत्तरी अमेरिका दौरे से पहले एक प्रमोशनल वीडियो को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं, जिसमें उन्हें भारत के नक्शे पर चलते हुए दिखाया गया है। अभिनेता ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर विवादास्पद वीडियो अपलोड किया था। अक्षय की पोस्ट पर नेटिजन्स का गुस्सा भड़क उठा, जिन्होंने तुरंत इसे भारत के नक्शे का अनादर करार दिया। वीडियो में अभिनेत्री दिशा पटानी, मौनी रॉय, नोरा फतेही और सोनम बाजवा भी हैं। वह भारत के नक्शे पर नहीं चल रहे थे, इसलिए वह बच गए। यह वीडियो इस साल मार्च में नॉर्थ अमेरिका टूर ऑफ द स्टार्स को प्रमोट करने के लिए बनाया गया था। वीडियो को साझा करते हुए अक्षय ने ट्वीट किया था, मनोरंजनकर्ता उत्तरी



अमेरिका में 100 प्रतिशत शुद्ध देसी मनोरंजन लाने के लिए तैयार हैं। अपनी सीट बेल्ट बांध लें, हम मार्च में आ रहे हैं। कुछ नेटिजन्स ने अक्षय की कनाडाई नागरिकता की ओर इशारा करते हुए उनकी वफादारी पर सवाल उठाए। अभिनेता ने पहले कहा था कि उन्होंने अपनी कनाडाई नागरिकता छोड़ने का फैसला किया है और भारतीय पासपोर्ट के लिए आवेदन किया है।


पेरू में भारी बारिश से हुए भूस्खलन को देखते हुए लोग।

# आंखों की आधुनिक बीमारी का कारण मोबाइल व कम्प्यूटर



**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** बदलती जीवन शैली ने हर नागरिक के जीवन में खासा बदलाव लाया है। इसमें से एक है मोबाइल, लैपटॉप और कम्प्यूटर। हालांकि ये हमारे कामकाजी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इसके उपयोग से हमारे जीवन के अभिन्न आंख पर काफी गहरा असर पड़ने लगा है। कहने का आशय यह कि दैनिक जीवन में मोबाइल, लैपटॉप या कम्प्यूटर पर घंटों लगे रहने से आंखों में जलन, सूखापन, भारीपन और सिर दर्द होने लगे तो समझ लीजिए कि आप आधुनिक बीमारी के शिकार हो गए हैं। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'कंम्प्यूटर विजन सिंड्रोम' कहते हैं। लिहाजा, आप इन आधुनिक उपकरणों का उपयोग उतना ही करें, जितना आवश्यक हो। यदि आवश्यकता के बीच लगातार घंटों इस पर टकटकी लगाना जरूरी है तो हर आधे-आधे घंटे पर दो से पांच मिनट का विश्राम आंखों को देना भी आवश्यक है। ऐसे ही कुछ सावधानी बरतने और नियमों का पालन कर हम इस बीमारी से बच सकते हैं। यह कहना है बीएचयू अस्पताल स्थित नेत्र रोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं नेत्र कैंसर, चोट व ऑक्लुप्लास्टी के प्रभारी डॉ. राजेंद्र प्रकाश मौर्य का। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' के दौरान उन्होंने इस बारे में अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने ऐसे लोगों को कुछ सलाह भी दी, जो मोबाइल, लैपटॉप या कंम्प्यूटर से घंटों चिपके रहते हैं। प्रस्तुत है उनके बातचीत पर आधारित रिपोर्ट।



एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी अचीवमेंट अवार्ड-2021 से सम्मानित डॉ. राजेंद्र प्रकाश मौर्य ने बताया कि मोबाइल, लैपटॉप या कंम्प्यूटर के वीडियो डिस्प्ले टर्मिनल से निकलने वाली इलेक्ट्रो मैग्नेटिक किरणें आंखों की पुतली और मांसपेशियों को संकुचित कर देती है। लंबे समय तक संकुचन से नेत्र की मांसपेशियों में तनाव आ जाता है। जिससे आंखों में भारीपन, थकान या दर्द शुरू हो जाता है। सामान्य व्यक्ति की पलकें एक मिनट में करीब 10 बार झपकती है। पलकों का झपकना महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इससे आंख की पुतली साफ रहती है। आंसू का जल एक समान रूप से फैलता है और जल में घुलित ऑक्सीजन पुतली को मिलती रहती है। मगर इन आधुनिक उपकरणों पर एकटक देखने से पलकों के झपकने की दर काफी कम हो जाती है। इससे पुतली पर सूखने के धब्बे बन जाते हैं और व्यक्ति को धुंधला दिखने लगता है। इसके साथ ही आंखों में जलन, आंखों का गढ़ना भी शुरू हो जाता है। सिर चकराने लगता है। मस्तिष्क में दर्द सा महसूस होने लगता है। ऐसे में आवश्यक है कि इन उपकरणों का प्रयोग करने के दौरान बीच-बीच में आंखों को विश्राम दें। साथ ही पलकों को बराबर झपकाते रहे। हर दो से तीन घंटे पर आंखों को साफ पानी से धो लें ताकि आंखों की ताजगी बनी रहे।

**इलेक्ट्रो मैग्नेटिक किरणें करती है आंखों की पुतली और मांसपेशियों को संकुचित**

**पलक झपकाए बगैर काम करने से हो सकती है आंखों में जलन, सूखापन, भारीपन व सिर दर्द की शिकायत**

**आंखों से स्क्रीन रखें 25 सेमी दूर, एंटी-ग्लेयर चश्मा लगाएं, हर 30-40 मिनट पर ब्रेक लेना न भूलें**

**'कंम्प्यूटर विजन सिंड्रोम' नामक होती है आधुनिक बीमारी : डा. राजेंद्र प्रकाश मौर्य**

**खास मुलाकात**



डा. राजेंद्र प्रकाश मौर्य

## कितनी दूरी पर रखें मोबाइल लैपटॉप या कम्प्यूटर?

घर हो या दफ्तर। काम करने वाले अधिकांश लोगों को यह समस्या सामने आती है कि देर तक मोबाइल देखने, लैपटॉप या कम्प्यूटर पर काम करने से आंखों में थकावट और सूखापन आने लगता है। ऐसे में आवश्यक है कि इन उपकरणों का इस्तेमाल करते समय आप स्क्रीन को कम से कम 20 से 25 सेंटीमीटर दूर ही रखें। कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते समय तो इस बारे में विशेष सावधानी बरतें। काम करते समय एंटी-ग्लेयर चश्मा या स्क्रीन पर एंटी-ग्लेयर रिफलेक्टर लगा दे। हर 30 से 40 मिनट पर छोटा से ब्रेक लें। आंखों में जलन होने पर लूब्रीकेंट आई-ड्राप का प्रयोग करें।

## सीधा देखने पर निगाह टेढ़ी क्यों नजर आती है?

आंखों में भेंगापन या स्कीवींट एक खास बीमारी है। बच्चों में यह बीमारी अक्सर देखने को मिलती है। इसके लिए नियमित चश्मे के पावर व आंखों के पर्दे की जांच कराते रहना चाहिए। पांच साल से पहले यदि बच्चे का इलाज कराने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। बेहतर वाली आंख की पैचिंग करना चाहिए, इसे 'आक्लूजन थेरैपी' कहते हैं। इससे कमजोर आंख में ताकत आती है और आंख सीधी हो सकती है अन्यथा आगे चलकर ऑपरेशन की जरुरत पड़ सकती है।

## लंबे समय से दूर के लिए चश्मा लगाने और पॉवर बढ़ने पर क्या करें?

यह मायोपिया का लक्षण है। दूर की वस्तु देखने में दिक्कत होती है। कम उम्र के बच्चों में भी यह लक्षण देखने को मिल रहा है। वैसे उम्र बढ़ने के साथ एक्जियल लेंथ भी बढ़ता है, जिससे चश्मे का पॉवर आ जाता है। चश्मा लगाना ही लगाना है, लेकिन रिजिड कांटेक्ट लेंस भी लगवाया जा सकता है। नियमित चश्मे की जांच कराते रहते रहना चाहिए। नियमित योगा और एक्सरसाइज भी करें। वैसे, पॉवर न बढ़े, इसके लिए हरी साग-सब्जी और एंटी आक्सीडेंट युक्त फलों का भी सेवन करना चाहिए। चश्मा लगाने के बाद भी यदि पढ़ते या टीबी, मोबाइल देखते समय बीच में काला धब्बा दिखता है तो यह संकट की बात है। इसे उम्रदराज मैक्युलर डी-जेनेरेशन कहते हैं। इसमें रेटिना का सबसे संवेदनशील हिस्सा मैक्युला क्षतिग्रस्त होने लगता है। इसके लिए रेटिना विशेषज्ञ से पर्दे की जांच व उचित इलाज कराना चाहिए।

### अपनाएं '20-20' फॉर्मूला

कंम्प्यूटर विजन सिंड्रोम से बचने के लिए '20-20' का फॉर्मूला अपनाना होगा। इसके तहत आपको कम्प्यूटर स्क्रीन व अपनी आंखों के बीच की कम से कम 20 इंच दूरी रखनी चाहिए। कम्प्यूटर का मॉनीटर 20 से 30 अंश के कोण में झुका होना चाहिए। हर 20 मिनट पर आंखों को स्क्रीन से अलग करना चाहिए। अक्षर फांट की साइज बड़ा करके ही काम करना चाहिए। स्क्रीन के ब्लैक बैंकग्राउंड पर नहीं, बल्कि सफेद बैंकग्राउंड पर काम करना चाहिए।

## मोतियाबिंद क्यों होता है और इसका उपचार क्या है?

आंखों के प्राकृतिक व पारदर्शी लेंस धुंधला हो जाने को मोतियाबिंद कहते हैं। यह जन्मजात (गर्भावस्था में कुपोषण एवं संक्रमण के कारण) भी हो सकता है। सबसे अधिक वृद्धावस्था में होने वाली शारीरिक परिवर्तन के कारण उम्रदराज लोगों को मोतियाबिंद होता है। मोतियाबिंद चोट लगने से भी हो सकता है। मोतियाबिंद का निदान केवल ऑपरेशन ही है। ऑपरेशन के जरिए लेंस प्रत्यारोपण के माध्यम से पूरी रोशनी प्राप्त की सकती है।

## ये भी हैं गंभीर नेत्र लक्षण

डॉ. मौर्य का कहना है कि आंखों की कुछ बीमारियों काफी गंभीर होती है। मसलन आंखों के सामने अचानक धुंध छा जाना या अचानक रोशनी कम हो जाने की समस्या भी कई लोगों के सामने आयी है। ऐसा आंख का पर्दा फटने या पर्दा खिसकने या खून की नस के फट जाने से होता है। इसके अलावा, आंखों के सामने अचानक जलती हुई ज्वाला या जुगनू जैसी चकम का दिखाई देना, आंखों के सामने तैरते हुए काले धब्बे या उड़ता हुआ मच्छर जैसा प्रतीत होना, तेज सर दर्द के साथ आंख की रोशनी कम होना, अचानक आंख का तिरछा (भेंगापन) होना, दर्द के साथ आंखों का लाल होना, दर्द के साथ आंख में पानी आना, एक वस्तु का दो-दो दिखाई देना, दर्द के साथ आंखों में सूजन या आंख का बाहर की ओर निकलना आदि लक्षण गंभीर प्रवृत्ति के माने जाते हैं। इसमें लापरवाही कदापि नहीं बरतनी चाहिए। तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए और उनकी सलाह के अनुसार काम करना चाहिए।

## पलक गिरने का क्या है कारण?

पलक का गिरना टोसिस कहलाता है। नसों के कमजोर होने, लकवा मारने, ब्रेन में चोट लगने से या जन्मजात भी यह हो सकता है। इसके लिए लिवेटर मसल्स की सर्जरी करते हैं या फेसिया लाटा स्लिंग सर्जरी के माध्यम से इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है।

## नेत्र प्लास्टिक सर्जरी क्या है?

यह आंखों की सर्जरी की नई विधि है। इसमें कास्मेटिक सर्जरी के माध्यम से पलक, नेत्र गोलक या चेहरे के किसी भी भाग की विकृति को ठीक किया जाता है। पूर्वांचल में यह सुविधा महज बीएचयू के सरसुंदर लाल चिकित्सालय में ही उपलब्ध है।

## आंखों में पानी आए तो क्या करें?

आंखों को नम रखने के लिए जो पानी बनता है, वह अश्रु नलिका के माध्यम से नाक में जाता रहता है। बढ़ती उम्र में पंप मैकेनिज्म कमजोर होने से पानी गिरने लगता है। इसे 'इपीफोरा' कहते हैं। लिहाजा, आंखों में एंटीबायोटिक ड्राप डालना चाहिए। नेत्र चिकित्सक से सलाह लेकर नली का सिरिजिंग कराना चाहिए। यदि नली ब्लॉक होगी तो सर्जनी करानी पड़ सकती है।

---

# वाराणसी से प्रयागराज का किराया अब 194 रुपये






## यात्रियों ने कहा बढ़े किराये का बोझ महीने के खर्च को प्रभावित करेगा

वाराणसी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने यात्रियों के जेब पर एक बार फिर बोझ डाल दिया, निगम ने अपने बसों को किराया बढ़ा दिया, वाराणसी कैंट रोडवेज से अन्य शहरों को जाने के लिए बसों के लिए यात्रियों बढ़ा किराया देना होगा। सोमवार की रात 12 बजे से बढ़े किराये को प्रभावी कर दिया गया मंगलवार को निगम की बसों से गंतव्य की ओर जाने वाले यात्रियों ने कहा कि आम लोगों के जीवन पर सरकार के दमनकारी नीतियों को हमेशा प्रभाव पड़ता रहा है। चुनाव से पहले तमाम वादों का पीटारा तो एक समय के बाद बंद हो जाता है, लेकिन चुनाव के बाद समस्याओं का पीटारा खोल दिया जाता है। मंहगाई के बोझ से दिन प्रति लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। अब तो रिश्तेदारी में भी जाना समस्या भरा हो गया।

### वाराणसी से अब इन मार्गों पर देना होगा बढ़ा किराया

| प्रमुख मार्ग | पहले | अब |
|---|---|---|
| वाराणसी – लखनऊ | 375- | 454 |
| वाराणसी- प्रयागराज | 162- | 194 |
| वाराणसी- आजमगढ़ | 138- | 168 |
| वाराणसी- शक्तिनगर | 284- | 341 |
| वाराणसी- गोरखपुर | 270- | 327 |
| वाराणसी- गोरखपुर | 264- | 323 |

### कब-कब बढ़ा किराया

| | |
|---|---|
| 2 फरवरी 2013 | 74 पैसे प्रति किमी |
| 17 जुलाई 2013 | 78 पैसे प्रति किलो |
| 11 फरवरी 2014 | 79 पैसा प्रति किमी |
| 21 अगस्त 2014 | 81 पैसा प्रति किमी |
| 18 जुलाई 2016 | 86 पैसा प्रति किमी |
| 4 अक्टूबर 2017 | 95 पैसा प्रति किमी |
| 1 फरवरी 2020 | 105 पैसा प्रति किमी |
| 6 फरवरी 2023 | 25 पैसा प्रति किमी |

### किराये पर ध्यान व्यवस्था नजर अंदाज

गोरखपुर जाने वाले तस्लीम बताते हैं कि निगम की ओर से अपने राजस्व पर ध्यान दिया जा रहा है लेकिन यात्रियों की सुविधाओं पर किसी की नजर नहीं जाती, बताया कि बसों की स्थित ठीक नहीं साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं, लेकिन राजस्व पर हमेशा नजर रहती है। वहीं आजमगढ़ जाने वाले सुहैल अहमद ने बताया कि बस स्टेशन पर ना तो पीने का पानी है ना ही बैठने का उपयुक्त स्थान और किराये के प्रति संवेदनशील,

### बोले यात्री

पांडेयपुर निवासी राधाकृष्णा कहते हैं कि मंहगाई रुपी डायन ने किसी क्षेत्र को नहीं छोड़ा है, आम लोगों की सरकार कहे जाने वाले लोगों पहले आम आदमी के जरुरतों को समझना होगा, वहीं तेलियाबाग के जितेन्द्र बताते हैं कि निजी संस्थान में तनख्वाह तो बढ़ता नहीं लेकिन अन्य क्षेत्रों में बढ़ती मंहगाई से जीना मुहाल हो रहा है, जौनपुर जाने वाले जौनपुर के ही अमित बताते हैं कि वाराणसी में कार्य के सिलसिले के चलते लगातार आना जाना होता है बढ़े किराये का बोझ महीने के खर्च को प्रभावित करेगा।

---

# ढुंढिराज गणेश मंदिर के लिए चलेगा एक-एक रुपये दान का महाअभियान

**रोप-वे निर्माण**

**काशीवासियों के सहयोग से होगा मंदिर का जीर्णोद्धार**

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या एक के पास स्थित प्रथम पूज्य ढुंढीराज गणेश की मूर्ति और मंदिर को स्थानांतरित करने का प्रयास चल रहा था। जिस पर विराम लग चुका है। ऐतिहासिक और प्राचीन ढुंढीराज गणेश मंदिर के सुंदरीकरण को लेकर अन्नपूर्णा मंदिर में महंत शंकरपुरी महराज की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें ढुंढीराज जीर्णोद्धार कमेटी के गठन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में यह तय हुआ कि 09 फरवरी गुरुवार को गणेशजी अनुमति पूजा की जाएगी और सुंदरीकरण का कार्य शुरू होगा। महंत शंकर पुरी महराज ने कहा एक रुपए गणेशजी के नाम पर भक्त मुहिम चलाना चाहते हैं जो स्वागत योग्य है। कहा कि ढुंढीराज गणेश मंदिर का अब भव्य सुंदरीकरण होगा। अन्नपूर्णा मंदिर के प्रबंधक काशी मिश्र ने बताया कि महंत के लिए फैसले से काशीवासी प्रसन्नचित्त हैं। अब काशी की जनता के सहयोग से ढुंढीराज गणेश मंदिर का सुंदरीकरण होगा। इसके लिए हर काशीवासी से एक रुपए दान की अपील की गई है। इसके लिए कमेटी का गठन के बाद बैंक एकाउंट खोला जाएगा। केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि काशी मोक्ष की नगरी है। महादेव पुत्र के मंदिर के जीर्णोद्धार में काशीवासियों की भागीदारी तय होगी। एक-एक रुपए के दान का महाभियान शुरू किया जाएगा। काशी की धार्मिक जनता के सहयोग एक-एक रुपए दान का महाभियान से ढुंढीराज गणेश मंदिर का जीर्णोद्धार चलेगा। बैठक में प्रवीण उपाध्याय,सोना लाल सेठ, मार्कण्डेय तिवारी,महादेव विनय, दीपू तिवारी,राकेश तिवारी,सत्य पांडेय सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



# जे.ई.ई मेन 2023 में कैटजी के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

वाराणसी। मंगलवार को घोषित जे.ई.ई मेन 2023 की जनवरी वाली परीक्षा के में महमूरगंज, वाराणसी स्थित आई.आई.टी/मेडिकल की कोचिंग कैटजी के 24 विद्यार्थिओं ने 98 परसेंटाइल से ज्यादा अंक प्राप्त कर संस्था का गौरव बढाया है। निदेशक एस के अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी, बताया की कैटजी की नए सत्र की प्रवेश परीक्षाएं 12 मार्च से होंगी, कक्षा नौ का नया सत्र 22 मार्च से और कक्षा 11 का नया सत्र 29 मार्च से शुरू होगा। निदेशक एस के अग्रवाल ने बताया कि कैटजी का पहला टॉपर विवेक कुमार उपाध्याय संस्था के ऑनलाइन प्लेटफार्म कैटजी ऑनलाइन क्लासेज का विद्यार्थी है और हरियाणा में रह कर जे.ई.ई की तैयारी करता आ रहा है, उसने अपनी सफलता में कैटजी ऑनलाइन क्लासेज का एक बड़ा योगदान बताया, वर्ष 2020 में प्रारंभ हुए कैटजी ऑनलाइन क्लासेज ने विगत तीन वर्षों में जोर शोर से अपनी पहुंच बढ़ाई है और आज उत्तर प्रदेश के आस पास के कई राज्य जैसे मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओड़िशा, महाराष्ट्र और झारखण्ड, छत्तीसगढ़ के कई सौ विद्यार्थी कैटजी ऑनलाइन क्लासेज से जुड़े हैं और अपनी जे.ई.ई और नीट की तैयारी को घर बैठे आगे बढ़ा रहे हैं। निदेशक एस.के.अग्रवाल ने बताया कि कैटजी ऑनलाइन क्लासेज कैटजी की विगत 25 वर्षों के सुनियोजित और व्यवस्थित शिक्षण शैली से जन्म लिया एक ऐसा माध्यम है जिसने आज एक मेहनती बच्चे को घर बैठे अपने लक्ष्य तक पहुंचने का एक रास्ता दिखला दिया है. उन्होंने ये बताया की अभी हमारी पहुँच उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत तक तो अच्छी है परन्तु दक्षिण भारत के बच्चों तक श्कैटजी ऑनलाइन क्लासेज को इस वर्ष पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।



**ये विद्यार्थी रहे सफल:** संस्था से विवेक कुमार उपाध्याय ने 99.9973152 परसेंटाइल; वैभव प्रकाश (99.8372675); जय मंगल पांडे (99.7250394); सनी कुमार (99.6760181); काजल (99.5260729); आरव कुमार यादव (99.4821941); अंशिका राज यादव (99.4421118); प्रियांस केशरी (99.3984314); प्रांजल गुप्ता (99.3853401); सिद्धार्थ सिंह (99.3777924); हर्षित चौधरी (99.2366685); अनुब्री गुप्ता (99.2238913); आयुष उपाध्याय (98.9497784); आदित्य चतुर्वेदी (98.9288525); ऋष रंजन (98.8400561); अभिनंदन साहू (98.733129); नयनिमा जायसवाल (98.691549); शुभम सिंह (98.5636234 ); वात्सल्य सिंह (98.5166391); कुमार सार्थक प्रतीक (98.3745854); तनीश बोस (98.3626564); तमन्ना कपूर (98.1902121); रतन यादव (98.147637); और तपश जायसवाल ने 98.0863293 स्कोर किया.

# ऑटो स्टैंड होगा अन्य स्थान पर शिफ्ट

**रोप-वे निर्माण**

**सर्कुलेटिंग एरिया में बने ऑटो स्टैंड पर ही बनाया जायेगा रोपवे स्टेशन**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** रोपवे स्टेशन निर्माण के चलते कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित ऑटो स्टैंड को अन्यत्र हस्तानांतरित किये जाने की प्रकिया जल्द ही शुरू कर दी जायेगी। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल शहर में बनने वाला रोप-वे भी है, इसका खाका तैयार किया जा रहा है। इसका पहला स्टेशन कैंट के सर्कुलेटिंग एरिया में बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। जिसकी तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। कैंट स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बने ऑटो स्टैंड के स्थान को चिन्हित किया गया है, इसी स्थान पर रोप-वे का पहला स्टेशन बनाया जायेगा। रेल के अधिकारियों की माने तो इस पर ऑटो संचालकों से वार्ता भी शुरू कर दिया गया है। वाराणसी जंक्शन पर बनने वाले रोप-वे स्टेशन के लिए जल्द ही ऑटो स्टैंड को सर्कुलेटिंग एरिया में ही अन्यत्र शिफ्ट करने की कवायद शुरू कर दी गयी है।

> ऑटो स्टैंड को सर्कुलेटिंग एरिया में ही कहीं शिफ्ट किया जायेगा जिससे यात्रियों को ज्यादा परेशानी ना हो, रोपवे स्टेशन के लिए चिन्हित स्थान पर ही रोपवे स्टेशन बनाये जाने की प्रक्रिया संबंधित विभाग की ओर से शुरू की जायेगी।
>
> **गौरव दीक्षित, स्टेशन निदेशक, वाराण्सी कैंट स्टेशन**

# सरकार के खिलाफ जमकर बरसे तहसील के अधिवक्ता


प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते अधिवक्तागण

**जनसंदेश न्यूज**

**केराकत।** स्थानीय तहसील के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं के शोषण सुरक्षा व्यवस्था प्रोविडेंट फंड आदि तमाम समस्याओं को लेकर जुलूस निकाला और यूपी सरकार का पुतला फूंका। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने एसडीएम नेहा मिश्रा को ज्ञापन भी सौंपा।

पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव और महामंत्री उदयराज कन्नौजिया ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने कहाकि सरकार को बार काउंसिल से वार्ता करके अधिवक्ताओं के हित में कार्य करना चाहिए। आगामी चरण में कार्यक्रम के मुताबिक अधिवक्तागण विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं रहेंगे। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन की मीडिया प्रभारी अनुपमा शुक्ला, अखिलेश पांडेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रविनाथ मिश्र कोषाध्यक्ष, नमःनाथ शर्मा, मांधाता सिंह, दिनेश पांडेय, सुरेश कुमार, विनोद यादव, अनिल सोनकर गांगुली, ज्ञान प्रकाश पांडेय, हिरेंद्र यादव, सतीश कुमार, महेंद्र कुमार, सुनील कुमार वर्मा, मनोज कुमार यादव आदि एडवोकेट उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं के शोषण, सुरक्षा व्यवस्था, प्रोविडेंट फंड आदि तमाम समस्याओं को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कंसराज यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में तहसील के तमाम अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने विचारों को रखा। अधिवक्ताओं ने कहाकि सरकार को बार काउंसिल से वार्ता करके अधिवक्ताओं के हित में कार्य करना चाहिए। आगामी चरण में कार्यक्रम के मुताबिक अधिवक्तागण विधानसभा का घेराव करने से भी पीछे नहीं रहेंगे। इस मौके पर तहसील बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री गुलाबचंद दुबे, रमेश चंद्र गौतम, शेषनाथ यादव, तेज बहादुर, चंद्रेश यादव, अनिल कुमार शुक्ला, मंगला प्रसाद यादव, लाल साहब सिंह सहित तमाम वरिष्ठ कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया।

## एसडीएम ने काउंसलिंग स्थल व स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण


स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करती एसडीएम नेहा मिश्रा

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के उदयचन्दपुर में होने वाले क्षेत्र पंचायत चुनाव के मद्देनजर मंगलवार की दोपहर मतगणना स्थल का निरीक्षण करने क्षेत्र पंचायत कार्यालय पहुंची उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने स्ट्रांग रूम समेत काउंसलिंग स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी जयेश यादव से मतगणना स्थल के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सघन जानकारी जुटाई।

गौरतलब हो कि अक्टूबर माह में उदयचन्दपुर में निर्वाचित हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र दुबे का निधन हो गया जिसके बाद से वहां पर क्षेत्र पंचायत सदस्य की सीट खाली हो गई थी। चुनाव आयोग खाली पड़े सीट पर 9 फरवरी को मतदान व उसके अगले ही दिन 10 फरवरी को मतगणना किया जाना सुनिश्चित किया है। चुनावी मैदान में दो लोगों ने अपनी दावेदारी ठोंकी है तो वहीं चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम प्रशासन द्वारा किया गया है। इस दौरान तहसीलदार अमीत त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा, प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा समेत पुलिस बल मौजूद रही।

## संक्षेप

### सरस्वती पूजन कर किया सभागार का उद्घाटन



**गभिरन।** खुटहन ग्राम विकास इंटर कॉलेज में नवनिर्मित सभागार का मंगलवार को विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव ने सरस्वती पूजन कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों का आपसी विचार, सामंजस्य, शैक्षिक वातावरण और उत्कृष्ठ शिक्षण के लिए सभागार की महती आवश्यकता होती है। जहां शिक्षकों के द्वारा नवाचार के नयी विधाओं पर चर्चा कर उसे अमली जामा पहनाने की पहल की जाती है। श्री यादव ने कहा कि संसार में एक मात्र शिक्षा ही वह विधा है जिसके बल पर दुर्लभ लक्ष्य को भी सुलभ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ छात्रों में संस्कार भी भरें शिक्षक। संस्कार हीन छात्र जीवन में कभी सफल नहीं हो सकता। उन्होंने वालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इनसे दो कुल रोशन होते हैं। बतौर अध्यक्ष पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई ने तकनीकी शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के परिवेश में कंप्यूटर का ज्ञान और ब्यवसाय आधारित शिक्षा आवश्यक हो गई है। इस मौके पर प्रबंधक डाक्टर रमेश चंद्र यादव, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, सुनीलकांत तिवारी, ईश्वरदेव यादव, राम अकबाल यादव, लालबहादुर, विनय वर्मा, रामकुमार आदि मौजूद रहे। कालेज की छात्रा एकता प्रजापति और सेजल प्रजापति ने सरस्वती वंदना तथा एनसीसी कैडेट की साक्षी यादव और अंजली यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### बाइक सवार को बचाने में ट्रक पलटा



**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर सदरुद्दीनपुर गांव के पास एक कबाड़ लदी ट्रक सोमवार देर शाम बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गड्ढे में पलट गयी हालांकि चालक बाल-बाल बच गया लेकिन ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई। लोग बाइक सवार को कोसते नजर आये। बता दें कि ट्रक संख्या यूपी50एटी2393 सोमवार की शाम शाहगंज से कबाड़ लादकर कानपुर के लिए निकली। ट्रक जैसे ही लखनऊ बलिया राजमार्ग पर थाना क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर गांव के पास पहुँची कि एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गड्ढे में पलट गयी जिसमें चालक अशोक पुत्र मुन्नालाल निवासी अम्बेडकरनगर भादी शाहगंज को खरोंच तक नहीं आई लेकिन ट्रक क्षतिग्रस्त हो गई।

### नाजायज तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**केराकत।** क्षेत्र के डेहरी गांव निवासी कृष्णा राय पुत्र उमेश राय को पुलिस ने सोमवार की शाम सात बजकर चालीस मिनट पर हरिकरन पट्टी से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। गौरतलब हो कि पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शिव प्रसाद यादव मय पुलिस बल के साथ अभियुक्त को एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हे.का. जयप्रकाश यादव, हरिंदर कुमार, का. निक्कू चौधरी, भूपेश कुमार मौजूद रहे।

### 6 घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**मुंगराबादशाहपुर।** 132 केवीए मुंगराबादशाहपुर-फूलपुर लाईन पर बुधवार 8 फरवरी को वे शिफ्टिंग एवं अनुरक्षण कार्य हेतु इससे सम्बद्ध 33 केवीए मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र की विद्युत दिन में 11 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ट्रांसमिशन कार्पोरेशन ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

### बैठक कल

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 9 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में उ.प्र. खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गयी है।

### धारा 20 का पर्चा वितरण

जौनपुर। ग्राम कैलावर में 22 जुलाई 1999 अर्थात 24 वर्ष पहले चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ हुयी थी। ग्राम में दो-दो बार चकबंदी विभाग व सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा प्रयास किया गया था परन्तु चकबन्दी सफल नहीं हो पायी थी। बीते सोमवार को प्रवीण कुमार सिंह सहायक चकबन्दी अधिकारी मड़ियाहूँ द्वारा धारा 20 का पर्चा वितरण अपनी उपस्थिति में करवाकर चकबन्दी को आगे बढ़ा?या गया है। समस्त ग्रामवासियों में हर्ष व्याप्त है।

## एनसीसी के सेकंड ऑफिसर की पदोन्नति



**जनसंदेश न्यूज**

**खेतासराय।** सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के एनसीसी के सेकंड आफिसर विनोद कुमार मिश्रा का ओहदा पहले से बढ़ गया है। उनके ओहदे को बढ़ाकर फर्स्ट आफिसर बना दिया गया है। उनके पदोन्नति पर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय समेत शिक्षकों में खुशी की लहर है।

यह कार्यक्रम मंगलवार को 98 यूपी बटालियन एनसीसी जौनपुर के कमान अधिकारी कर्नल निकेत सिंह नेगी के निर्देश पर जिला कार्यालय में आयोजित हुआ जहां कैप्टन से मेजर बने रजनीश सिंह, लेफ्टिनेंट से कैप्टन बने सुनील कुमार, सेकंड आफिसर से फर्स्ट आफिसर बने विनोद कुमार मिश्रा और थर्ड आफिसर से सेकंड आफिसर बने पुष्कर दुबे को रैंक लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मनजीत, मेजर रमेश मणि त्रिपाठी, मेजर पीपी सिंह, लेफ्टिनेंट जेपी सिंह, फर्स्ट ऑफिसर वीके सिंह, फर्स्ट ऑफिसर सुरेंद्र प्रताप सिंह, कैप्टन राजेश कुमार यादव मौजूद रहे।

## अधिवक्ता समिति ने तहसीलदार को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**शाहगंज।** तहसील मुख्यालय पर अधिवक्ता समिति द्वारा बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पांच सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह को सौंपा गया। अध्यक्ष स्कन्द कुमार यादव महामंत्री पुष्पकांत यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि कौंसिल प्रदेश अध्यक्ष पांचू राम मौर्य द्वारा 16 अगस्त 2022 को सरकार को पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था जिसका समाधान न कर पोर्टल पर निस्तारित अंकित कर दिया गया जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। लिहाजा उक्त मांगों को तत्काल निस्तारित किया जाये। ज्ञापन में सभी अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये का मुफ्त चिकित्सा बीमा अथवा आयुष्मान योजना से जोड़ने की मांग की गई है। वहीं अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति के मृतक अधिवक्ताओं के लम्बित दावों के यथा शीघ्र भुगतान, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने समेत जनपद व तहसीलों में अधिवक्ता चैम्बर निर्माण की मांग की गई है। साथ ही 60 वर्ष से अधिक लगभग चालीस हजार अधिवक्ताओं को पेंशन योजना लागू करने को कहा गया है।

## इंसान ज़िंदगी के हर क्षेत्र में सूझ बूझ और हिकमत का परिचय दे : हमीदुल हसन

**आयोजन**

**मौलाना महमूदुल हसन खां की बरसी पर आयोजित हुई मजलिस**



**जौनपुर।** नगर के जामिया ईमानिया नासिरया में पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्व इमामे जुमा शिया जामा मस्जिद नवाब बाग मौलाना महमूदुल हसन खां मरहूम की बरसी के मौके पर ईसाले सवाब के लिए मजलिसे तरहीम का आयोजन मंगलवार को किया गया।

जामिया नाजमिया लखनऊ के पूर्व प्रधानाचार्य आयतुल्ला मौलाना सैय्यद हमीदुल हसन तक़्वी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर इन्सान को ज़िन्दगी में सूझबूझ और हिक्मत से काम लेना चाहिए। एक कामयाब इन्सान वही है जो मामेलात में खरा हो। हिन्दुस्तान के शिया उलेमा का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमारे उलेमा का सम्मान इराक और ईरान के उलेमा की निगाह में आज भी बहुत है इसलिए हम में किसी तरह का एहसासे कमतरी नहीं होना चाहिए। हमारे उलेमा भी मरजा, आलम रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की अजादारी इस्लाम का एक ऐसा प्रचार तंत्र है जो हमेशा इस्लाम और पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सअव और अहलेबैत अस के दुश्मनों के मन्सूबों को परास्त करता रहता है इसलिए अजादारी की हिफाजत किजिए। उन्होंने आयतुल्ला मौलाना महमूदुल हसन खां मरहूम और उनके पिता मौलाना बख़्तावर अली खान मरहूम को? याद करते हुए कहा कि ये दोनों भी उलेमा की जमात उसी कड़ी का हिस्सा हैं? जिन्होंने दीने इस्लाम की तबलीग और इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की अजादारी की हिफाजत में अपनी पूरी ज़िंदगी लगा दी।

मजलिस में आयतुल्ला मौलाना सैय्यद हमीदुल हसन ने हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का मसायब पढ़ते हुए उनकी शहादत का ज़िक्र किया कि किस तरह से इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को कर्बला में तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद किया गया। उनके बेटे, भाई, भतीजे, भान्जों के अलावा उनके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही उनके सहाबियों को भी भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया। मजलिस में मौजूद तमाम मोमेनीन की आंखें अश्कबार हो गईं। मजलिस में मौलाना सैय्यद शमीम हैदर रिजवी शिवली आजमगढ ने? तिलावते कुराने मजीद किया। सैय्यद अली काविश ने सोजखानी की। सादिक जलालपुरी और मेहदी मिर्जापुरी ने कलाम पेश किया। मजलिस का संचालन मौलाना सैय्यद आबिद रजा रिजवी मोहम्मदाबादी ने किया। मजलिस में शिरकत करने वाले तमाम मोमेनीन? का शुक्रिया मजलिस के आयोजक आयतुल्ला मौलाना महमूदुल हसन खां मरहूम के सुपुत्र मौलाना महफुजुल हसन खां प्रधानाचार्य जामिया ईमानिया नासिरया एवं इमामे जुमा ने अदा किया।

## संक्षेप

### निशुल्क हड्डी रोग जांच व परामर्श शिविर का किया गया आयोजन



**गोपीगंज।** आनंद पाली क्लिनिक एंड ट्रामा सेंटर गोपीगंज पर मंगलवार को निःहुल्क हड्डी रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉक्टर ए एन सिंह, डाक्टर राजेश सिंह ने करीब तीन सौ रोगियों का जांच एवं उपचार किया तथा कई रोगियों के घुटने बदलने की सलाह दी गई। शिविर का आयोजन आनंद पाली क्लिनिक एंड ट्रामा सेंटर गोपीगंज के सहयोग से किया गया, तथा इसमें सभी प्रकार के जोड़ों, कमर एवं पीठ दर्द के लिए परामर्श दिया गया तथा हड्डी व जोड़ संबंधी रोगों से बचाव तथा हमारी जीवन शैली का प्रभाव के संबंध में सुझाव व समाधान प्रस्तुत किए गए। शिविर में आए सभी रोगियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ हड्डियों में कैल्शियम के स्तर की भी निःशुल्क जांच की गई। डॉ. राजेश सिंह ने नई तकनीक के माध्यम से जटिल विकारों के आसान समाधान से सामान्य जीवन शैली की प्राप्ति को रेखांकित किया। डॉ. हिमांशु आनंद ने डॉ. आनंद कुमार पांडेय व शाहरुख हुसैन व उनके सहयोगियों का सहभागियों की तरफ से आभार व्यक्त किया एवं उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों तथा प्रतिभागियों का भी आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना सामने आयी थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-06/2023 धारा- 363, 366 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी। डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुरेंद्र पाल पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 27 वर्ष निवासी 468 अर्जुन कैंप महिपालपुर बाईपास थाना वसंतकुंज नई दिल्ली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। साक्ष्य संकलन, मेडिकल परीक्षण व अपहृता द्वारा धारा-164 सीआरपीसी अंतर्गत दिए गए बयान के आधार पर विवेचना के क्रम में दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आने पर विधिक कार्यवाही करते हुए पंजीकृत अभियोग में धारा- 376 भा.द.वि. व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### तीन जोन व एक दर्जन सेक्टरों में बंटा परीक्षा केंद्र

**ज्ञानपुर।** तीन जोन व 12 सेक्टरों में परीक्षा केन्द्र बाटे गए हैं। 105 केंद्रों पर बच्चे परीक्षा देंगे। 60015 छात्र-छात्राएं हैं। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती रहेगी। हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिले में बनाए गए केंद्रों को तीन जोन व 14 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 105 विद्यालयों को केंद्र बनाया गए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में पंजीकृत मिलाकर 60015 छात्र.छात्राएं परीक्षा देंगीं। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने को लेकर तहसीलवार तीन जोन में बांटा गया है। जिसमें संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे। 12 सेक्टरों में जिला स्तरीय अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी तरह सभी केंद्रों पर वहां के केंद्र व्यवस्थापक के साथ एक-एक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की जाएगी। जो कि दूसरे विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# केवाईसी के लक्ष्य को 15 फरवरी तक करें पूरा: एमडी

**निर्देश**

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने भदोही पहुंचकर केवाईसी के बारे में जानकारी लेने के साथ दिया अधिकारियों को निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**


विद्युत वितरण खंड प्रथम भदोही का निरीक्षण करते पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार

**भदोही।** विद्युत वितरण खंड प्रथम भदोही में मंगलवार को पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार नेल केवाईसी की जानकारी लेने और निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर केवाईसी का लक्ष्य पूरा न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और प्रतिदिन 20 हजार केवाईसी किए जाने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर एमडी ने कहा कि प्रतिदिन 10 हजार केवाईसी किए जाने से 15 फरवरी तक लक्ष्य पूरा नहीं हो पाएगा। इसके लिए प्रतिदिन 20 हजार केवाईसी करना होगा। तभी लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भदोही का वसूली बहुत खराब है। 5 किलों वाट के जितने भी उपभोक्ता हैं। उनकी वसूली शत प्रतिशत होनी चाहिए। अगर वह बिलों का बकाया नहीं जमा कर रहे है तो उस स्थिति में उनका कनेक्शन काट दिया जाएं। उन्होंने अवर अभियंताओं को निर्देश दिया है होने वाले मीटर रीडिंग की कम से कम एक प्रतिशत क्रास चेकिंग की जाएं। ताकि उनके बारे में जानकारी हो सकें।

एमडी ने बारिश के मौसम में वर्क शॉप में लगे पानी की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। गर्मी की तैयारियों पर अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि छोटी-मोटी समस्याओं को दूर किया जाएगा ताकि गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर जलने न पाए।

इस मौके पर विभाग के एक्सईएन अभिषेक यादव, एसडीओ धीरज मिश्र, विजलेंस प्रभारी दीपक शुक्ला, अवर अभियंता कुँवर ज्योति प्रकाश, विवेक सिंह सहित अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

## दबंगई के साथ सड़क पर बहाया जा रहा गंदा पानी

**जनसंदेश न्यूज**

**मनमानी**

**अगर कोई टोका टाकी करता है तो गाड़ी धुलाई करने वाले मार पीट पर हो जाते हैं उतारू**



**ज्ञानपुर।** केंद्र व प्रदेश सरकार जहाँ जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग व अमृत सरोवर के नाम पर करोड़ो रुपए की धनराशि खर्च कर रही हैं। वही कालीन नगरी में वाहन धुलाई के नाम पर हजारों लीटर दबंगई से बर्बाद किया जा रहा है व विरोध करने पर दबंग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शहर के काजीपुर रोड फकीर सेठ के अहाता के बगल में वाहन धुलाई के नाम पर अवैध तरीके से सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद कर गाड़ी धुलाई का काम चल रहा है।

शहर के व्यस्तम मार्ग होने के साथ ही उरूज शादी खाना भी है। जहां सैकड़ो लोगों का आना जाना रहता है। लबे सड़क के बगल में गाड़ी धुलाई का कार्य होने से सड़क से गुजर रहे राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। राहगीरों के ऊपर गंदा पानी पड़ने से अगर कोई टोका टाकी करता है तो गाड़ी धुलाई करने वाले मार पीट पर उतारू हो जाते हैं। राहगीरों ने इस तरह से सड़क किनारे धुलाई का कार्य रोकने की डीएम से मांग की है। इस मामलें में उपजिलाधिकारी भदोही से बात करने का प्रयास किया गया किन्तु उन्होंने फोन नही उठ पाया।

# जिलाधिकारी गौरांग राठी ने किया संभावित स्थलों का निरीक्षण

**जायजा**

**उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का करेंगे अनावारण**

**जनसंदेश न्यूज**



**ज्ञानपुर।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आगमन कालीन नगरी में हो चुका हैं। वह सुरियावां नगर में स्थापित दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा रहा।

जिलाधिकारी गौरांग राठी के साथ मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित प्रशासनिक अफसरो ने सुरियावां नगर का भ्रमण किया। उन्होंने बाईपास चौराहे पर स्थापित अटल प्रतिमा का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री की ओर से इस अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा के अनावरण के बाद बाईपास चौराहे का नाम अटल बिहारी वाजपेयी चौराहा हो जाएगा। जिलाधिकारी ने उपमुख्यमंत्री पाठक के प्रस्तावित निरीक्षण के पूर्व संभावित स्थलों का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के प्रस्तावित जनपद भ्रमण के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन व निरीक्षण में प्रशासनिक अमला द्वारा सुरियावां क्षेत्र में अटल चौराहे पर प्रतिमा अनावरण, विकासखंड सुरियावां कार्यालय के निकट अनुसूचित जाति बस्ती, धान क्रय केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरीपुर गौशाला व प्राथमिक विद्यालय आदि स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

# सीआईएसएफ जवान को पुलिस ले आई कोतवाली, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**आक्रोश**

**पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करती महिलाएं जवान को छुड़ाने के लिए दिया धरना**

**जनसंदेश न्यूज**



**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के सेंट थॉमस स्कूल जोगिनका गाँव की महिलाए पुलिस व एक जिम्मेदार प्रतिनिधि के खिलाफ उस समय आक्रोशित हो गई, जब रास्ते पर आने जाने के विवाद को लेकर एक जिम्मेदार जन प्रतिनिधि के कहने पर गांव के युवक सत्येंद्र कुमार 37 पुत्र स्व. छत्रधारी जो बाबतपुर एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ का जवान है और बतौर ड्यूटी तीन दिन पूर्व तबियत खराब होने पर घर आए थे। साथ ही गाव निवासी राजकुमार को भी पुलिस कोतवाली उठा ले आई। जिसको लेकर आक्रोशित गांव की दर्जनों महिलाए पकड़े गए जवान और युवक को छुड़ाने कोतवाली पहुचकर हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गई।

महिलाओं का आरोप है कि मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति ब्रेजा कार से गाव के रास्ते जबरन राजमार्ग की तरफ जा रहा था, जिससे कार की चपेट में रोहित 20 वर्ष पुत्र राजकुमार आ कर घायल हो गया। इस बात को लेकर कार चालक और ग्रामीणों के बीच कहासुनी भी हुई। महिलाओ का आरोप रहा कि कार सवार लोगो के द्वारा परिवार की एक वृद्ध महिला को भी धक्का दे दिया गया। महिलाओ ने पुलिस पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान श्याम कुमारी, रीना, सरोजा, राजकुमारी, चन्द्रकला, गीता, सुगवंती, चंप्पा देवी सहित लगभग दो दर्जन महिलाएं थाने पर बैठी रही। मामले को लेकर कोतवाल सदानंद सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कार का शीशा तोड़ा गया है और कार चालक की पिटाई भी की गई है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# दवा व्यवसायी हत्या व लूटकांड का एक आरोपित चढ़ा एसटीएफ नोएडा के हत्थे

जनसंदेश न्यूज

**कसा शिकंजा**

**वर्ष 2014 में हुये भीषण कांड से पूरा नगर आ गया था दहशत में**

**परिवार के सभी सदस्यों को मरणासन्न कर लूट ले गये थे जेवर व नकदी**

**दो लोगों की हुई थी हत्या, परिवार को न्याय की जगी आस**

**शाहगंज।** बाबरिया गैंग के दो अपराधियों की मुठभेड़ के बाद गिरफ्तारी के चलते नगर में हुये वर्षों पूर्व बेहद दर्दनाक हादसे की याद ताजा कर दिया। नगर के बहुचर्चित कच्छा बनियान गिरोह ने लूट के बाद दो-दो हत्याओं को अंजाम दिया था। घटना में संलिप्त बग्गा उर्फ शहादत उर्फ मुन्ना को मथुरा जनपद के सुरीर थाना क्षेत्र में एसटीएफ नोएडा ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व यह लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में लखनऊ एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था लेकिन फर्जी जमानतदार खड़ा कर लखनऊ जेल से रिहा हो फरार हो गया। तबसे एसटीएफ तलाश कर रही थी। पचास हजार रुपये का इनामी बदमाश पुनः नोएडा एसटीएफ के चंगुल में फंसा है।

बताते हैं कि वर्ष 2014 को 23-24 अप्रैल की रात दवा व्यवसायी के घर आफत बन टूटा कच्छा बनियान गिरोह द्वारा घर में सो रहे पूरे परिवार को मरणासन्न कर लूटपाट किया गया। घटना में व्यवसायी की पत्नी व पुत्री को जान गंवानी पड़ी।

मालूम रहे खुटहन रोड निवासी दवा व्यवसायी धीरज सिंह के परिवार को गिरोह ने निशाना बनाया था। गिरोह के सदस्यों ने आधी रात को सोने के दौरान परिवार पर लाठी डंडे व लोहे की राड से प्रहार कर मरणासन्न कर लूटपाट किया। उस दौरान धीरज सिंह, पत्नी सुमन सिंह, पुत्री स्वाति सिंह, भाई विवेक सिंह, भयोहू रेनू सिंह, भतिजा अंकुर सिंह घर पर थे। लुटेरों द्वारा किये गये कांड से मरणासन्न पूरा परिवार हास्पिटल पहुंच गया।

उधर आरोपित किसी तरह पकड़ में आते हैं तो फर्जी जमानत दार खड़ा कर जेल से बाहर आ फरार हो जाते हैं। पीड़ित वादी रेनू सिंह ने नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा से मांग की है कि इस बार ऐसा न होने पाये और बचे आरोपित भी जेल जाये तभी परिवार को आठ साल बाद न्याय मिल पायेगा। वहीं इस बावत प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय से जब पूछा गया तो उन्होंने कहाकि घटना की गम्भीरता को देखते हुए मथुरा जेल में बंद बग्गा को रिमांड पर लेने हेतु वारंट तलब कराया है।

# भारत की फार्मेसी दुनिया में सबसे बेहतर : प्रो. आयन दत्ता

जनसंदेश न्यूज


पूविवि में आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करती कुलपति प्रो. मौर्य

**कार्यशाला**

**रसायन विज्ञान शोध में कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

**मॉलिक्युलर डॉकिंग कोरोना वायरस के शोध में महत्वपूर्ण : डॉ. सुबन कुमार साहू**

**जौनपुर।** वीर बहादुर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा मॉलिक्यूलर मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि इण्डियन एसोसियेशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइन्स कोलकाता के प्रो. आयन दत्ता के अपने व्याख्यान में परमाणु और अणुओं के मध्य बनने वाले रसायनिक बंध के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. दत्ता ने बताया कि वैज्ञानिक शोध ने भारत को फार्मेसी के दुनिया में भारत को स्थापित किया जिसके कारण आज भारत में औसत आयु लगभग सत्तर वर्ष हो चुकी है। प्रो. दत्ता ने हाइड्रोजन के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि आने वाले समय में यह ऊर्जा का प्रमुख स्रोत होगा। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री रसायन विज्ञान शोध में भूमिका महत्वपूर्ण निभा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला से शोधार्थियों को अपना शोध कार्य करने में मदद मिलेगी।

कार्यशाला के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सूरत के डॉ. सुबन कुमार साहू ने मॉलिक्युलर डॉकिंग और उनके अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला तथा मॉलिक्युलर डॉकिंग का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया। डॉ. साहू ने कोरोना वायरस के शोध में मॉलिक्युलर डॉकिंग की भूमिका पर चर्चा की। अतिथियों का स्वागत रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। कार्यशाला का विषय प्रवर्तन संयोजक डॉ. अजीत सिंह ने किया। कार्यशाला का संचालन आयोजन सचिव नितेश जायसवाल ने किया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर के प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. राजकुमार, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. सौरभ सिंह, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रतिभा निखारने का साधन है प्रतियोगिता : कुलपति

**काव्य पाठ में अमृतान्शु कोलाज में आदित्य, पोस्टर में वत्साल्या अव्वल**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस समारोह प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम इंजीनियरिंग के विश्वेश्वरैया हाल में किया गया। विश्वविद्यालय में 24 से 27 जनवरी तक उत्तर प्रदेश राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत रंगोली काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर कोलाज एवं परंपरागत खेल में महिला व पुरुष में खो खो की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसके तहत छात्रों को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत इतिहास और प्रदेश की विभिन्न गतिविधियों से अवगत भी कराया गया 24 जनवरी को जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वर्कशॉप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार ये कार्यक्रम छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने व उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने के साथ साथ प्रदेश की उन्नति में सहयोग के लिए प्रेरित करेगा। जल संरक्षण कार्यक्रम कुलपति द्वारा किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार ने किया। भाषण प्रतियोगिता प्रथम शरीयत फातमा, द्वितीय अंकित मिश्र, तृतीय आकांक्षा, काव्य पाठ में प्रथम अमृतान्शु, द्वितीय प्रणव सिंह, तृतीय आदित्य, कोलाज में प्रथम शुभम गुप्ता, द्वितीय आलिया एवं टीम तृतीय निधि यादव एवं पोस्टर में प्रथम वत्साल्या, द्वितीय तन्नु एवं अजहर, तृतीय अनन्या मिश्र, रङ्गोली में प्रथम विनीत तिवारी, ग्रुप द्वितीय ज्योति प्रजापति, ग्रुप तृतीय जुली मोदनवाल, ग्रुप खो खो महिला में प्रथम एमबीए एमएफसी व द्वितीय बायो टेक्नोलोजी खो खो पुरुष में बी फार्म व द्वितीय बी टेक को प्राप्त हुआ। आयोजन सचिव डॉ. विनय वर्मा, डॉ. मनोज पाण्डे, डॉ. अनु त्यागी ने की। धन्यवाद ज्ञापन मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. रसिकेश, डॉ. सत्यम, डॉ. दीप सिंह आदि मौजूद थे।

# डकैती की योजना बना रहे पांच अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


गिरफ्तार लुटेरों के बारे में जानकारी देती पुलिस

**कामयाबी**

**मुंगराबादशाहपुर व मीरगंज पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई**

**कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, चाकू, 13 एटीएम कार्ड, चोरी की दो बाइक के साथ नकदी बरामद**

**मुंगराबादशाहपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत मुंगरा व मीरगंज पुलिस ने पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है।

पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी मय हमराह गरियांव रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग कर रहे थे कि थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता मय हमराह भी आ गये और अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में बातचीत कर ही रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर अपराधी पवांरा जाने वाले मार्ग पर सुनसान जगह गरियांव के पास दो मोटरसाइकिल के साथ मौजूद हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

इस सूचना पर पुलिस बल हिकमत अमली से नजदीक पहुंची तो जानकारी हुई कि वो पास में स्थित एक पेट्रोल पम्प पर डकैती की योजना बना रहे हैं। योजना बना रहे पांचों बदमाशों में मनीष सिंह पुत्र हवलदार सिंह निवासी ग्राम कोछियां थाना सुरियाँवा जनपद भदोही, दीपक यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी ग्राम विलारी बरौत थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज, रोहित गौड़ पुत्र गोपाल गौड़ निवासी ग्राम जमुनीपुरमोड़ थाना कोतवाली भदोही जनपद भदोही, प्रभाकर सिंह उर्फ आँशु पुत्र अनिल सिंह निवासी चमरुपुर नन्दवत थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज, धर्मेन्द्र कुमार गौतम पुत्र सभाजीत गौतम निवासी ग्राम हरदुआ थाना दुर्गागंज जनपद भदोही को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके पास से अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, दो चाकू, 13 एटीएम कार्ड, दो चोरी की मोटरसाइकिल, नकद 3210 रुपया भी बरामद किया।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को संबंधित धारा में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि ये काफी शातिर किस्म के अपराधी है। इनके ऊपर अनेक जिलों के विभिन्न थानों में अनेक धाराओं में भी कई मुकदमे पहले से ही दर्ज है। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. बृजेश कुमार गुप्ता (थानाध्यक्ष) मीरगंज मय टीम, उ.नि. पन्नेलाल यादव मुंगरा आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत


मृत युवक की फाइल फोटो

**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में सोमवार की रात रेलवे ट्रैक पार करते समय मोबाइल से बात करना युवक के लिए भारी पड़ गया। घटना के फलस्वरुप ट्रेन के धक्के से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि गोपालपुर गांव निवासी प्रिंस मौर्य 19 पुत्र सियाराम सोमवार की रात गांव के बगल से गुजरे जौनपुर-गाजीपुर रेलवे ट्रैक को पार करते समय मोबाइल से बात कर रहा था। इसी दौरान गाजीपुर की तरफ से आ रही सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे धक्का मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन का धक्का इतना जोरदार था कि प्रिंस लगभग 60 फीट दूर जाकर गिरा तथा मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घर के इकलौते कमाऊ पूत की मौत से परिवार में कोहराम मचा रहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, पुलिस शिनाख्त करने में जुटी

**सरायख्वाजा।** थाना क्षेत्र के महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप वाराणसी फैजाबाद रेल प्रखंड पर मंगलवार सुबह एक 25 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने में जुटी हुई है। सुत्रों के मुताबिक मंगलवार सुबह महंगावा रेलवे स्टेशन के समीप सुबह गांव के कुछ लोग टहलने गए हुए थे। इसी दौरान वहां पर एक अज्ञात युवक का शव देखा। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लोगों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। लोगों से पूछताछ की जा रही है शिनाख्त होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### मॉर्निंग वॉक करते समय युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसरना मड़ैला के पास सोमवार की सुबह 6 बजे एक ट्रक ने युवक को उस समय कुचल दिया जब वह मार्निंग वॉक कर रहा था। बताते हैं कि ग्राम नारायनपुर निवासी इशाद अहमद उर्फ झल्लर पुत्र अजीम 22 वर्ष नित्य की भांति सोमवार को खुज्झी-केराकत मार्ग पर सोमवार को सुबह मार्निंग वॉक कर रहा था कि उसी समय खुज्जी से केराकत की ओर तीव्र गति से आ रही एक अज्ञात ट्रक ने उसे कुचलते हुए केराकत की ओर निकल गयी। मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मालूम हो कि मृतक आईटीआई का छात्र था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### सड़क दुर्घटना में सात वर्षीय बालक की मौत

**सुजानगंज।** क्षेत्र के श्रीगौरी शंकर धाम के समीप आनंद गुप्ता के मकान के सामने सड़क दुर्घटना में सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद ग्रामसभा निवासी रसीद पुत्र अरशद सात वर्ष संस्कृत पाठशाला से संबंधित प्राइमरी स्कूल में कक्षा दो का छात्र था। स्कूल से छुट्टी के बाद घर जा रहे बच्चे को मछली शहर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार मैजिक बच्चे को टक्कर मारते हुए फरार हो गयी। स्थानीय लोगों ने वाहन को पकड़ने की भरपूर कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा बच्चे को मृत घोषित किया। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी जा चुकी है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई।

### बैंक में पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण


एसबीआई का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल

**बदलापुर।** मंगलवार की दोपहर नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारतीय स्टेट बैंक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक में लगे अलार्म को बजाकर चेक करते हुए, सीसीटीवी कैमरों तथा बैंक आगंतुक रजिस्टर सहित कई खाता धारकों की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंक की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी तथा बैंक प्रबंधक को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर सीओ शुभम तोदी, देवेश सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय, घनश्यामपुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

### पुलिस ने दस वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने दस वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर किया। प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद हाजिर नहीं होने पर सोमवार की रात कोतवाली पुलिस की तीन टीम बनाकर वारंटी अब्दुल समद निवासी कस्बा सैयदराजा, सेराज अहमद कस्बा पुरानी बाजार, राजकुमार निवासी कोढ़ा, राजेश कुमार निवासी कोढ़ा, राहुल कुमार निवासी मतरी, उमेश मतरी, चंद्र भूषण पराहित, श्याम बहादुर कोटवा, रमाशंकर करौरा, रामबहादुर देवरिया समेत दसों वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया। गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामप्रवेश कुशवाहा, उपनिरीक्षक वसीम रिजवी, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, कांस्टेबल संदीप सिंह, विनोद यादव समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### बार काउंसिल के आह्वान पर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन

**मछलीशहर।** बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल कर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया।
अधिवक्तागण की रक्षा व कल्याण के लिये शासन द्वारा मांगे न मानने व हितकारी कदम न उठाने पर अधिवक्ताओं का चरणबद्ध तरीके से चार चरणों में विरोध जारी है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं को 5 लाख मुफ्त चिकित्सा बीमा, 60 वर्ष के ऊपर पेंशन, एडवोकेट प्रोटेक्ट एक्ट, तहसील अधिवक्ताओं को चेम्बर आदि सुविधा मिलनी चाहिये। सभा के बाद अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस अवसर पर अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद, दिनेश चंद्र सिन्हा, प्रेमचंद्र विश्वकर्मा, अशोक श्रीवास्तव, राम आसरे द्विवेदी, राज कुमार पटवा, हरिशंकर यादव, आलोक विश्वकर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश यादव, सतीश आदि ने बिचार व्यक्त किया। संचालन विनय प्रिय पाण्डेय ने किया। धरने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका गया और अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

# सह-शैक्षिक गतिविधियों के बिना सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं : फादर पी विक्टर

जनसंदेश न्यूज


पुरस्कृत हुए बच्चों के साथ फादर

**समारोह**

**सह-शैक्षिक गतिविधियों में रेड हाउस प्रथम स्थान पर**

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर में इस सत्र के सह-शैक्षिक गतिविधियों का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल कैप्टन श्रेया, आंजनेश दुबे एवं स्कूल वाइस कैप्टन यशोवर्मन मिश्र तथा श्रेया ने स्कूल के ध्वज को विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर को समर्पित किया। फादर ने सत्र समापन की घोषणा की। इस सत्र में रेड हाउस पहले स्थान पर रहा।

प्रधानाचार्य ने रेड हाउस के मास्टर सौरभ सिन्हा, हाउस मिस्ट्रेस समीना फारूकी, हाउस कैप्टन जाह्नवी तिवारी, धीरज राजभर एवं वाइस कैप्टन स्मृति अस्थाना तथा जयदेव को विजेता पदक देकर सम्मानित किया। दूसरे स्थान पर येलो हाउस रहा जिसके मास्टर नीरज मिश्र, अरविंद कुमार मिश्र, मिस्ट्रेस प्रियंका श्रीवास्तव हाउस कैप्टन, अमिताभ पाठक एवं लुबाबा आसिफ को प्रधानाचार्य ने उपविजेता पदक से सम्मानित किया। तीसरे स्थान पर ब्लू हाउस रहा जिसके हाउस मास्टर प्रवीण कुमार उपाध्याय, रामजी तिवारी, मिस्ट्रेस नुरूस सबा, जया सिंह एवं हाउस कैप्टन स्टेफी कुशवाहा, रवि रंजन, वाइस कैप्टन सुभांग मिश्रा एवं कावेरी ने पदक ग्रहण किया। चौथे स्थान पर ग्रीन हाउस रहा जिसके मास्टर पीएस यादव, हाउस मिस्ट्रेस चंचल सिंह, प्रियंका सिंह एवं हाउस कैप्टन अजुर्मंद काबा, अंकित कुजूर, वाइस कैप्टन रोशन एवं अपर्णा रहे। इसी क्रम में प्रधानाचार्य ने वर्ष भर में आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस समारोह के बाद कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई दिया गया। इस समारोह में फादर द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। फादर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सह-शैक्षिक गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं, इनके बिना बच्चों का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं। कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए फादर ने कहा कि परीक्षा के लिए मनोयोग से तैयारी करें और अपने लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ाएँ।

# सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण


निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह व ईओ अनिल कुमार सिंह

**जफराबाद।** नगर पंचायत कचगांव के सीमांतर्गत मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनातर्गत में चल रहे निर्माण कार्यों का नगर पंचायत के प्रशासक व सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगांव अनिल कुमार सिंह के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण में सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ ने कार्य करवाने वाले ठेकेदार को निर्देश दिया कि कार्य मानक के अनुसार उचित गुणवत्ता पूर्ण ही होना चाहिए। किसी भी प्रकार की नगर के लोगों द्वारा शिकायत नहीं आनी चाहिए। ईओ अनिल कुमार सिंह ने सफाई कर्मियों को वार्डों में नियमित रूप से साफ-सफाई व कूड़ा निस्तारण के लिए निर्देश दिया। इस दौरान लिपिक आसिफ खान, दिवाकर उपाध्याय, नितेश सिंह, कामेश्वर सिंह, उपेंद्र, आनंद, कृष्ण कुमार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शुभम ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में जीता मेडल

**केराकत।** सिहौली गांव के निवासी शुभम यादव ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन टूनामेंट में मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। गुजरात के गांधीनगर में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक चले इस टूर्नामेंट में शुभम यादव को ब्रोंज मेडल मिला। इस टूर्नामेंट में सिविल सर्विसेज की सारी टीमें आई थी। ऑल ओवर इंडिया के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, ऑडिट डिपार्टमेंट, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट, सचिवालय स्टेट टीमे आई थीं जिसमें आरएसबी चंडीगढ़ गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल कोलकाता और ब्रॉन्ज मेडल आरएसबी इंफाल को मिला। आरएसबी इंफाल में विद्यासागर सलाम, शुभम यादव, एमसन, राणा बरुआ और टीम मैनेजर रंजीत थे। शुभम के कोच रंजीत ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मेडल लगना बहुत ही बड़ी बात है और आरएसबी इंफाल का पहली बार ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज में मेडल लगा है। उनके आवास पर माता-पिता को लोगों ने पहुंचकर ढेर सारी बधाई दी।



# झूठ का चमत्कार करने में माहिर है भाजपा : रिबू


पत्रकारों से वार्ता करती सपा की महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव

**स्वागत**

**जनपद आगमन पर सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के जनपद आगमन पर वाजिदपुर तिराहे पर जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया है, अब सबको धोखा दे रही है। ये तमाम सवाल समाजवादी पार्टी के लोग उठाते रहे हैं। महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा सबसे ज्यादा समाजवादी सरकार में रहा है। आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित समझती हैं। ऐसे तमाम मुद्दे हैं जिसको लेकर संघर्ष करूंगी। समाजवादियों ने कभी किसी को अपमानित नहीं किया है, सबको स्वीकार किया। हम लोग भगवान विष्णु से लेकर उनके जितने अवतार है, सबका सम्मान करते हैं। सभी धार्मिक ग्रन्थों का सम्मान करते है। उन्होंने कहाकि संविधान भी हमारा धर्म है, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डा. राम मनोहर लोहिया ने कोशिश किया कि जातियां खत्म हो जायें। नेताजी कोशिश करते रहे जातीय भेदभाव खत्म हो, लेकिन कुछ चीजों में सच्चाई है उसे स्वीकार करना पड़ेगा। लोगों को बीजेपी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि वह मायावी पार्टी है कब क्या मुद्दा उठा दे पता नहीं चलेगा। भाजपा झूठ का चमत्कार करने में माहिर है। कहा कि जौनपुर में जितने भी विकास दिख रहे है सब समाजवादी सरकार में हुए हैं। समाजवादी सरकार में बने मेडिकल कॉलेज भाजपा सरकार ने खंडहर के रूप में परिवर्तित कर दिया है। नाम बदल दिया नाम बदलने से विकास नहीं होता है। ये देश का बड़ा सवाल है, एक दिन में समझने से नहीं होगा। स्वागत में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रुक्सार अहमद, पूनम मौर्या, दीपचंद राम, राजेश यादव, अलमास सिद्दीकी तौफीक अहमद, रामाशंकर यादव, सोनी यादव, राजबहादुर राम, अशफाक आदि लोग उपस्थित रहे।

### गो-वंश तस्कर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**गभिरन।** खुटहन पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान गो-वंश तस्कर को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि एसआइ सर्वजीत व उनके हमराही जगबंदनपुर गांव स्थित बुढ़ऊ बाबा मंदिर के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गो-वंश तस्कर सोहराब निवासी बीरी समसुद्दीनपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व कारतूस मिला। आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपित का चालान कर दिया। आरोपित के विरुद्ध खुटहन व खेतासराय थाना में गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, साजिश रचने, गो-वध निवारण अधिनियम की धाराओं में छह मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल सुदर्शन यादव, महेंद्र प्रताप सिंह यादव, कांस्टेबल आशीष यादव व राजेंद्र कुमार रहे।